kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-14 ❐ अंक-06 ❐ रविवार, 02 फरवरी 2025 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में आठ नक्सलियों को मार गिराया 11

महाकुम्भ में संतों को 'संघ' के कार्यों का बोध करा रहा आरएसएस 12

## बजट के मुख्य बिन्दु

- ❐ उधारियों के अलावा कुल प्राप्तियां 34.96 लाख करोड़ रुपये
- ❐ कुल व्यय क्रमश 50.65 लाख करोड़ रुपये
- ❐ निवल कर प्राप्तियां 28.37 लाख करोड़ रुपये
- ❐ राजकोषीय घाटा जीडीपी का 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान
- ❐ सकल बाजार उधारियां 14.82 लाख करोड़ रहने का अनुमान
- ❐ वित्त वर्ष 2025-26 में कैपेक्स व्यय 11.21 लाख करोड़ रुपये (जीडीपी का 3.1 प्रतिशत) का अनुमान
- ❐ प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना
- ❐ विकासशील कृषि जिला कार्यक्रम
- ❐ दलहन आत्मनिर्भरता मिशन
- ❐ बिहार में मखाना बोर्ड
- ❐ राष्ट्रीय उच्च पैदावार बीज मिशन
- ❐ कपास उत्पादकता मिशन
- ❐ नामरूप असम में 12.7 लाख टन की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला एक संयंत्र स्थापित होगा
- ❐ एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और कारोबार की सीमा बढ़ाकर क्रमशः 2.5 और दो गुना
- ❐ 10,000 करोड़ रुपए के नए अंशदान के साथ निधियों के नए कोष की स्थापना
- ❐ पांच लाख महिलाओं अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के पहली बार के उद्यमियों के लिए दो करोड़ रुपए तक का सावधि ऋण
- ❐ फुटवियर और लेदर क्षेत्रों के लिए फोकस उत्पाद योजना
- ❐ भारत को 'वैश्विक खिलौना केंद्र' बनाने की योजना
- ❐ बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी उद्यमशीलता और प्रबंधन संस्थान स्थापना
- ❐ राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की स्थापना
- ❐ सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण
- ❐ सरकारी स्कूलों में 50000 अटल टिंकरिंग प्रयोगशालाएं स्थापित
- ❐ सरकारी माध्यमिक स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) के लिए ब्रॉडबैण्ड कनेक्टिविटी
- ❐ भारतीय भाषा पुस्तक योजना की घोषणा
- ❐ राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र
- ❐ पांच राष्ट्रीय कौशल उत्कृष्टता केंद्र स्थापित
- ❐ पांच आईआईटी में अतिरिक्त अवसंरचना का सृजन
- ❐ 500 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय से कृत्रिम बुद्धिमत्ता संबंधी एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित
- ❐ मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में 75000 और सीटें बढ़ाने कार्यक्रम
- ❐ सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर केंद्र
- ❐ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म कामगारों के कल्याण के लिए सामाजिक सुरक्षा योजना
- ❐ अवसंरचना के लिए राज्यों को सहायता
- ❐ राज्यों को 50 वर्ष के ब्याजमुक्त ऋण के लिए डेढ लाख करोड़ रुपए के आवंटन का प्रस्ताव
- ❐ परिसंपत्ति मौद्रीकरण योजना 2025-30
- ❐ 10 लाख करोड़ रुपए की पूंजी हेतु 2025-30 के लिए दूसरी योजना
- ❐ जल जीवन मिशन 2028 तक बढ़ाया गया

# 12 लाख तक की इनकम टैक्स फ्री

## मध्यम वर्ग को राहत, कृषि और निवेश को प्रोत्साहन, बिहार को सौगात

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आम बजट 2025-26 में मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देने के साथ ही अर्थव्यवस्था को गति देने वाले चार इंजनों कृषि, एमएसएमई, निवेश तथा निर्यात को विशेष प्रोत्साहन देने के उपायों करते हुए बिहार के लिए कई घोषणायें की है।

बजट में वित्त मंत्री ने 12.75 लाख रुपए तक की आय वाले करदाताओं और वेतनभोगियों के लिए शून्य कर के प्रावधान के साथ साथ किराये से प्राप्त पर आय और बुजुर्गों की ब्याज से आय पर टीडीएस की कटौती की सीमा बढ़ाने के उपाय किये हैं। उन्होंने एमएसएमई इकाईयों को नयी परिभाषा दी है जिसमें उनके निवेश और कारोबार की सीमा 2.5 गुना और दो गुना हो गयी है। श्रीमती सीतारमण ने शनिवार को संसद में तेलुगु कवि और नाटककार गुरजादा अप्पा राव की प्रसिद्ध पंक्ति, -'एक देश सिर्फ उसकी मिट्टी नहीं है; एक देश उसके लोग हैं'- को उद्धत किया और सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करते हुए ह्लसबका विकासङ्क थीम के साथ केंद्रीय बजट 2025-26 पेश किया। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए वित्त मंत्री ने कहा कि उधार के अलावा कुल प्राप्तियां और कुल व्यय क्रमशः 34.96 लाख करोड़ रुपये और 50.65 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है। शुद्ध कर प्राप्तियाँ 28.37 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। चालू वित्त वर्ष में उधार के अलावा कुल प्राप्तियों का संशोधित अनुमान 31.47 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से शुद्ध कर प्राप्तियां 25.57 लाख करोड़ रुपये हैं। कुल व्यय का संशोधित अनुमान 47.16 लाख करोड़ है, जिसमें से पूंजीगत व्यय लगभग 10.18 लाख करोड़ रुपये है। राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान 2024-25 सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 4.8 प्रतिशत है जबकि बजट 2025-26 में जीडीपी का 4.4 प्रतिशत होने का अनुमान है। राजकोषीय समेकन को जारी रखने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार हर साल राजकोषीय घाटे को इस तरह बनाए रखने का प्रयास करती है कि केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी के प्रतिशत के रूप में घटता रहे और इसके लिए अगले छह वर्षों के लिए विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया है। वित्त मंत्री ने विकसित भारत के सिद्धांतों को रेखांकित किया, ● शेष पेज 11 पर



### बजट

- ❐ 18 लाख रुपये तक की आय पर 70,000 रुपये की बचत
- ❐ 25 लाख रुपये तक की आय पर 1.10 लाख रुपये की बचत
- ❐ नया टैक्स कानून अगले सप्ताह संसद में पेश होगा
- ❐ किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा 3 से 5 लाख रुपये हुई
- ❐ 2015 के बाद बने आईआईटी में 6,500 नई सीटें बढ़ेंगी

### बजट विकास की रफ्तार बढ़ाने वाला

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यह बजट विकास की रफ्तार बढ़ाने, समग्र विकास करने, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ाने, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करने और मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। बजट 2025-26 विकास की रफ्तार बढ़ाने, समग्र विकास, निजी क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए, घरेलू संवेदनाओं को मजबूत करने के लिए, मध्यम वर्ग की खर्च करने की क्षमता को बढ़ाने के बिंदुओं पर आधारित है।

### टीडीएस-टीसीएस का सरलीकरण

टीडीएस की सीमा में बदलाव किए जाएंगे ताकि इसमें एकरूपता लाई जा सके। वरिष्ठ नागरिकों के लिए टीडीएस में छूट की सीमा को 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख रुपये किया जाएगा। किराए से होने वाली आमदनी पर टीडीएस में छूट की सीमा को बढ़ाकर छह लाख रुपये किया जाएगा। नॉन-पैन मामलों में उच्च टीडीएस के प्रावधान लागू रहेंगे। अपडेटेड रिटर्न दाखिल करने की सीमा को दो साल से बढ़ाकर चार साल किया जा रहा है।

### नया आयकर कानून आएगा

अगले हफ्ते नया आयकर कानून लाया जाएगा। आयकर के मामले में इस बात पर जोर दिया जाएगा कि पहले विश्वास करें, फिर छानबीन करें। बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 74% से बढ़ाकर 100% किया जाएगा। इससे बीमा कंपनियां द्वारा ग्राहकों से मिलने वाली पूरी प्रीमियम राशि को भारत में ही निवेश कराना सुनिश्चित किया जा सकेगा। जन विश्वास बिल 2.0 के तहत 100 से ज्यादा प्रावधानों को अपराध के दायरे से हटाया जाएगा।

### एससी-एसटी महिला उद्यमियों के लिए नई योजना का एलान

एससी, एसटी महिला उद्यमियों के लिए एक नई योजना शुरू की जाएगी, जिसमें अगले पांच वर्षों में 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन होगा।

# आम बजट से हर वर्ग की आकांक्षाएं होंगी पूरीः मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल के पहले बजट को आम नागरिकों को समर्पित बताते हुए कहा कि इस बजट से किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों सहित हर वर्ग की आकांक्षाएं पूरी होंगी और देश की विकास यात्रा भी तेज होगी।

श्री मोदी ने आम बजट 2025-26 पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, आज भारत के विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। ये 140 करोड़ भारतीयों के आकांक्षाओं का बजट है, ये हर भारतीय के सपनों को पूरा करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि हमने कई सेक्टर युवाओं के लिए खोल दिए हैं। ये विकसित भारत के मिशन को ड्राइव करने वाला है, ये बजट प्रगति को कई गुना बढ़ाने वाला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकार का खजाना कैसे भरेगा, लेकिन ये बजट उससे बिलकुल उल्टा है। ये बजट, देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी और देश के नागरिक विकास के भागीदार कैसे बनेंगे।ये बजट इसकी एक बहुत मजबूत नींव रखता है। श्री मोदी ने कहा कि आज देश 'विकास भी, विरासत भी' के मंत्र को लेकर चल रहा है। इस बजट में इसके लिए बहुत महत्वपूर्ण और ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट में एक करोड़ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए 'ज्ञान भारत मिशन' को शुरू किया गया है। सुधारों के संदर्भ में इस बजट में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्ज़ा में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना ऐतिहासिक है। यह देश के विकास में असैन्य परमाणु ऊर्ज़ा का बड़ा योगदान सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा बुनियादी ढांचे के लिए आवंटन से देश में बड़े जहाजों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, यह आत्मनिर्भर पहल को तेज करेगा। जहाज निर्माण एक ऐसा क्षेत्र है जो ● शेष पेज 11 पर

# बजट में पंजाब को अनदेखा किया गया : भगवंत मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि केंद्रीय बजट में एक बार फिर पंजाब को अनदेखा किया गया।

श्री भगवंत मान ने शनिवार को बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए 'एक्स' पर कहा, 'केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट में एक बार फिर पंजाब को अनदेखा किया गया। पंजाब के किसानों, नौजवानों को केंद्र सरकार ने कुछ भी नहीं दिया है। केंद्र द्वारा न तो किसानों को फ़सल पर एमएसपी दी गई, न ही राज्य को किसी इंडस्ट्री के लिए पैकेज दिया गया। पंजाब को ऐसा कुछ नहीं दिया गया जो उसके आर्थिक और भविष्य में सुधार ला सके। उन्होंन कहा 'यह बजट केवल चुनावी बजट है, जिसमें केवल बिहार राज्य के लिए ही घोषणा हैं। एक बार फिर बजट में केंद्र सरकार ने पंजाब और पंजाबियों के साथ सौतेला व्यवहार किया है। पर पंजाब को हम अपने बलबूते पर पैरों पर खड़े करके रहेंगे।



### बजट से उम्मीदें पूरी नहीं हुईः केजरीवाल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि उन्होंने अरबपतियों के कर्ज के संबंध में जो मांग की थी, वह वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में पूरी नहीं हुई, जिससे उन्हें दुख हुआ है। श्री केजरीवाल ने 'एक्स' पर कहा, 'देश के खजाने का एक बड़ा हिस्सा चंद अमीर अरबपतियों के क़र्ज़े माफ़ करने में चला जाता है।

## स्वास्थ्य सेवा के लिए करीब एक लाख करोड़ रुपए

नयी दिल्ली। वित्त वर्ष 2025-26 के आम बजट में स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के लिए पहली बार तकरीबन एक लाख करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संसद में पेश केंद्रीय बजट में कहा कि देश में स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढ़ांचे का विस्तार होगा और अगले तीन वर्ष में सभी जिलों के कैंसर देखभाल केंद्र खोले जाएंगे। केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में पहली बार 99 हजार 857 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें से 95 हजार 957 करोड़ रुपए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को दिये गये है जबकि 3900 करोड़ रुपए स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुसंधान के लिए आवंटित किये गये हैं। श्रीमती सीतारमण ने शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश करते हुए कहा कि अगले तीन साल में देश के सभी जिलों में कैंसर देखभाल केंद्र शुरु किये जाएंगे। इनमें से 200 केंद्र वित्त वर्ष 2025-26 में शुरु हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि गिग कामगारों को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा सुविधा दी जाएगी।

# विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा बजट : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भनगर/लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट 2025-26 की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि 2025-26 के बजट में भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और आम नागरिकों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाने गए हैं। इस बजट में सरकार ने हर वर्ग, खासतौर पर गरीब, युवाओं और महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की है, जो उनकी उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करेंगे। इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इसे ज्ञान का बजट बताकर केवल चार अक्षरों में इसे परिभाषित कर दिया। गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति को शक्ति देने से ही देश आत्मनिर्भर और विकसित बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में देश की अर्थव्यवस्था दुनिया की सभी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ रही है। इस बजट से अर्थव्यवस्था को पंख लगेंगे। राज्यों को इंफ्रास्ट्रक्चर विकास के लिए ब्याज मुक्त लोन मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि मध्यम वर्ग को बड़ी राहत प्रदान करते हुए प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्राविधानों की घोषणा स्वागत योग्य है। किसानों, मछुआरों, मत्स्य पालन और डेयरी किसानों को पांच लाख तक कर्ज, सस्ते ब्याज पर किसानों को कर्ज, कपास प्रोडक्शन मिशन, सब्जी, फल की पैदावार बढ़ाने पर बल और आंगनबाड़ी 2.0 प्रोग्राम का ऐलान गरीबों, किसानों और महिलाओं के लिए लाभकारी साबित होगा। सीएम योगी ने कहा कि सबसे अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सर्व समाज के साथ ही समाज के आखिरी पंक्ति में बैठे लोगों के हितों का भी ध्यान रख रही है। अगले 5 वर्ष में 05 लाख महिलाओं, ● शेष पेज 11 पर



- ❐ देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के संकल्प पथ पर तेज गति से ले जाने वाला है बजट
- ❐ प्रत्यक्ष कर प्रणाली के संबंध में नए प्राविधानों की घोषणा स्वागत योग्य


## भारत ने एक दशक में 174 फीसदी रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन बढ़ाकर इतिहास रचा

# रक्षा मंत्रालय को 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय सशस्त्र बलों को 2047 तक 'आत्मनिर्भर' बनाने के साथ 'विकसित भारत' का सपना पूरा करने के लिए केंद्रीय बजट का 13.45 फीसदी हिस्सा रक्षा मंत्रालय को दिया गया है। शनिवार को संसद में पेश किये गए केंद्रीय बजट में रक्षा मंत्रालय को 6,81,210.27 करोड़ रुपये आवंटित किये गए हैं। यह वित्त वर्ष 2024-25 के बजटीय अनुमान से 9.53 फीसदी अधिक और अन्य सभी मंत्रालयों में सबसे अधिक है। भारत ने वित्त वर्ष 2023-24 में 1.27 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड रक्षा उत्पादन करके एक दशक में 174 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि की है। इसी तरह निर्यात 21,083 करोड़ तक पहुंचाने के साथ वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करके आयात पर निर्भरता कम की है।

मंत्रालय के अनुसार आवंटित बजट में से 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये यानी कुल आवंटन का 26.43 फीसदी रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत व्यय पर खर्च किया जाएगा। सशस्त्र बलों के लिए आवंटन 3,11,732.30 करोड़ रुपये है, जो कुल आवंटन का 45.76 फीसदी है। रक्षा पेंशन को 1,60,795 करोड़ रुपये यानी 23.60 फीसदी और शेष 28,682.97 करोड़ रुपये यानी 4.21 फीसदी रक्षा मंत्रालय के तहत नागरिक संगठनों के लिए है। इसमें से 1,48,722.80 करोड़ रुपये पूंजी अधिग्रहण पर खर्च करने की योजना है, जिसे सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण बजट कहा जाता है। शेष 31,277.20 करोड़ रुपये अनुसंधान एवं विकास तथा देश भर में बुनियादी ढांचागत परिसंपत्तियों के निर्माण पर पूंजीगत व्यय के लिए है। रिकॉर्ड रक्षा उत्पादनः वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का घरेलू रक्षा उत्पादन 1.27 लाख करोड़ तक पहुंच गया, जो एक रिकॉर्ड ऊंचाई है। यह 2014-15 में 46,429 करोड़ से लगभग 174 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि है।भारत चालू वित्त वर्ष में रक्षा उत्पादन में 1.75 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। भारत का लक्ष्य 2029 तक रक्षा उत्पादन में 3 लाख करोड़ तक पहुंचना है, जिससे वह वैश्विक रक्षा विनिर्माण केंद्र के रूप में खुद को स्थापित कर सके।




रक्षा निर्यात में उछालः भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2014-15 में 1941 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की तुलना में रक्षा निर्यात में 32.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। पिछले एक दशक में रक्षा निर्यात 21 गुना बढ़ा है,जो वैश्विक रक्षा क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।सरकारी नीतिगत सुधारों, व्यापार करने में आसानी की पहल और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित होकर भारत अब 100 से अधिक देशों को निर्यात करता है।भारत के पास 2023-24 मेंरक्षा निर्यात के लिए शीर्ष तीन गंतव्य अमेरिका, फ्रांस और आर्मेनिया थे। अब 2029 तक रक्षा निर्यात 50 हजार करोड़ रुपये तक बढ़ाने का लक्ष्य है, जो भारत की विश्वसनीय वैश्विक रक्षा भागीदार बनने की महत्वाकांक्षा है।

निर्यात पोर्टफोलियोः भारत के निर्यात पोर्टफोलियो में बुलेटप्रूफ जैकेट, डोर्नियर-228 विमान, चेतक हेलीकॉप्टर, तेज इंटरसेप्टर बोट और हल्के टॉरपीडो जैसे उन्नत उपकरण शामिल हैं।रूसी सेना के उपकरणों में 'मेड इन बिहार' बूटों को शामिल करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि थी, जिसने वैश्विक रक्षा बाजार में भारत के उच्च विनिर्माण मानकों को उजागर किया।भारत के रक्षा क्षेत्र में 2014 के बाद से उल्लेखनीय परिवर्तन हुए हैं, जिससे बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर भारतीय सैन्य बल आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उत्पादन पर केंद्रित हो गए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज पेश किये गए केन्द्रीय बजट पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप बजट पेश करने के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में समाज के गरीब वर्गों को सशक्त बनाने से लेकर किसानों, एमएसएमई से लेकर उद्योगों तक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी उन्नत तकनीकों में अनुसंधान को भी मजबूत किया गया है। बजट में मध्यम और वेतनभोगी वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस बजट में और बढ़ावा मिला है। ● शेष पेज 11 पर

# महाकुंभ में आस्था का समंदर जस का तस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ नगर। महाकुंभ में गंगा,यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान करने वालों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है और शनिवार को सुबह दस बजे तक करीब 90 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में पवित्र डुबकी लगा ली थी जिसमें दस लाख कल्पवासी भी शामिल हैं।

इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन फरवरी को बसंत पंचमी पर होने वाले अमृत स्नान पर्व के मद्देनजर आज सुबह महाकुंभ मेला क्षेत्र का हवाई निरीक्षण किया। मेला क्षेत्र में लाखों लोग संगम क्षेत्र की ओर बढ़ते दिखायी दे रहे हैं। संत महात्माओं का कहना है कि महाकुंभ के अवसर पर तीर्थराज प्रयागराज के किसी भी घाट पर स्नान का पुण्य फल मिलेगा। उन्होने अपील की कि श्रद्धालु अपने निकट के घाट पर स्नान ध्यान करें और भीड़ से बचें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह हेलीकाप्टर से मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और अधिकारियों को जरुरी दिशा निर्देश दिये। अधिकृत जानकारी के अनुसार आज सुबह दस बजे तक 89 लाख 75 हजार श्रद्धालु त्रिवेणी में पवित्र स्नान कर चुके थे जिसे मिलाकर अब तक 31 करोड़ 46 लाख से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ के दौरान संगम स्नान कर चुके हैं। उधर,मेला क्षेत्र में बसंत पंचमी स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा के मद्देनजर तमाम इंतजाम किये गये हैं। स्नान पर्व पर मेला क्षेत्र समेत समूचे प्रयागराज में वाहनो का प्रवेश निषेध रहेगा। सिर्फ पुलिस प्रशासन के वाहन और एबुंलेंस को मेला ● शेष पेज 11 पर

❐ योगी ने किया हवाई सर्वेक्षण



उपराष्ट्रपति ने लगाई कुंभ में डुबकी

# संविधान के सम्मान में करछना में हुआ संविधान पदयात्रा का आगाज

**❐ संविधान पदयात्रा में संविधान के लिए 75 दिन पैदल चलेंगे आईपी रामबृज**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

करछना प्रयागराज। डा. अम्बेडकर वेलफ़ेयर नेटवर्क (डान) के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने भारतीय संविधान के सम्मान में ''संविधान के लिए चलो'' ('वॉक फॉर संविधान') अभियान के तहत पचहत्तर दिनों के लिए पैदल चलने की चुनौती शनिवार को विकास खण्ड करछना में सैकड़ों की संख्या में उपस्थित डान के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ली है। आईपी रामबृज एक फरवरी से आगामी 14 अप्रैल 2025 तक यानि पचहत्तर दिनों तक प्रतिदिन कम से कम दो किलोमीटर पैदल चलेंगे। डान संस्थापक आईपी रामबृज संविधान के सम्मान में यमुनापार की तहसील बारा, करछना, मेजा और कोरांव से संविधान समर्थक बहुजनो से कम से कम दस लोगों को साथ चलने के लिए प्रोत्साहित किया, जिन बहुजनों को पचहत्तर दिनों की पैदल चलने की चुनौती में शामिल होना है वे सभी अम्बेडकरवादी संविधान समर्थक डा. अम्बेडकर वेलफ़ेयर नेटवर्क (डान) द्वारा प्रयागराज के यमुनापार में चलाए जा रहे जमीन और उद्योगों के राष्ट्रीयकरण के राष्ट्रव्यापी अभियान के साथ साथ ''संविधान के लिए चलो'' का भी राष्ट्रव्यापी अभियान का समर्थन करते हुए अभियान से लोगो को जुड़ने का आह्वान किया। अभियान के तहत किसी भी क्षेत्र के दस लोगों को इस कार्यक्रम में शामिल करेंगे और दस संविधान समर्थक मित्रों के साथ एक फरवरी से 14 अप्रैल 2025 तक प्रतिदिन यमुनापार के किसी भी गांव में ''संविधान पदयात्रा'' निकालेंगे। जो लोग इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेना चाह रहे है वे अपने संविधान पदयात्रा का वीडियो, फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करके अन्य मित्रों को प्रेरित करने का काम करे। पूछे जाने पर आईपी रामबृज ने बताया कि यह अभियान देश के सभी नागरिकों को भारत के संविधान के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के साथ-साथ अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। इसके लिए प्रत्येक भारतीय नागरिक इस अभियान में शामिल होकर संविधान के मूल्यों को मजबूत करने में अपना योगदान देने के लिए आमंत्रित किया है। बैठक में राजू राव, राम प्यारे, बजरंगी लाल, भईयन मालती, प्रीती, कंाति, पान कली, सूर्यकली, पुष्पा, गुलाब देवी, गीता, सोनी, मुन्नी, उमा, सीमा, सावित्री, गेंदा, गुड्डी, सन, धनराजी के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# राजश्व विभाग के अभिलेखों मे दर्ज दो तालाब की भूमि पर राजश्व विभाग ने करा दिया कब्जा

**❐ तालाब की 20 बीघा जमीन पर बन गया आलीशान मकान नही हुई कार्रवाही**



कोरांव प्रयागराज । कोरांव तहसील क्षेत्र के नैड़ी लापर गांव मे दो बड़े तालाब है आसपास के लोगो ने बताया की एक तालाब 36 बीघा के लगभग है जिसमे 15 बीघा के लगभग कब्जा कर लिया गया है दूसरा सटा हुआ तालाब 18 बीघा के लगभग है इसमें 4 बीघा के लगभग कब्जा कर लिया गया यानि दोनों का मिलाकर 19 बीघा सरकारी तालाब की भूमि कों अतिक्रमण करके आलीशान कच्चा पक्का मकान बना लिया गया और स्थानीय हल्का लेखपाल तहसील के जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनजान बने हुये गांव के लोगो ने नाम न छापने की शर्त पर बताया की जब मकान बनाते है तो हल्का लेखपाल आकर रोकते है जैसे ही सुविधा शुल्क मिल जाता है तो सारी कार्रवाही ठंडा बस्ता मे डाल दिया जाता है यदि समय रहते हुये तालाब की सुरक्षित भूमि कों कब्जा मुक्त नही कराया गया तो वे दिन दूर नही है की तालाब का सिनाख्त ही धीरे धीरे कुछ सालो मे खत्म हो जायेगा जब अभी तहसील के आलाधिकारी कोई कार्रवाही करने सें कतरा रहे तो जब पूर्णरूप सें कब्जा हो जायेगा तो खाली कराना मुश्किल होगा जबकि उच्चन्यायालय का सख्त निर्देश है की सरकारी जमीन पर अतिक्रमण न हो यदि किसी के द्वारा कब्जा किया गया है तो उसे खाली कराये खाली न करने की दसा मे विधिक कार्रवाही किया जाय इसके बावजूद राजस्व विभाग कब्जा कराने मे मेहरबान है यह तो एक बानगी है इसी तरह जिस जिस गांव मे सरकारी जमीन है अधिकांश जमीन पर कब्जा करके मकान बना लिए है या खेती बो जोत रहे है लेकीन जिम्मेदार राजश्व विभाग अनजान बना हुआ है क्षेत्र के सम्मानित लोगो ने जिलाधिकारी प्रयागराज का ध्यान आकृस्ट कराते हुये कब्जा मुक्त कराने की माँग ।

# शंकरगढ़ में कार और मोटरसाइकिल की भिड़ंत, दादी,पोती की मौत,पुत्र की हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बारा, प्रयागराज। स्विफ्ट डिजायर कार तथा मोटरसाइकिल की सीधी भिड़ंत होने पर मोटरसाइकिल पर सवार दादी तथा पोती की मौत हो गई तथा चालक पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदा हाईवे मार्ग पर जनवा गांव के पास की है। रीवा जिले के त्योंथर तहसील के ढेखरा गांव का शिवबरन उर्फ नंदलाल शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के लेदर गांव में पूर्व सांसद केशरी देवी पटेल के खेतों की रखवाली करता है। उसके साथ उसकी पत्नी सोना देवी 50 वर्ष तथा पोती शान्वी चार वर्ष पुत्री अरुण सिंह भी रहते थे।शनिवार दिन के लगभग 11 बजे नंदलाल का पुत्र बृजेश सिंह 30 वर्ष अपनी मां सोना देवी तथा भतीजी शान्वी को मोटरसाइकिल में बैठाकर शिवराजपुर तरफ से लेदर जा रहा था। वह जैसे ही लेदर अपने खेत के पास पहुंचा उसने गाड़ी दाएं तरफ मोड़ दी। उसी समय सामने से तेज दफ्तर आ रही स्विफ्ट डिजायर ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। जिस पर तीनों छिटक कर दूर जा गिरे। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय लोग पहुंचकर 108 एंबुलेंस को कॉल कर इन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया ।जहां डॉक्टरों ने सोना देवी तथा बच्ची शान्वी को मृत घोषित कर दिया। वहीं बृजेश की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उसे निजी अस्पताल में इलाज हेतु ले गए। घटना की जानकारी शंकरगढ़ पुलिस को होने पर मौके पर पहुंचकर स्विफ्ट डिजायर कार तथा चालक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने मृतकों का पंचनामा भरकर लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मालूम हो कि नंदलाल के बड़े लड़के की एक वर्ष पहले संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। तब से उसकी पुत्री शान्वी अपने दादी के पास ही रहती थी। घर में दो-दो मौत हो जाने से नंदलाल का रो-रो कर बुरा हाल है।

# साजिशों के दौर में जब वैचारिक युद्ध छिड़ा हो तो शिक्षा सबसे बड़ा हथियार: डॉ. मान सिंह यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । समाजवादी पार्टी विधानसभा क्षेत्र का चुनाव के रामपुर उपरहार से बबुरा लकटहा सेक्टर नंबर 23 की पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम बबुरा तालिया में प्रमोद कुमार यादव के दरवाजे पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर से बोलते हुए डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि साजिशों के दौर में जब वैचारिक युद्ध छिड़ा हो तो शिक्षा सबसे बड़ा हथियार है, बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए तथा संविधान की रक्षा के लिए आप सबको एकजुट होना होगा अन्यथा यह भाजपा सरकार आपको पंग बना देगी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजी. जगदीश यादव ने कहा कि अब वह समय आ गया है कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने हम सबको इस लायक बना दिया है कि आप अपने सम्मान की रक्षा स्वयं कर सकते हैं। कार्यक्रम के अध्यक्ष ननकेश बाबू ने कहा की तरहार क्षेत्र समाजवादियों की धरती रही है और यहां हमेशा से समाजवाद का डंका बजता रहा है यदि आप लोगों ने इस क्षेत्र कि युवाओं का सहयोग किया तो आगे चुनाव में आप भारी मतों से विजयी होंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव कमलेश पुष्कर ने किया। प्रमुख रूप से मोहन लाल यादव, डॉ.उमेश यादव, राजेश यादव एडवोकेट, घनश्याम यादव, बिपिन चंद्र राव, अतुल यादव, आलोक यादव पूर्व प्रधान, राजेश्वर सिंह, मोहित यादव, गुलजारी लाल नंदा, अभय लाल,बरछी बहादुर, संगम लाल, प्रदीप विश्वकर्मा, मानिकचंद यादव, प्रेमचंद, डॉ. गिरिजा शंकर, डॉ. विजय, मनीष यादव, पुष्पेंद्र, प्रिंस, राज नारायण, मुन्नी लाल, मंगलेश, दुर्गा प्रसाद, मुकेश, शिवानी विश्वकर्मा, अरुण, राकेश, भोला नाथ सहित सैकड़ो समाजवादी लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को मुख्य अतिथि ने माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू ने नेता जी मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम मे बाबा साहब अमर रहे! नेताजी अमर रहे! समाजवादी पार्टी जिंदाबाद! अखिलेश यादव जिंदाबाद के गगन भेदी नारे लगते रहे। मुख्य अतिथि का माल्यार्पण, कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद कुमार यादव ने किया। इसके पूर्व डॉ. मानसिंह यादव ने ए.एस. स्टडी प्वाइंट का फीता काटकर उद्घाटन किया। विद्यालय के प्रबंधक घनश्याम यादव ने मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शिक्षा पर जोर देते हुए डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि यदि आप शिक्षा का सुधार कर लेते हैं तो अगली पीढ़ी आपकी प्रगति का रास्ता अपना सकती है। मुख्य अतिथि का विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं माल्यार्पण कर का स्वागत किया बच्चों द्वारा छोटे छोटे मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

## घर में घुसकर चाकू से हमला करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने भेजा जेल



**ठाकुरगंज कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के मल्हपुर इलाके में मामूली कहासुनी के बाद तीन युवकों ने राजेश कुमार के घर में घुसकर लाठी, डंडे और चाकू से हमला कर दिया। जिससे वह और उनके परिवार के सदस्य घायल हो गए। राजेश कुमार ने बताया कि उनके परिवार के सदस्य घर के बाहर थे। तभी तीन युवकों ने उनके घर पर हमला किया। इस हमले में एक आरोपी की पहचान रोहित यादव के रूप में हुई है। जबकि अन्य दो आरोपी उसके दोस्त बताए जा रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी शुभम त्यागी ने त्वरित कार्रवाई की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# एलएसए कंपनी के लिए भारी गुजरा पहला दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। एलएसए कंपनी द्वारा साफ सफाई का ठेका लेने के बाद कार्य करने के लिए मैदान में उतरते ही पहला दिन एलएसए कंपनी के लिए भारी गुजरा। कंपनी के लोगों द्वारा शनिवार को साफ सफाई का कार्यभार संभालते ही नगर निगम के सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर हड़ताल कर दी। एलएसए कंपनी के ठेकेदारों द्वारा सफाई कर्मचारियों से जब जबरन काम करवाने की कोशिश की गई तो सफाई कर्मचारियों ने हंगामा शुरू कर दिया। बता दें की जोन 2, 5 व 8 के अलावा अन्य सभी जोनों में साफ सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी रैमकी कंपनी को सौंपी गई है। जिसके चलते एलएसए कंपनी के लोग चार्ज सँभालने के लिए बिना किसी नगर निगम के अधिकारी या कर्मचारी को साथ लिए ही पहुंघे थे। सफाई कर्मियों का आरोप था कि एलएसए कंपनी के ठेकेदार ने महिला कर्मचारियों से काम करवाने के लिए अभद्रता की जिससे कर्मचारियों में भारी आक्रोश फैल गया और सफाई कर्मियों ने एलएसए कम्पनी के ठेकेदार को पकड़ कर चौक पुलिस के हवाले कर दिया जिसके बाद एलएसए कम्पनी के कर्मचारियों द्वारा अपनी गलती मानते हुए माफी मांगी गई तब जाकर मामला रफा दफा हुआ। लेकिन इसके बाद सफाई कर्मचारियों ने एलएसए कम्पनी के लोगों के काम कराने के इस तरीके को लेकर जमकर विरोध शुरू कर दिया। जिसके बाद सैकड़ो की संख्या में सफाई कर्मियों ने नगर निगम ज़ोन 6 के कार्यालय पहुंच कर कार्यालय को घेर कर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामे की सूचना मिलते ही एसीपी चौक व थाना ठाकुरगंज के थाना प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और स्थिति को नियंत्रित किया। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही अपर नगर आयुक्त अरविंद कुमार राव ज़ोन 6 कार्यालय पहुंचे और जोनल अधिकारी की मौजूदगी में यहाँ पहुंचे कई पार्षदों और कर्मचारियों से बातचीत कर समाधान निकालने की कोशिश की लेकिन उनका यह प्रयास विफल रहा और कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसके बाद सभी कर्मचारी व कई पार्षद लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय पर पहुंच गए लखनऊ स्वच्छता अभियान को साफ सफाई का कार्य सौंपे जाने के विरोध में एवं सदन में प्रस्ताव पारित कर एक प्रक्रिया के तहत कार्य सौंपे जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शन कर रहे पार्षदों से वार्ता करने महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त ख़ुद कई बार पहुंचे किन्तु वार्ता का कोई हल नहीं निकल सका और सोमवार को उन्हें बातचीत के लिए दोबारा बुलाया गया है।

**पूरे मामले पर क्या बोलीं महापौर**

महापौर सुषमा खर्कवाल का कहना था की हम लखनऊ को स्वच्छ बनाने के लिए हर प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में कोई रुकावट नहीं आने देंगे। पार्षदगणों से हम वार्ता कर हल निकालेंगे। लखनऊ की जनता को हम किसी भी तरह असुविधा नहीं होने देंगे। हमारा नारा है स्वच्छ लखनऊ, स्वस्थ्य लखनऊ।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए कई इंजीनियर व कर्मचारी हुए सम्मानित



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कहते हैं यदि आप सेवा भाव से अच्छे ढंग व ईमानदारी और लगन से कोई भी कार्य करेंगे तो उसका फल भी आपको अच्छा ही मिलेगा यदि आप अपनी नौकरी भी पूरी ईमानदारी और लगन से करेंगे तो उसके लिए भी आपको सम्मान से नवाज़ा जाएगा। शनिवार को भी पूरी ईमानदारी और लगन से कार्य करने वाले बिजली विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी सम्मानित किए गए। यह सम्मान उन्हें लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियन्ता रवि कुमार अग्रवाल द्वारा दिया गया। वर्ष 2025 के प्रथम माह जनवरी 2025 में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अमीनाबाद डिवीज़न के अधिशासी अभियन्ता इं सुशील कुमार, व ठाकुरगंज डिवीजन के अंतर्गत आने वाले राधाग्राम उपकेंद्र के उपखंड अधिकारी इं रामू गुप्ता, अवर अभियंता अजय कुमार यादव, कार्यकारी सहायक नम्रता श्रीवास्तव, कम्प्यूटर आपरेटर, इफत, श्रमिक अंशु को मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया।

## वन विभाग बाघ को पकड़ने के लिए लगाए हैं दम

**काकोरी लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाघ ने अभी तक कोई जनहानि नहीं पहुंचाई है इसके बावजूद वन विभाग की टीम लगातार बाघ को पकड़ने के लिए दम लगाए हुए हैं जिसके लिए अधिकारी दिन रात एक किए हुए हैं।वन विभाग की टीम द्वारा जोन–1 सी0आई0एस0एच0 कैम्पस रहमानखेड़ा संस्थान में बाघ वन्यजीव के नये पगमार्क पाये गये, डॉ0 रेणु सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डलतथा डी0एफ0ओ0 लखनऊ सितान्शु पाण्डेय एवं डॉक्टर्स व टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान आम के बाग के पीछे झाड़ियों में मिल पदचिन्ह को ट्रेस करने के निर्देश दिये गये। आजटीम द्वारा हथिनियों सुलोचना एवं डायना के माध्यम से जोन–1 एवं जोन–2 में सघन काम्बिंग की गयी तथाजन–जागरूकता अभियान के क्रम में ग्राम नीठेनगर, हाफिजखेड़ा, कुसमौरा जमालनगर, अमेठिया सलेमपुर, मोहम्मदनगर, मऊ व हबीबपुर आदि गाँवों जन–जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया एवं लोगों को बाघ, वन्य जीव के बारे में जागरूक किया गया।

# एक वर्ष पूर्व दलित किसान से दबंगई करने वालों पर काकोरी पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एक साल बाद अनुसूचित जाति के किसान के साथ हुई धोखाधड़ी कर जमीन कब्जाने के मामले में शनिवार को न्यायालय के आदेश पर काकोरी पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच एसीपी काकोरी शकील अहमद द्वारा की जा रही है।काकोरी के वलीनगर निवासी किसान सुरेश गौतम की शिकायत पर भूमाफिया मोहम्मद अय्यूब पुत्र स्व. निसार अली निवासी-ग्राम सहिलामऊ थाना मलिहाबाद,जफर पुत्र जहरूद्दीन निवासी चौधरी मोहल्ला,काकोरी,मोहम्मद अकिल पुत्र कल्लू उर्फ रहमत अली निवासी वलीनगर,काकोरी,साईदा पत्नी अय्यूब निवासिनी ग्राम सहिलामऊ थाना मलिहाबाद व 5-6 अज्ञात के विरुद्ध मामला हुआ दर्ज किया है।जोकि पिछले एक साल से अपने रसूख के दम पर पुलिस सिस्टम पर दबाव बना रखा था।काकोरी पुलिस ने एनसीआरबी की धारा 147, 323, 504, 506, 427, 406, 420 व 3(1) (द), 3(1)(ध), 3(2)(प्थ) के तहत मामला दर्ज किया है। मोहम्मद अय्यूब करोड़ो की बेसकीमती भूमि को अपने रसूक के दम पर दलित की जमीन को हड़पने का खेल कर रहा था। पीड़ित सुरेश कुमार गौतम की काकोरी ग्राम स्थिति टाउन एरिया में पैतृक भूमि गाटा संख्या- 55/2, 69, 56, 57, 58, 68 एवं 70 मि. का सहस्वामी है।उक्त भूमि के सम्बन्ध में पूर्व में कुछ बैनामें उसके पिता ठाकुर प्रसाद एवं चाचा राजेन्द्र प्रसाद व लक्ष्मी नारायण ने भूमि गाटा सं0-69, 56, 57, 58, 68 व 70 मि. रूपेय 1 करोड़ 52 लाख में विक्रय किया था।उक्त अनुबन्ध में 18000 वर्गफिट जमीन मनोज कक्कड़, 306 वर्गमीटर राना व उनके पुत्र तल्हा को 186 वर्गमीटर भूमि विक्रय कर दी थी।इसी क्रम में 6 फरवरी 2024 को पीड़ित की पैतृक भूमि जो कि मुख्य सड़क काकोरी रोड़ से लगी हुई है जिसका खसरा 55/2 है।उस पर मोहम्मद अय्यूब अपने साथियों के साथ कुटिरचित दस्तावेजों के आधार पर जबरन ट्रेक्टर चलाकर उस पर बने रास्ते को खोद डाला व मनोज कक्कड़ की बाउन्ड्रीवाल गिरा दी थी।जिसकी शिकायत पर काकोरी पुलिस ने उक्त मामले में कोई कार्यवाही नहीं की थी।जिसके बाद पीड़ित न्यायालय की शरण में गया।पीड़ित का आरोप है कि उसके ऊपर अय्यूब और उसके साथी दबाव बनाने लगे व गन्दी-गन्दी जातिसूचक गाली देते हुए मुह में बंदूक सटाकर अय्यूब,जफर व अकील आदि धमकाने लगे कि चुप हो वरना हम यही पर ढेर कर के इसी खेत में इसी ट्रैक्टर,जेसीबी से गाड़ देंगे।प्रभारी निरीक्षक काकोरी नवाब अहमद ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार पीड़ित की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत किया गया है।जिसकी विवेचना सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी के द्वारा की जानी है। विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# बीकेटी में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। जिलाधिकारी लखनऊ विशाख जी0 ने शनिवार को बख्शी का तालाब तहसील पहुंचकर संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई किया,इस मौक़े पर उन्होंने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।उन्होंने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की प्राथमिकता है,जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है,कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करना सुनिश्चित करें। प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करायें और यदि संज्ञान में आया कि निस्तारण की गुणवत्ता से शिकायत कर्ता संतुष्ट नही है या निस्तारण में लापरवाही बरती गयी है तो सम्बन्धित के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। तहसील बीकेटी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 208 प्रकरण प्राप्त हुये,जिसमें से 45 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से तत्काल कर दिया गया।शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें।उन्होंने बताया कि शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 51 में से 12 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण,तहसील मलिहाबाद में 96 में से 14 प्रकरण का निस्तारण,तहसील बी0के0टी0 में 208 में से 45 प्रकरण का निस्तारण,तहसील मोहनलालगंज में 181 में से 26 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 115 में से 21 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया।शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को उपलब्ध करा दिये गये।जनपद में पुलिस 69,राजस्व एवम पुलिस संयुक्त 10,राजस्व 331,विकास 65,शिक्षा 3,समाज कल्याण 16,नगर निगम 09 तथा अन्य 148 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए,फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।समाधान दिवस से पहले जिलाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण तहसील परिसर का भ्रमण करते हुए सभी पटलों का भी निरीक्षण किया। खतौनी रूम,कंप्यूटर रूम, अभिलेखागार, निबंधक कार्यालय, आवासीय कैंपस,समस्त न्यायालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि तहसील स्थित आवासीय कैंपस में साफ सफाई कराते हुए वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित किया जाए और निबंधक कार्यालय दिव्यागजनों की सुविधा हेतु प्रॉपर रैंप बनवाना सुनिश्चत कराया जाए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी तहसील बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी,तहसीलदार बीकेटी, पुलिस,समाज कल्याण सहित विभिन्न स्तरों के अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# निजीकरण को बढ़ावा देने वाले बजट को उपभोक्ता नहीं करेगा स्वीकार : उपभोक्ता परिषद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की तरफ से न्यूक्लियर एनर्जी मिशन का ऐलान करते हुए 20000 करोड रुपए का बजट रखा गया उसमें आगे सरकारी नियंत्रण के साथ-साथ प्राइवेट सेक्टर कंपनियों को भी शामिल किया जाएगा ऐसा ऐलान किया गया और साथ ही राज्यों के बिजली वितरण सुधारो और अंतर राज्य ट्रांसमिशन क्षमता के संवर्धन को प्रोत्साहित करने का ऐलान भी किया गया बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिति और में सुधार केवल एक दिखावटी आम जनता को गुमराह करने वाला ऐलान है इससे यह पूरी तरह सिद्ध हो गया है कि आने वाले समय में बिजली निगमो को निजी क्षेत्र में देने की कार्यवाही तेज की जाएगी जो प्रदेश का विद्युत उपभोक्ता स्वीकार करने वाला नहीं है वित्त मंत्री की तरफ से उत्तर प्रदेश में सौभाग्य में कनेक्शन प्राप्त करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं की बिजली दरों में आगे कोई छूट दी जाए का कोई भी प्लान नहीं किया गया राज्य के डिस्काम सेक्टर को मजबूत बनाने के लिए कोई प्लान नहीं लाया गया इससे ऐसा सिद्ध होता है कि यह बजट केवल निजीकरण को बढ़ावा देने वाला है। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फ़ेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने कहा कि दो दिन पहले भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय ने केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री के नेतृत्व में मंत्री के एक समूह का गठन किया है, जिसमें 6 राज्यों के ऊर्जा मंत्री शामिल हैं । उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश, मध्य प्रदेश, मध्य राजस्थान, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु। उन्होंने आगे कहा कि मंत्रियों के समूह के संदर्भ की शर्तें भी राज्य डिस्कॉम के वित्तीय स्वास्थ्य में सुधार करना और सुधार के उपायों का सुझाव देना है। आज केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में भी वितरण सुधारों को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्रियों के समूह के माध्यम से केंद्र सरकार सुधारों को प्रोत्साहित करने के नाम पर राज्य के विद्युत वितरण निगमों के निजीकरण में तेजी लाना चाहती है दुबे ने कहा कि देश भर के बिजली कर्मचारियों और इंजीनियरों ने मुनाफ़े में चल रहे चंडीगढ़ बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों के माध्यम से अपना गुस्सा दिखाया है।

# मोहनलालगंज संपूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तावित ओवर ब्रिज को लेकर हंगामा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान फरियादियों की जनसुनवाई कर रही एडीएम प्रशासन डॉक्टर शुभी सिंह ,एसडीएम बीके वर्मा ,एसीपी रजनीश वर्मा तथा अन्य अधिकारियों को समाधान दिवस की कार्रवाई तब रोकनी पड़ी जब मोहनलालगंज में बा?क नाले के पुल से लखनऊ रायबरेली हाइवे व बस स्टाप को, क्रॉस करके रेलवे लाइन के ऊपर से मऊ सिनेमा हॉल बाई पास रोड तक प्रस्तावित फोर लेन ओवर ब्रिज के लिए किए गये सर्वे के दौरान ओवर ब्रिज के जद में आने वाले मकान मालिकों व दुकानदारों ने भाकियू भानू गुट के बैनर तले नारे बाजी करते हुए जनहित में रिहायशी इलाके से ओवर ब्रिज को को हटाकर अलग बनाए जाने की मांग कर हंगामा करने लगे वहीं दूसरी ओर



मोहनलालगंज बार एसोसिएशन की महामंत्री राम लखन यादव की अगुवाई में तमाम अधिवक्ताओं तथा भसंडा गांव के ग्रामीण इस बात को लेकर हंगामा करने लगे कि भसन्डा मोड से लेकर मोहनलालखेड़ा गांव तक पीडब्ल्यूडी के मार्ग में जल निगम द्वारा पेयजल योजना के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क पर गहरे जानलेवा गड्ढे बना दिए गए लेकिन दोबारा सड़क की मरम्मत नहीं की गई हैं जिसकी शिकायत पिछले 1 वर्ष से ग्रामीण कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है ।

वही ग्रामीणों की समस्या को लेकर अपर जिला अधिकारी प्रशासन एडीएम डाक्टर शुभी सिंह ने प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज के मामले में एसडीएम को निर्देश दिया कि वह स्वयं सोमवार को पीडब्ल्यूडी, ब्रिज कॉरपोरेशन सहित जिम्मेदार अधिकारियों के साथ अपने कार्यालय में भाकियू व पीडित होने वाले ग्रामीण व व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल के साथ अपने कार्यालय में बैठक कर समस्या का निस्तारण करवाने काप्रयास करें साथ ही जल जीवन मिशन के अधिकारी को तलब कर भसन्डा गांव में खोदी गई सड़क को तत्काल गड्ढा मुक्त कराने के आदेश दिए। वही दहियर गांव निवासी संतोष श्रीवास्तव ने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि 6 फरवरी को मेरे घर में भतीजी की शादी है घर के सामने बनी नाली चोक पड़ी हुई है जिससे दरवाजे पर काफी गंदगी और बदबूदार गंदा पानी भरा हुआ है। समस्या से परेशान संतोष श्रीवास्तव में बताया कि लगातार तीसरी तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र दिया है लेकिन अभी तक निराकरण नहीं कराया गया है जिससे शादी के दौरान कार्यक्रम में मेहमानों को भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और मच्छर जनित गंभीर बीमारी फैलने का डर बना हुआ है।

# बिजली विभाग की छापेमारी में कई बिजली चोर आये गिरफ्त में

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में बिजली चोरी रोकने के लिए बिजली विभाग पूरी तरह से कमर कसे हुए हैं। लगातार लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर मॉर्निंग रेड अभियान चलाए जा रहे हैं। शनिवार की सुबह तड़के चौक, रेज़ीडेसी, ठाकुरगंज व अपट्रान डिवीजन में अधिशासी अभियंताओं के नेतृत्व में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया जिसमे कुल 14 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पाया गया। मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल ने बताया की आगामीर ड्योढ़ी, कटरा अबू तुराब खां, गोलागंज, मक़्बूल गंज, महबूब गंज, मंसूर नगर, कटरा आदि इलाक़ो में सभी उपखंड अधिकारीयों व अवर अभियंताओं ने विभागीय टीम के अन्य लोगों के साथ बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से मॉर्निंग



रेड की गई थी। इस अभियान के दौरान कुल 79 उपभोक्ताओं के कनेक्शनों को चेक किया गया था। इसमें से 14 उपभोक्ताओं को 25.36 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते पाया गया। उन्होंने बताया की बिजली चोरी करने वाले इन सभी 14 उपभोक्ताओं के खिलाफ थाना एंटी पावर थेफ में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी का कनेक्शन बिजली पोल से काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से इसी तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# आने वाले बजट में व्यापारियों को बड़ी उम्मीद : नीरज गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । बजट 2025 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के द्वारा लाया गया नया टैक्स रिजीम स्वागत योग्य फैसला है, 12 लाख तक की इनकम को टैक्स फ्री किए जाने से लोगों के खर्च करने की क्षमता बढ़ेगी, जिसका सीधा फायदा बाजार को पहुचेगा और व्यापारी वर्ग को व्यापार में कुछ गति मिलने की संभावना जगी है। कुछ और सराहनीय कदम भी लिए गए हैं जिनमें प्रमुख है- एमएसएमई के क्रेडिट गारंटी कवर को 5 करोड़ से बढाकर 10 करोड़ किया जाना , स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी कवर को 20 करोड रुपए तक बढ़ाया जाना, छोटे उद्योगों के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड जारी करना, जिनकी सीमा ?500000 होगी। लेबर इंटेंसिव सेक्टर के लिए सरकार प्रोत्साहन योजना लाएगी यह भी एक सराहनीय कदम है, फुटवियर और लेदर के क्षेत्र में विशेष योजनाएं बनाने की बात सरकार द्वारा की गई है इससे देश में और प्रदेश में फुटवियर



और लेदर व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी और इससे रोजगार भी मिलेंगे। एक ओर जहां कुछ उम्मीदें जगी है वहीं दूसरी ओर व्यापारियों को एक बार फिर निराशा भी हाथ लगी है सरकार द्वारा व्यापारियों की मांगों को पुनः अनदेखा किया गया है , व्यापारियों को आ रही दिक्कतों को दूर करने की कोई कोशिश नहीं की गयी ▸ व्यापारियों द्वारा लंबे समय से की जा रही द्दप्ए सरलीकरण , ई-कॉमर्स पॉलिसी, रिटेल ट्रेड पॉलिसी के साथ अन्य सभी मांगो पर विचार नहीं किया गया है , बजट में प्रत्यक्ष रूप से खुदरा व्यापारियों के लिए किसी भी योजना का ऐलान न किया जाना निराशा पूर्ण है।

# बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटे अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बिजली विभाग के उपभोक्ताओं को बिना बाधा के अच्छे ढंग से बिजली सप्लाई करने के लिए लखनऊ मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल लगातार अपने क्षेत्र में संबंधित अधिकारियों को आदेश जारी कर रहे हैं जिसका असर भी क्षेत्र में देखने को मिल रहा है। सभी डिवीजन के अधिशासी अभियंता अपने-अपने क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को दुरुस्त करने के कार्य में जुड़े हुए हैं। जिसके चलते ठाकुरगंज डिवीजन के चौपटिया उपकेंद्र पर यार्ड की साफ सफाई यहां के उपखंड अधिकारी जय प्रकाश के निगरानी में करवाई गयी। इसके अलावा अनुरक्षण माह फरवरी 2025 के पहले दिन लखनऊ सेंट्रल जोन मे



विद्युत नगरीय वितरण खंड हुसैनगंज व विद्युत नगरीय वितरण खंड अमीनाबाद के अंतर्गत 33/11 के वी उपकेंद्र अमीनाबाद पर सभी संविदाकर्मियों लाइन स्टाफ को अनुरक्षण कार्य करने के लिए ट्रेनिंग देकर उनकी रवानगी कराई गई।

## नगराम: दुष्कर्म के भगोड़े आरोपी को नगराम पुलिस ने दबोचा

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगराम थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिक से दुष्कर्म करने वाले फरार इनामी भगोड़े आरोपी को नगराम पुलिस व एसटीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है , आरोपी पर डीसीपी ने 10 हजार रूपए का इनाम घोषित किया था । नगराम थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते वर्ष 10 अक्टूबर 2024 को आरोपी सुधांशु पुत्र स्व. संगम सिंह निवासी रामपुर गढ़ी जमुनी थाना निगोहा ने एक घर में घुसकर नाबालिक लड़की को बंधक बनाकर मोटरसाइकिल से उठा ले गया था , मामले में नगराम थाना में आरोपी के विरुद्ध नाबालिग के साथ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपित पर 10 हजार रूपए का इनाम घोषित था , मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की रात्रि नगराम थाना में पदस्थ सब इंस्पेक्टर राज कपूर यादव व हमराह का. सुमित थापा व संजय सिंह और लखनऊ एसटीएफ टीम में सब इंस्पेक्टर मनोज कुमार ,हे. का. अखिलेश कुमार , गौरव सिंह व प्रभाकर पांडे की संयुक्त टीम ने ऑडिट भवन के सामने से 10 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया ।




## तीन दिवसीय भव्य मेले का आयोजन, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

निगोहा, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। निगोहा थाना क्षेत्र के मीरख नगर ग्राम में 3 से 5 फरवरी तक भव्य मेले का आयोजन होगा । बसंत पंचमी के अवसर पर मीरख नगर स्थित जय ब्याला वीर बाबा मंदिर पर एक दिवसीय मेले का आयोजन होगा मेला संरक्षक अरवन यादव व प्रबंधक आशुतोष वर्मा , मेला अध्यक्ष देशराज यादव ने बताया कि यह एकदिवसीय मेला लगभग 25 वर्षों से लगता चल रहा है , जिसमें 3 फरवरी को मेले के साथ कबड्डी प्रतियोगिता कराई जाएगी और सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे । वही भैरमपुर स्थित जय बाबा भैरवनाथ के नाम से लगने वाला भव्य दो दिवसीय मेला 4 व 5 फरवरी को आयोजित होगा , मेला अध्यक्ष विमल किशोर उर्फ रामू ने बताया कि 3 फरवरी से अखंड रामायण के साथ 4 फरवरी को सुंदर-सुंदर झांकियां व सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन होंगे।



# अंबकेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में टैबलेट वितरण व क्षितिज 2025 वार्षिक खेल महोत्सव हुआ आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । बख्शी का तालाब चंद्रिका देवी रोड़ स्थित अंबकेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को टैबलेट वितरण कार्यक्रम तथा क्षितिज 2025 वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन इंस्टीट्यूशन परिसर में हुआ।वही इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए सरोजनीनगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सामने दीप प्रज्वलन किया,जिसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने छात्रों को दिए आशीर्वचन में कहा कि सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए,आपको बड़े सपने देखना होगा और उसके लिए आपको शत प्रतिशत योगदान अपने काम में देना होगा,तभी आप एक सफ़ल व्यक्ति बन सकेंगे।बताया कि 2030 तक 85% नई नौकरियां बिल्कुल



अलग तरह की होंगी,इसलिए सभी को अनुकूलनशीलता और रचनात्मकता को अपनाना जरूरी है।सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना से छात्र-छात्राओं की शिक्षा का स्तर काफी हद तक सुधरा है इसका मुख्य कारण रहा है कि आज के युवाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं,टैबलेट/स्मार्टफोन के माध्यम से छात्र-छात्राएं रोजगार परक शिक्षाएं भी स्वयं प्राप्त कर सकते हैं।अपने उद्बोधन के अंत में मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम के सफ़ल आयोजन के लिए राघवेंद्र प्रताप, स्वीटी मिश्रा,जितेन्द्र मिश्रा,अंजलि पांडे,करुणेश तिवारी,विप्लव,अजय वर्मा,अमरीश वर्मा,अनुराग दवे सहित पूरी अंबकेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की टीम की सराहना किया।विशिष्ट अतिथि लखनऊ चिड़ियाघर के उप निदेशक डॉ उत्कर्ष शुक्ला ने कहा कि क्षितिज 2025 वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन,जिस तरह इंस्टीट्यूशन द्वारा आयोजित किए गया है,यह अपने आप में एक मिशाल है,क्योंकि इस तरह के आयोजन में हिस्सा लेने से खिलाड़ियों में धैर्य,साहस और सहिष्णुता का विकास होता है तथा भाई चारे और सामूहिक सद्भाव की धारणा बढ़ती है,खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित भी करती है,इसलिए सभी को इस तरह के आयोजनों में बढ़चढ़कर प्रतिभाग करना चाहिए।इस मौके पर अंबकेश्वर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक डॉ आरपी पांडे,अंबालिका ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूटशनंस के अध्यक्ष अंबिका मिश्रा सहित अन्य सम्मानित लोग शामिल रहे।

## सर में चोट लगने के कारण हुई मौत

लखनऊ। गोसाईंगंज इलाके में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर बाइक सवार लोगो को नींद आ जाने के कारण अनियत्रित होकर नीचे गिर गए। जिसमे बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त घायल हो गया। गोसाईंगंज पुलिस के मुताबिक सीएचसी गोसाईंगंज के वार्ड ब्वाय सोनू ने शनिवार की सुबह करीब चार बजे पुलिस को सूचना दी कि पूर्वांचवल एक्सप्रेस वे पर रात में हुए हादसे में सायन वर्मन (24) निवासी 64 मत्स जीबी कॉलोनी नोवापारा थाना बड़ा नगर जिला परगना नॉर्थ कोलकाता पश्चिम बंगाल को मृत व प्रताप चंद्र गून निवासी 17 एसएन पॉल रोड थाना बेल गोरिया जिला उत्तर 24 परगना पश्चिम बंगाल को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया।पुलिस के मुताबिक दोनों मोटरसाइकिल नंबर ड़उ24उक्1679 से कोलकाता से पूर्वांचल होते हुए गुड़गांव जा रहे थे कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे टोल महुरा कला से एक किलोमीटर पहले बाइक डिसबैलेंस हो गई। घटना में सायन बर्मन सायन बर्मन को सर में चोट आ गई और उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के दोस्त प्रताप चंद्र गून को हल्की-फुल्की छोटे हैं।

## बैट्री के सेल चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने सेवई गांव में स्थित इण्डस टावर से बैट्री के सेल चोरी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 बैटरियों के सेल बरामद करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया। ग्राम नगर चौगवा थाना इटौंजा के रहने वाले सर्वेश कुमार शर्मा के अनुसार वह आर एस कम्पनी में टेक्नीशियन के पद पर लखनऊ जिले में कार्यरत है।उनकी कम्पनी का सेवई गांव में इण्डस टावर लगा है।जहां से 29/30 सितंबर 2024 की रात चोर बैट्री बैंक में लगे 24 सेल में से 14 सेल चोरी कर ले गए थे।हालांकि चोर जल्दबाजी में अपना मोबाइल फोन वहीं भूल गए थे।जिसकी शिकायत उन्होंने पुलिस से की थी।जिसपर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर चोरों की तलाश कर रही थी।इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अन्जनी कुमार मिश्रा के अनुसार शुक्रवार/शनिवार की रात मुखबिर द्वारा दी गई सूचना पर सेवई चौकी प्रभारी पी एन सिंह के साथ सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस टीम द्वारा रोहित निवासी हैवतमऊ मवैया थाना पीजीआई व सुजीत निवासी डलौना थाना पीजीआई तथा अनिल कुमार निवासी बाछेपारा थाना धौरहरा जनपद लखीमपुर को सेवई नहर वाले रोड के किनारे नागबाबा मंदिर के बगल से जा रही पगडंडी के रास्ते से पकड़ लिया गया।पकड़े गए अभियुक्तों के पास से टावर से चोरी किये बैट्री के 14 सेल बरामद करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

## तेज स्पीड से बाईक चलाने को लेकर हुए विवाद

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गोसाईगंज पुलिस ने कासिमपुर बिरुहा चौराहे पर तेज स्पीड से बाईक चलाने को लेकर हुए विवाद में युवक के ऊपर जान से मारने की नियत से अवैध तमंचे से फायर का प्रयास करने व लोहे की राड व पंच से मारपीट करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कासिमपुर बिरुहा के रहने वाले कपिल वर्मा के अनुसार वह शुक्रवार को अपने साथी अन्नू वर्मा के साथ बाईक से घर से गोसाईगंज कस्बा जा रहा था तभी विरुहा चौराहे के पास गोसाईंगंज कस्बे के रहने वाला हर्षित वर्मा अपने दो साथियों के साथ आ गया और बाईक तेज चलाने की बात को लेकर कहासुनी व गाली गालौज करने लगा जिसका कपिल द्वारा विरोध किया गया तो हर्षित ने दोनों साथियों के साथ मिलकर उसको लोहे की राड व पंच से मारा पीटा तथा जान से मारने की नियत से अवैध तमंचा सीने में लगाकर फायर करने का प्रयास किया।किन्तु कपिल की किस्मत अच्छी थी कि फायर नहीं हुई जिससे वह बाल बाल बच गया।इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार घटना की सूचना पाकर मौके पहुंची पुलिस ने हर्षित वर्मा को पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक 315 बोर का अवैध तमंचा जिसके चेम्बर में एक जिन्दा कारतूस फंसी थी तथा एक लोहे का पंच तथा 20 हजार 8 सौ बीस रुपये बरामद हुए।जिसपर हर्षित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।वहीं फरार चल रहे उसके दोनों साथियों की तलाश की जा रही है।

## बीकेटी में सुबह दस से शाम पांच बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

बीकेटी,लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। 'आरडीडीएस योजना' के अंतर्गत मामपुर बाना 33/11 विद्युत उपकेंद्र से पोषित 11 के0 वी0 मामपुर तहसील फीडर पोषक के एचटी लाईन पर जर्जर पोल व पुराने तार के स्थान पर नए पोल व तार बदलने का कार्य विद्युत विभाग द्वारा किया जाएगा,समय सुबह10:00 बजे से शाम पांच बजे तक रामपुर,तकिया,अब्बासनगर,बीकेटी कस्बा,रामेंद्र बिहार कालोनी सहित संबंधित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति पूर्णरूप अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी।यह जानकारी अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड बी.के.टी.लखनऊ द्वारा दी गई।

# उपनिरीक्षकों की जुगाड़ के आगे अफसरों के आदेश बेअसर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

> जिन उपनिरीक्षकों का तबादला किया गया उनकी रवानगी कब की जाएगी यह मैं तय करूंगा।
>
> **निपुण अग्रवाल डीसीपी साउथ जोन**

लखनऊ । वैसे तो कहा जाता है कि इस सरकार में स्थानांतरण के मामलों में किसी की कोई जुगाड़ नही चलती है लेकिन पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के अंतर्गत आने वाले दक्षिणी जोन के सुशांत गोल्फ सिटी थाने की चौकियों में तैनात कुछ उपनिरीक्षकों पर यह बात बिल्कुल गलत शाबित हो रही है।क्योंकि इनका स्थानांतरण आदेश20 जून 2024 को हो गया था लेकिन रवानगी अभी तक नही की गई। तत्कालीन अपर पुलिस अधीक्षक स्थापना राहुल मिश्रा के द्वारा ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण सत्र 2024 के अंतर्गत 30 अप्रैल 2024 तक समयावधि पूर्ण होने के कारण पुलिस आयुक्त लखनऊ के माध्यम से दिए गए नामों के आधार पर 268 उपनिरीक्षकों का विभिन्न जोनों व कमिश्नरेट के लिए स्थानांतरण किया गया था। स्थानांतरण किये गए सभी कर्मियों को आदेश निर्गत होने की तिथि से 10 दिवस के अन्दर यानी 29 जून 2024 तक अवश्य कार्यमुक्त कर दिया जाए।यदि विलम्ब से कार्यमुक्त करने के सम्बन्ध में न्यायालय द्वारा कोई विपरीत आदेश पारित किये जाते है तो सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। सुशांत गोल्फ सिटी थाने के कुछ चौकी प्रभारियों की नहीं हुई रवानगी इतने सख्त आदेश के बावजूद दक्षिणी जोन के सुशांत गोल्फ सिटी थाने की चौकी जे 7 में प्रभारी के पद पर तैनात हिमांचल सिंह व थाने पर तैनात अखिलेश कुमार का स्थानांतरण प्रयागराज कमिश्नरेट तथा एचसीएल चौकी में प्रभारी के पद पर तैनात संदीप कुमार शर्मा का स्थानांतरण कानपुर कमिश्नरेट के लिए किया गया है लेकिन इनकी जुगाड़ के चलते अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश धूल फांक रहा है। कमाऊ पूत होने के चलते नही की जा रही है रवानगी 20 जून 2024 को स्थानांतरण का आदेश जारी होने के बाद 31 जनवरी 2025 तक इनकी रवानगी नही की गई और ये लोग आराम से अपनी अपनी कुर्सियों पर जमे हुए है।अंदरखाने इसकी वजह कुछ भी हो लेकिन लोगों की मानें तो ये लोग कमाऊ पूत माने जाते है जिसके चलते ही इनकी रवानगी नही की जा रही है।

# महिला से बैट्री स्कूटी की डीलरशिप देने के नाम पर कम्पनी वालो ने दो लाख रुपये ले लिए

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । गोसाईंगंज क्षेत्र में सलेमपुर की रहने वाली महिला से बैट्री स्कूटी की डीलरशिप देने के नाम पर कम्पनी वालो ने दो लाख रुपये ले लिए जो वापस नही कर रहे हैं।जिसकी शिकायत पीड़िता ने एडीसीपी साउथ से की थी।जिनके आदेश पर गोसाईंगंज पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। सलेमपुर की रहने वाली नन्दिनी जायसवाल पत्नी मुकेश जायसवाल के अनुसार मेसर्स सिल्व लाईन पावर स्टेशन प्राईवेट लिमिटेड द्वारा प्रबन्धक कार्यालय खान कम्पाउण्ड वसई काटा गला एक्स 1 पल्हर वसई ईस्ट पालघर महाराष्ट्र कम्पनी के कंट्री हेड़ एस. के. सिंह द्वारा उनसे बैट्री स्कूटी के विक्रय हेतु डीलरशिप लेने के लिए बात की गई



थी।इसके बाद उन्हें कम्पनी के एम.डी. सत्यापानी ग्रह व उनके अन्य कर्मचारियों के द्वारा तरह तरह के फायदे बताते हुए 26 जुलाई 2022 को कम्पनी के खाते में 2 दो लाख रुपये जमा करवा लिए गए।कम्पनी के खाते में रुपये जमा होने के बाद कम्पनी के एमडी व अन्य कर्मचारियों द्वारा पीड़िता को बताया गया कि आपके द्वारा मौके पर भव्य शोरूम बनाया जाये व पूर्व में किये जा रहे व्यवसाय को पूरी तरह से बन्द कर सिर्फ मेरी कम्पनी की गाड़ियां ही विक्रय की जाये इसके साथ ही डीलरशिप के लिए पांच लाख रुपये जमा करें।इस पर पीड़िता ने कम्पनी की शर्तो को मानने से इंकार करते हुए अपने रुपये वापस करने की बात कही।लेकिन इतना समय बीत जाने के बाद भी कम्पनी के लोगों ने रुपये वापस नही किये।पीड़िता का आरोप है कई बार मैसेज करने पर आरोपितों ने उसको व उसके पति को गालियां देते हुए जान से मारने को धमकी भी दी।जिसकी शिकायत पीड़िता ने एडीसीपी साउथ अमित कुमार कुमावत से की थी।जिसपर एडीसीपी ने इंस्पेक्टर गोसाईंगंज को मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे।जिसपर गोसाईंगंज पुलिस ने सुसगंत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# जनता जनार्दन के सपनों को पूरा करने वाला बजट है:अभिषेक गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट आज संसद में पेश किया गया. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लगातार आज 8वीं बार बजट पेश कर इतिहास रचा. वित्त मंत्री ने आम लोगों के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं. खैराबाद नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता ने बजट का स्वागत करते हुए बताया यह बजट युवा, गरीब, किसान, महिलाओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों और क्षेत्रों के विकास को बढ़ावा देने वाला है. खासकर मिडिल क्लास के योगदान का ध्यान रखते हुए यह बजट अभूतपूर्व तोहफा लेकर आया है. बारह लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर आयकर से राहत दिए जाने के निर्णय उत्साहजनक है. मैं पीएम नरेंद्र मोदी जी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी को एक शानदार बजट पेश करने के लिए बधाई देना चाहता हूं।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल शुरू

❒ क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद सीतापुर। कस्बा स्थित यूनियन धर्म कांटा के निकट पुराने टोल बैरियर के सामने खेत में तीन दिवसीय राष्ट्रीय एकता विराट कुश्ती दंगल का आयोजन राकेश कुमार नंद और पहलवान व प्रधान फुरकान गाजी की देखरेख में शनिवार 01 फरवरी से किया गया।यह आयोजन 01 फरवरी से 03 फरवरी तक होगा।इस विराट कुश्ती दंगल का शुभारम्भ क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने फीता काट कर किया। पहलवानों द्वारा विधायक को माला पहनाकर पगड़ी बांधी। मुख्य अतिथि ज्ञान तिवारी ने उद्घाटन कुश्ती में पहलवान बाबा पागलदास अयोध्याधाम तथा एप्पल पहलवान आगरा का हांथ मिलवा कर कुश्ती का शुभारंभ कराया। काफी देर तक दोनों पहलवान दांव पेंच दिखा कर दर्शकों को रोमांचित करते रहे।अंत में अयोध्या धाम के पहलवान ने आगरा के पहलवान को पटखनी देकर मुकाबला जीत लिया। इस मौके पर प्रतिभागियों के साथ साथ क्षेत्र के तमाम संभ्रांत जन? एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विधायक ने अमीर हमजा अंसारी, मोहम्मद कैफ अंसारी, राकेश नंद, फुरकान गाजी व मुशीर अहमद अंसारी सहित सभी आयोजकों को धन्यवाद देते हुए उन्हें अपना आशीष प्रदान किया। दंगल के पहले दिन देश व प्रदेश के ख्याति प्राप्त नामी पहलवानों की कुश्तियां हुईं। पहला मुकाबला बाबा पागलदास अयोध्याधाम तथा एप्पल पहलवान आगरा के बीच हुई जिसमें अयोध्या धाम के पहलवान विजयी हुये। दूसरा मुकाबला मुन्ना टाईगर हस्तिनापुर व विनोद पहलवान दिल्ली के बीच हुआ जिसमें मुकाबला जोरदार रहा तथा बराबरी पर छूटा। तीसरा मुकाबला पहलवान कालाचीता हरियाणा व गुड्डू पहलवान गोरखपुर के बीच हुआ जिसमें हरियाणा के कालाचीता ने गुड्डू को हराया। चौथी कुश्ती का मुकाबला जम्मू के पहलवान जावेद गनी और उत्तराखण्ड के भूकंप पहलवान के बीच हुई जिसमें काफी देर तक उठापटक के बाद जावेद ने भूकंप को चित कर दिया। पहलवान बाबा फकीर कलियर शरीफ व मुन्ना पहलवान हस्तिनापुर के बीच जोरदार कुश्ती मुकाबला हुआ जिसमें बाबा फकीर ने मुन्ना को शिकस्त दी। विनोद दिल्ली व राजन पहलवान हरियाणा के बीच रोमांचक मुकाबला बराबरी पर रहा। सातवां मुकाबला पहलवान अमीन लाहौरी पंजाब तथा मेंटल पहलवान उत्तराखंड के बीच हुआ जिसमें जोरदार मुकाबले में अमीन लाहौरी ने मेंटल को पटखनी दी। आज के अंतिम और आठवीं कुश्ती मुकाबले में पहलवान मेवाथापा नेपाल और मेंटल उत्तराखण्ड के बीच हुई जिसमें नेपाल के मेवाथापा ने विजयश्री हासिल कर वाहवाही लूटी। इस दौरान अमन श्रीवास्तव,रजत श्रीवास्तव ,विनीत सैनी, अनुराग पाठक, विशाल नंद, उमेश कुमार गौड़, लवी श्रीवास्तव, विशाल गुप्ता पोला, असलम अंसारी,कौशल कुमार जायसवाल, रितिक जायसवाल, हरिओम श्रीवास्तव, मुनीर अहमद अंसारी व राम जी सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# डा0 रोशन जैकब ने नैमिषारण्य के हेलीपोड पहुंचकर नैमिष धाम के पर्यटन विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डा0 रोशन जैकब ने नैमिषारण्य के हेलीपोड पहुंचकर नैमिष धाम के पर्यटन विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान बेहतर अंतर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए। धीमी प्रगति वाले कार्यों से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशक्ति बढ़ाते हुये प्रगति में सुधार किया जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि नियमानुसार प्रक्रिया करते समय से वांछित भूमि कार्यदायी संस्थाओं को उपलब्ध करायी जाये तथा मानकों के अनुसार मुआवजा भी वितरित किया जाये। सभी पक्षकारों के साथ समन्वय बैठक कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने तथा उन्हें योजनाओं के विषय में अवगत कराने ने निर्देश भी मंडलायुक्त ने दिए। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग समय से सभी आवश्यक प्रक्रिया को पूर्ण कर ले। मंडलायुक्त ने जोर देकर कहा कि नैमिषारण्य क्षेत्र में सभी स्थानों पर होने वाले विकास कार्यों में एकरूपता रखी जाए। पौराणिक महत्व के स्थानों, मुख्य मार्गों एवं प्रमुख स्थलों को आकर्षक बनाते हुए उन पर प्रकाश एवं सजावटी लाइटों आदि का समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बाउंड्रीवाल की रंगाई पुताई व पेंटिंग का कार्य आकर्षक व मनमोहक होना चाहिए, जिसमे नैमिषारण्य की महत्ता प्रदर्शित हो। नियमित अंतराल पर साइन बोर्ड एवं संकेतकों का प्रबंध में सुनिश्चित किया जाये। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी कार्यदायी संस्थाएं एवं विभाग अपनी-अपनी कार्ययोजना व प्रपोजल को एक दूसरे से साझा करें, जिससे कार्य आकर्षक एवं एकरूपता में हो। कार्यदायी संस्थाओं के लेआउट व राजस्व नक्शे का आपस में मिलान कर सभी विसंगतियों को दूर करते हुए कॉरिडोर के निर्माण की कार्ययोजना व प्रस्ताव को अंतिम रूप दिए जाने के निर्देश दिये। कॉरिडोर में बैठने हेतु समुचित बेंच, डस्टबिन, टायलेट, पेयजल, साइन बोर्ड, प्रकाश आदि का प्रबंध किया जाये। उन्होंने पर्यटन विभाग से कराये जा रहे कार्यों के लेआउट का भी अवलोकन किया। मंडलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं की समस्याओं के विषय में भी जानकारी ली तथा उनका समुचित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग से संबंधित कार्यों को भी समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, अपर जिलाधिकारी नीतीशकुमार, उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, उपनिदेशक पर्यटन कल्याण सिंहव विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# प्रधानपति ने किसानों पर जमीन कब्जा का लगाया आरोप

❒ किसानों ने कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र के तहत अक्सर लगते आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंदलामऊ सीतापुर। गोंदलामऊ विकास खण्ड की ग्रामसभा गंगापुर नसिरापुर प्रधानपति विपिन दिनकर ने अपने ही ग्राम सभा गंगापुर के राधेश्याम पुत्र लक्ष्मीनारायण व उनके पाँच सगे भाइयों पर एक दैनिक समाचार पत्र में ख़बर प्रकाशित करवा के आरोप लगाया की मिश्रिख के गंगापुर में गाटा संख्या 292 और 236 समेत कई भूखंडों पर इन किसानों के नाम परती पड़ी जमीन पर सट्टा आवंटित किया गया व जमीन पर कब्जा है। कैन्विज टाइम्स संवाददाता द्वारा प्रधानपति से प्रकरण की जानकारी की गई तो उन्होंने बताया कि यह परती की जमीन है पहले भी इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जा चुकी है जिस पर कार्यवाही नहीं हुई । और जानकारी माँगने पर बताने को मना कर दिया । संवाददाता द्वारा किसानों के पक्ष से भी बात की गई तो किसानों ने कहा हम सभी भाई पेशे से किसान है और जो आरोप जिस जमीन के लग रहे हैं वह खाली पड़ी है हम लोग शिक्षित व्यक्ति हैं कानून व प्रशासन के खिलाफ कोई कार्य कभी नहीं करते हम लोग अपनी ज़मीनों पर खेती करते है हम पर जो दबंग भूमाफिया व गन्नामाफिया के नाम देकर प्रधान पति विपिन द्वारा ख़बर प्रकाशित करवाया गया है हम लोगों की सिर्फ़ छवि धूमिल की जा रही हम लोग भी जल्द जिलाधिकारी से मिलकर प्रार्थना पत्र देंगे और लगाऐ जा रहे सारे आरोप निराधार हैं व एक उच्च न्यायालय में जमीन के प्रकरण को ही लेकर दो वर्ष से वाद विचाराधीन है। प्रधान पति की असंतुष्टि का कारण पूछने पर किसानों ने कहा की 2021में प्रधानी चुनाव में इनका समर्थन नहीं किया था इसलिए यह आए दिन राजनीतिक षड्यंत्र रचकर हम सभी पर कुछ ना कुछ आरोप लगाया करते है ।

## कठेरिया समाज के अध्यक्ष ने गर्म साल देकर बुजुर्गों को किया सम्मानित

**महोली सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** समाज की सेवा में चर्चित कठेरिया समाज के अध्यक्ष अक्सर क्षेत्र में भ्रमण करते रहते हैं और लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं का समाधान कराने के लिए सदैव तैयार रहने वाले सर्वेश अंजनी बंसल आज 31 जनवरी को 145 विधानसभा महोली की ग्राम पंचायत सदिकापुर सरैंया में चल रहे भंडारे में लोगों से मुलाकात की लोगों का हाल चाल जाना और वही पर अध्यक्ष ने ठन्ड से कांप रहे बड़े बुजुर्गों को गर्म साल उढ़ाकर सम्मान सहित आशीर्वाद लिया सभी ने उनके इस कार्य की सराहना की।और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर मनोज प्रधान, वीरेंद्र भार्गव, संदीप भार्गव, राकेश प्रधान अमिलिया, अवधेश भार्गव, कमलेश यादव,संदीप भार्गव, अन्य कई सम्मानित लोग मौजूद रहे। सर्वेश अंजनी बंसल पूर्व जिला पंचायत सदस्य सभासद प्रतिनिधि नगर पंचायत जिलाध्यक्ष कठेरिया समाज व समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## विद्यालय में बच्चों का मनाया गया जन्मदिन ,दिए गए उपहार

**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पहला जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय दुघरा में एक अनूठी पहल की गई। शनिवार को स्कूल में फरवरी माह में जन्मे सभी छात्र छात्राओं का जन्मदिन सामूहिक जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने केक कटा और उन्हें शिक्षण सामग्री के रूप में उपहार दिए गए। विद्यालय प्रशासन की यह पहल निजी स्कूलों की तर्ज पर की गई है। जहां हर माह जन्मदिन समारोह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई में रुचि बढ़ाना और उनके समग्र विकास को प्रोत्साहित करना है। उक्त कार्यक्रम में इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनय कुमार सिंह और सहायक शिक्षिका स्मिता सिंह सहित अन्य स्टॉप सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह आयोजन सरकारी स्कूलों में बदलाव का एक सकारात्मक संकेत है। जो शिक्षा के साथ साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी ध्यान दे रहा है।

## प्रधान व सचिव ग्राम पंचायत अदवारी,मिल लूट रहे बारी -बारी।

**सकरन(सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र सकरन अंतर्गत ग्राम पंचायत अदवारी के करीब आधा दर्जन ग्रामीणों ने समाधान दिवस में प्रभारी समाधान अधिकारी से ग्राम पंचायत के विभिन्न मानकविहीन विकास कार्यों की जांच करवाते हुए दोषी प्रधान व पंचायत सचिव को उचित दंडात्मक कार्यवाही करने को शिकायती पत्र दिया है। शिकायती पत्र में शिकायतकर्ताओं ने सरकारी धन के बंदर बांट का आरोप लगाते हुए हैंडपंप मरम्मत व रिबोर के नाम पर लाखों रुपए बंदरबांट के साथ फर्जी बिल भुगतान को बताया गया है। जबकि धरातल पर एक भी हैंडपंप में रिंच तक नहीं लगाया गया है इसी तरह मनरेगा कामों में भी खूब लूट खसोट कर सरकारी धन को लूट अपनी तिजोरियां भरी गई हैं। भ्रष्टाचार कर अकूत संपत्ति के मालिक बन चुके ग्राम प्रधान व सचिव की संपत्ति की जांच के साथ सरकारी धन में बंदरबांट में कार्यवाही कब?या यूं ही डस्टबिन की शोभा बढ़ाती रहेंगी शिकायतें और खंड विकास अधिकारी सकरन के समक्ष लुटती रहेगी ग्राम पंचायत अदवारी और सीतापुर की समस्त विकास खंडों में अव्वल पायदान पर खड़ा रहेगा सकरन।

## सिख प्रतीक चिन्ह पगड़ी के लुटेरों पर कार्यवाही न होने पर होगी आर पार की लड़ाई:सरदार पाल सिंह



**लखीमपुर-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक गरीब सिख फार्मर सरदार प्रीतम सिंह आदि से बड़ागांव पलिया निवासी एजाज खान, असहाब खान व आसिफ खान आदि कथित दबंगों द्वारा जमीनी विवाद के बाद पगड़ी व मोबाइल लुटे जाने की घटना पर प्रभारी निरीक्षक पलिया की लीपापोती से नाराज सिख संगठन के नेताओं ने कोतवाली पलिया में धरना देना आरम्भ लर दिया। उल्लेखनीय है कि पलिया कोतवाली क्षेत्र के ग्राम प्रेमनगर निवासी सिख फार्मर से हुये जमीनी विवाद में बड़ागांव निवासी दबंग आरोपियों ने लगभग चालीस दिन पूर्व पीड़ित फार्मर से मारपीट करते हुये उसका मोबाइल व पगड़ी लूटकर खुलेआम लहराते हुये लेकर चले गये। पीड़ित फॉर्मर के अनुसार उसके द्वारा दी गयी तहरीर को पुलिस ने बलपूर्वक बदलवाते हुए मामूली मारपीट में मुकदमा दर्ज कर मामले को रफा दफा कर दिया जबकि पीड़ित फार्मर कोतवाली से लेकर पुलिस अधीक्षक के कार्यालय तक अपनी फरियाद लगाता रहा किन्तु कोई सुनवाई नहीं होने पर पीड़ित ने भारतीय सिख संगठन के जिलाध्यक्ष सरदार पाल सिंह सहित सिख धर्म जत्थेदारों से न्याय की गुहार लगाई। इसी क्रम में बीते पंद्रह दिनों से लुटेरों पर लूट का मुकदमा दर्ज करने व पकड़ी व मोबाइल की बरामदगी को लेकर पुलिस अधिकारियों की परिक्रमा कर रहे भारतीय सिख संगठन के पदाधिकारियों का गुस्सा फूट पड़ा। पलिया गुरुद्वारे में सिख समुदाय की विशाल बैठक के बाद भारतीय सिख संगठन के जिला अध्यक्ष सरदार पाल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ो की संख्या में सिख समाज के लोग थाने पहुंचे जहाँ लूटी गई पगड़ी की बरामदगी को लेकर प्रभारी निरीक्षक के गोल-गोल जवाब पर नाराजगी जाहिर करते हुये पीड़ित पक्ष के समर्थन में कोतवाली में धरने बैठ गये। हालाँकि प्रभारी निरीक्षक मनबोध तिवारी ने एक घण्टे के अन्दर आरोपियों को बुलवाकर पगड़ी मोबाइल गोपनीय रूप से वापस दिलवाने का आश्वासन दिया गया। किन्तु पुलिस की तरफ मामले में लीपा-पोती व बाहर से आये संगठन के एक नेता के पास आरोपी का फोन कॉल आने से मामला पुनः तूल पकड़ गया। जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह सहित उपस्थित सिख नेताओं ने एक स्वर में आरोपियों पर लूट, धर्मिक आस्था को ठेस पहुँचाने व धर्मिक प्रतीकों से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज करने व लुटा गया मोबाइल व मान मर्यादा का प्रतीक पगड़ी की बरामदगी करने की मांग पर अड़ते हुये अनिश्चित कालीन धरने पर बैठ गये। सिख नेताओं ने स्पष्ट स्वर में कहा कि अगर पुलिस पगड़ी नहीं बरामद कर पाती है, तो धार्मिक आस्थाओं से खिलवाड़ करने वाले आरोपियों के खिलाफ भारतीय सिख संगठन आर पार की लड़ाई करने को विवश होगा। फिलहाल प्रभारी निरीक्षक ने मामले की गंभीरता को देखते हुये चौबीस घण्टे का समय मांगा है। धरना प्रदर्शन के दौरान सरदार गुरमीत सिंह रंधावा तहसील अध्यक्ष निघासन, सुरेन्द्र सिंह गिल, दलजिंदर सिंह, करनैल सिंह, चंदन सिंह,दलजीत सिंह, हरजिंदर सिह, सेवा सिंह सहित काफी संख्या में सिख समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## बियर शाप के संचालक से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोपित गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के थाना सिविल लाइंस क्षेत्र में बियर की दुकान के संचालक से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर शनिवार को केस दर्ज कर आरोपित विकास चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित आरटीआई कार्यकर्ता की हत्या के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया है। थाना सिविल लाइंस के आशियाना कॉलोनी निवासी हरिप्रकाश ने शुक्रवार को थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि थाना क्षेत्र के रामगंगा विहार में किला तिराहे के पास उनकी बियर की दुकान है। उन्होंने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक माह से रामगंगा विहार निवासी विकास चौधरी उनसे दस लाख की रंगदारी मांग रहा है। रकम न देने पर वह जान से मारने की धमकी दे रहा है। आरोपी ने व्हाट्सएप पर भी मैसेज कर धमकी दी है।

# खराब पड़ी नाली और पुलिया न होने के कारण जल निकासी बाधित, प्रशासन से निर्माण कार्य जाने कि ग्रामीणों ने की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । पहला जनपद सीतापुर के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत दरियापुर में जल निकासी की गंभीर समस्या से वहां के ग्रामीण जूझ रहे है। नाली खराब होने से लगभग दो दर्जन से अधिक परिवारों के घरों से निकलने वाला पानी जमा हो रहा है। जिससे स्थानीय निवासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। दरियापुर गांव निवासी दिनेश चंद्र , नरेंद्र कुमार , महेश प्रसाद प्रजापति, राम कृष्ण आदि ने बताया कि गुलाब , राम बिलास , राम अवध , संतोष , प्रमोद , पवन कुमार , सुरेंद्र , केशव राम , संकटा प्रसाद , सुनील ,रवि , राजेश , सुमेरी , लल्लू राम , सुभाष , मायाराम , विनोद , संतोष चौहान आदि समेत कई अन्य परिवारों के घरों से निकलने वाला पानी इसी खराब पड़ी नाली में आता है । और इस नाली की दयनीय स्थिति के कारण पानी का निकास नहीं हो पा रहा है। जिससे आसपास के क्षेत्र में जलभराव की स्थिति बन जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन से बड़े नाले और पुलिया के निर्माण की मांग की है। और वहीं दरियापुर के प्रधान प्रतिनिधि सुरेश सिंह ने इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि नाली निर्माण के लिए सम्बंधित विभाग को पहले ही पत्र लिखकर भेजा जा चुका है। और उन्होंने आश्वासन दिया कि जैसे ही धनराशि प्राप्त होगी, निर्माण कार्य शुरू करा दिया जायेगा।

# जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सिधौली में आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डा0 रोशन जैकब एवं मा0 विधायक सिधौली मनीष रावत की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। शिकायतकर्ता द्वारा पैमाइश की शिकायत पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये कानूनगो प्रेम प्रकाश पाण्डेय को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये तथा जल्द से जल्द पैमाइश संबंधी प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश आयुक्त महोदया ने दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान आयुक्त महोदया ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने भी शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सिधौली अनिल रस्तोगी, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।तहसील सिधौली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 194 शिकायतों में से 17 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 47 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 80 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 19 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील बिसवां में प्राप्त 67 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील महोली में प्राप्त 24 प्रार्थना-पत्रों में से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# परामर्श केंद्र पर सुलझा विवाद,15 जोड़ों ने फिर थामा एक-दूजे का हाथ

❒ रिश्तों की टूटी डोर जोड़ खुशियों के रंग भर रहा परिवार परामर्श केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर-खीरी। सुनकर अजीब लगता है, लेकिन यहीं हकीकत है। मामूली बातों पर पति और पत्नी के रिश्तों की डोर टूटती जा रही है। पत्नी अपने पति से परेशान है, तो पति अपनी पत्नी से। परिवार परामर्श केंद्र काउंसलिंग कर इन टूटे रिश्तो को जोड़ रहा है। उनकी खुशियों में रंग भर रहा है। उन परिवारों की जोड़ी बना रहा है, जो छोटी-छोटी बातों पर जन्मों का रिश्ता तोड़ने को तैयार बैठे थे। बता दें कि आए दिन थानों पर पति पत्नी के विवाद के मामले सामने आते हैं। कुछ मामलों पर त्वरित कार्यवाही की जाती है और कई मामलों को परिवार परामर्श केंद्र में भेज दिया जाता है। यहां पुलिस और समाजसेवी संस्थाओं के हस्तक्षेप से परिवार टूटने से बचाया जाता है। यदि कोई मामला सुलझने की स्थिति में नहीं होता तो उसे पुनः परामर्श केंद्र आने के लिए अग्रेषित कर दिया जाता है। कुल मिलाकर पूरा ध्यान दाम्पत्य जीवन को बचाने पर दिया जाता है।परिवार परामर्श केन्द्र'' में पति-पत्नी की सुलह समझौते से करायी विदाई पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा,अपर पुलिस अधीक्षक नैपाल सिंह के दिशा निर्देशन में कार्यालय परिसर में स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में काउंसलरों के सहयोग से 15 मामलों में सुलह समझौते से पति-पत्नी की विदाई कराई गई है! बताते चलें पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में स्थित परिवार परामर्श केन्द्र में परामर्शदाता सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम अली जरवानी व मुख्य महिला आरक्षी रश्मि मिश्रा, महिला आरक्षी मेहा सिंह , मुद्रिका चौहान व निकिता राठौर अथक प्रयास से प्रस्तुत घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, साझी गृहस्थी मे निवास के 26 मामलों में 15 मामलों में पति-पत्नी में विदाई कराई गई, जिसमे कुछ ऐसे मामले जो कई वर्षों से पति-पत्नी के बीच घरेलू कलह के कुछ ऐसे मामले जिसमें परिवार के लोंगो के हस्तक्षेप कारण टूटने के कगार पर थे ऐसे परिवारिक विवादों मे परामर्शदाताओं के माध्यम से काउंलिग करा कर पक्षों मे मतभेद समाप्त कराया गया है, दोनो पक्षो में सहमति होने पर विदाई कराई गई है, जिन 05 मामलों मे अभी मामलों में पक्षकारो में मनमुटाव बना हुआ है उन्हे सोचने समझने के लिए दो सप्ताह का समय देकर फरवरी माह के तृतीय शनिवार को पुनः बुलाया गया है एव 06 मामले माननीय न्यायालय के समझ लम्बित हैं ! पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में परिवार परामर्श केन्द्र के द्वारा निरन्तर काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

# सीडीओ पंचायत भवन का लिया जायजा, खामियां देख लगाई फटकार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। शनिवार को सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास क्षेत्र मितौली के अंतर्गत ग्राम पंचायत बबौना के पंचायत भवन का औचक किया, जिसमें पंचायत भवन में संरक्षित विविध रजिस्टर यथा परिवार रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, जन्म-मृत्यु से प्रमाण पत्र से संबंधित रजिस्टरो का अवलोकन करने पर कई कमियां दिखाई दी। सभी रजिस्टरों को एक सप्ताह में सुव्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने पंचायत भवन परिसर में व्याप्त गंदगी मिली। वहां लगे सीसीटीवी भी बंद पड़े थे और शौचालय में ताला लगा था। जिसे देखकर सीडीओ ने गहरी नाराजगी जताते हुए पंचायत सचिव पंचायत सचिव का वेतन रोकने के निर्देश दिए। सीडीओ ने किया परिषदीय विद्यालय का निरीक्षण, देखी खेल मैदान की प्रगति सीडीओ अभिषेक कुमार ने शनिवार को परिषदीय विद्यालय बबौना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खेल मिशन मैदान के तहत निर्मित खेल मैदान का अवलोकन करते हुए उसे और बेहतर किए जाने जिसमें बैडमिंडन कोर्ट बनाए जाने के एवं अन्य कामों को तत्काल पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। ीडीओ ने विद्यालय की आधारभूत संरचनाओं का निरीक्षण करते हुए पठन-पाठन में गुणात्मक सुधार के निर्देश दिए। सीडीओ ने बच्चों के शैक्षिक स्तर की गुणवता की परख करते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। बच्चों के भाषिक (अंग्रेज़ी-हिंदी) दक्षता को और इंप्रूव किए जाने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मौजूद रहे।

GOVT. OF PUNJAB

Punjab Land of Unlimited Opportunities

# सरकार ने निभाया वादा

## 90% घरों में 0 बिजली बिल






- हर महीने 300 यूनिट बिजली मुफ़्त
- किसानों को खेती के लिए 8 घंटे से अधिक निरंतर बिजली
- 2015 से बंद पड़ी पछवाड़ा कोयला खदान पुनः शुरु
- निजी कंपनी जी.वी.के. के पॉवर प्लांट को खरीद कर उत्पादन क्षमता बढ़ाई गई
- पिछले दो सालों में बिजली बोर्ड (PSPCL) को हुआ ₹3485 करोड़ का मुनाफ़ा



मुख्यमंत्री **भगवंत सिंह मान** के व्हाट्सएप चैनल से जुड़ें

यहां स्कैन करें

"मुफ्त एवं निर्विघ्न बिजली सिर्फ एक सुविधा ही नहीं है, बल्कि यह हमारे किसानों, व्यापारियों एवं प्रत्येक पंजाबी को उनके सपने साकार करने में सक्षम बनाती है। पंजाब सरकार ने अपने वादे पूरे किए हैं एवं एक समृद्ध और 'रंगले पंजाब' के निर्माण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।"

**भगवंत सिंह मान**
मुख्यमंत्री, पंजाब

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, पंजाब

# बजट में सभी को खुश करने का प्रयास



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। लोकसभा में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025 में मध्यम वर्ग, वरिष्ठ नागरिक तथा व्यापारी वर्ग को आयकर में बड़ी राहत दी गई है।यह जानकारी देते हुए गोंडा के वरिष्ठ सीए पवन अग्रवाल ने बताया कि इस बजट में फ्री इनकम की सीमा सात से बढाकर बारह लाख कर दी गई है।इसके अलावा आयकर स्लैब में भी काफी छूट दी गई है।इसका लाभ प्रत्येक आयकर दाता को मिलेगा।अब वरिष्ठ नागरि कों को बैंकों से मिलने वाले एक लाख तक ब्याज पर कोई टीडीएस नहीं कटेगा।भवन किराए पर भी अब छह लाख तक कोई टीडीएस नहीं कटेगा।व्यापारियों को पांचस ला ख के ऊपर खरीद बिक्री पर टीसीएस के प्रावधान को खत्म कर दिया गया है।एमएसएमई वाली इकाइयों को कॉलेटरल फ्री लोन की सीमा पांच से दस करोड़ कर दी गई।इसका लाभ 90% से अधिक व्यापारियों को मिलेगा। किसानों के हितार्थ केसीसी लिमिट तीन लाख से बढ़कर पांच लाख कर दी गई।साथ ही अपडेटेड आयकर रिटर्न अब दो साल के बजाय चार साल तक दाखिल किए जा सकेंगे।

# विभिन्न संगठनों ने अवैध नशा कारोबार पर अंकुश लगाए जाने की डीएम को ज्ञापन देकर की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। महामना मालवीय मिशन व रूल ऑफ लॉ सोसाइटी तथा किसान परिषद के पदाधिकारियों ने तहसील समाधान दिवस पर जिलाधिकारी बहराइच को एक ज्ञापन देकर सीमावर्ती इलाकों में बढ़ रहे नशा प्रचलन की ओर ध्यान आकृष्ट कराया तथा अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने की मांग की। महामना मालवीय मिशन अवध अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि तहसील मुख्यालय समेत सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन लगातार बढ़ता जा रहा है जिसके चपेट में आकर अब तक हज़ारो घर परिवार बर्बाद हो चुके है। दर्जनों युवक युवतियों की अकाल मृत्यु हो चुकी है इस पर तत्काल प्रभावी नियंत्रण लगाए जाने के लिए जन जागरण अभियान चलाया जाना चाहिए।किसान परिषद संयोजक समाजसेवी केशव पांडेय ने बताया कि नगर व ग्रामीणांचल इलाको मे जगह जगह स्मैक तथा चिप्पड़ की धड़ल्ले से बिक्री हो रही है साथ ही सीमावर्ती इलाकों में संचालित मेडिकल स्टोर्स पर नशीली दवाइयां बिक रही है जिसपर तत्काल विराम लगाए जाने की आवश्यकता है। अवैध नशा कारोबार पर अंकुश लगाए जाने विषयक को लेकर ज्ञापन देने वालो में प्रमुख रूप से रूल ऑफ लॉ सोसाइटी तहसील संयोजक डी0पी0 श्रीवास्तव एडवोकेट, मालवीय मिशन जिला महामंत्री प्रोफ़ेसर मनीष गोंड़, प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, समाजसेवी विवेक श्रीवास्तव व राहुल कुमार समेत तमाम अधिवक्ता व समाजसेवी उपस्थित रहे। संगठन पदाधिकारीयों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से नशा प्रभावित क्षेत्रों में जन जागरूकता गोष्ठी आयोजित ।

# आठ साल पूर्व दुष्कर्म के मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोषी को सुनाई सात साल की सजा



एजेंसी

मुरादाबाद। जनपद में फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या एक मोहम्मद फिरोज की अदालत ने आठ साल पहले महिला से दुष्कर्म के मामले में शनिवार को दोषी को सात साल की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया। जनपद के थाना बिलारी में 30 दिसम्बर 2016 को पीड़ित महिला ने मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें उसने बताया कि वह अपने जानवर चराने के लिए पालनपुर के जंगलों में अपनी बेटी के साथ गई थी। वहां शीशपाल मिल गया था। आरोपित ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं, मुकदमे की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट संख्या एक मोहम्मद फिरोज की अदालत में की गई। इस मामले अदालत ने आरोपित शीशपाल को दुष्कर्म का दोषी करार देते सात साल की सजा सुनाई।

# विदाई समारोह कार्यक्रमः मोतीगंज में सेवानिवृत दरोगा को समारोह पूर्वक दी गई विदाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। मोतीगंज थाना परिसर में शुक्रवार शाम को सेवा निवृत्त दरोगा ओमप्रकाश पासवान के सम्मान मे विदाई समारोह आयोजित किया गया।अध्यक्षता सीओ सदर व सीओ मनकापुर ओमप्रकाश सिंह ने किया।सीओ सदर शिल्पा वर्मा ने कहा कि दारोगा ओमप्रकाश के कार्य काल से हम सभी को सीख लेने की जरूरत है।ये ऐसे पुलिस कर्मी है।जिनके ऊपर सेवा के प्रारंभ से लेकर विदा ई समारोह तक पुलिस विभाग द्रारा कोई कार्रवाई नही की गई।यह प्रत्येक पुलिस कर्मियों एवं विभाग के लिए बड़ी बात है।इनका सरल स्वभाव सभी को आकर्षित करता है। इंस्पेक्टर मोतीगंज अनीता यादव ने कहा कि थाने के कहो बा चौकी पर लगभग एक वर्ष से अधिक समय से तैनात रहे दारोगा चाहे दिन हो या रात्रि हर समय डयूटी के लिए तैयार रहते थे।वो हमेशा आदर्श माने जाएंगे। प्रभारी निरीक्ष क व सीओ शिल्पा बर्मा,सीओ मनकापुर ने सेवानिवृत दा रोगा को अंगवस्त्र, रामायण, छड़ी, टार्च व छाता देकर सम्मा नित किया और उनके स्वस्थ व दीर्घ आयु की कामना की थाने से पूर्व कहोबा चौकी पर चौकी प्रभारी बीरेन्द्र शुक्ल ने भी फूल माला के साथ स्वागत किया।इस दौरान सेवानि वृत दारोगा के बेटे राहुल जिला कमांडेंट होमगार्ड आगरा, व छोटे बेटे ग्राम प्रधान धर्मेंद्र कुमार बहू व बेटियां भी सेवा निवृत विदाई समारोह की साक्षी बनी रही।इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामभवन पासवान, सत्यप्रकाश सिंह, योगेन्द्र सिंह,त्रिपुरारी ओझा, अनिल सिंह,रामप्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान अरूणेश यादव,बब्लू सिंह,व मीडिया कर्मी मौजूद रहे।

# कानपुर में साइबर ठगों ने राज्यकर अधिकारी से 07.30 लाख रुपये ठगे

एजेंसी




कानपुर। साइबर ठगों ने ई-सिम एक्टिवेट कराने के नाम पर राज्य कर अधिकारी से सात लाख तीस हजार रुपये की ठगी कर ली। शनिवार को एडीसीपी क्राइम अंजली विश्कर्मा ने बताया कि पीड़ित ने मामले को लेकर साइबर थाना क्राइम ब्रांच में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि राज्य वस्तु एवं सेवा कर (एसजीएसटी) में बतौर उपायुक्त तैनात राजकुमार के मुताबिक चौदह नवंबर 2024 को उनके मोबाइल पर ई-सिम एक्टिवेशन कराने को लेकर एक कॉल आया था। टेलीकॉम कंपनी का अधिकारी बनकर ठग ने कहा कि यदि सिम एक्टिवेट नहीं कराया तो 24 घण्टे के अंदर सिम बंद हो जाएगा। इसके बाद उन्हें व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजकर ओटीपी मांगा गया। पीड़ित को ठग पर इसलिए भी शक नहीं हुआ क्योंकि उसने व्हाट्सएप प्रोफ़ाइल में टेलीकॉम कंपनी का लोगो लगाया हुआ था। ओटीपी देते ही उनका फोन हैंग करने लगा। एक बार तो देखने से ऐसा लगा कि उनका मोबाइल कोई और चला रहा हो, लेकिन उन्हें लगा कि कोई टेक्निकल समस्या होगी। हालांकि फोन हैंग होकर डेड हो गया। इस घटना के बाद अगले दो दिन सरकारी छुट्टी होने की वजह से उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। 18 नवंबर को उन्होंने दूसरे नंबर से कस्टमर केयर में कॉल किया तो उनको बताया गया कि उनके सिम में कुछ तकनीकी गड़बड़ी है इसलिए दूसरा सिम जारी करवा लें। जब वह सिम लेने गए तो उन्हें बताया गया कि ओटीपी आएगा लेकिन जिस पर ओटीपी आना था। वो नंबर तो बंद था इसलिए उन्होंने अपने आधार से नया नंबर लिंक कराया इस प्रक्रिया में बीस से पच्चीस दिन लग गए। नंबर जारी होने के बादजब उन्होंने बैंक खाते की जानकारी जुटाई तो उन्हें जानकारी हुई कि 15 से 17 नवंबर तीन दिनों में उनके खाते से सात लाख तीस हजार रुपये निकाले गए हैं। मामले को लेकर अपर पुलिस उपायुक्त अपराध अंजली विश्वकर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जिन खातों में रुपये ट्रांसफर कराए गए हैं उनकी जांच की जा रही है। साथ ही उन्होंने शहरवासियों को सचेत करते हुए कहा कि अनजान कॉल पर किसी भी तरह की जानकारी साझा ना करें।

# तुर्काडीहा गाँव बना मनरेगा के भ्रष्टाचार का दरिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



फोटोः एक ही फोटो किया गया आनलाइन अपलोड.

गोण्डा। पड़री कृपाल विकास खण्ड क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत तुर्काडीहा में इन दिनों मनरेगा योजना में श्रमिकों की फ़र्जी हाजरी लगा कर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है,उक्त ग्राम पंचायत में हो रहे फर्जीवाडे से पंडरी कृपाल ब्लॉक सुर्खियों में बना हुआ है,उसके बावजूद जारी फर्जी वाड़े पर ज़िम्मेदारों के द्वारा कार्यवाही ढाक के तीन पात ही नज़र आई है।बताते चले ग्राम पंचायत तुर्काडीहा में का र्य गाटा संख्या 833 ककरहवा तालाब का सुंदरीकरण क राया जा रहा है जहां पर दो कार्य चल रहा है जिसमे दस मस्टर रोल चल रहा हैं पहले कार्य में 4749 से 4752 तक चालीस श्रमिकों को दर्शाया गया है और इन सभी मस्टर रो ल में एक ही लोगों की फोटो बार-बार अपलोड की गई है। जिसमें जमकर फर्जी हाज़री लगा क़र जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। वहीं दूसरे कार्य में गाटा संख्या 333 मर घट का सौंदरीकरण हो रहा है जिसमे भी चालीस श्रमिकों को कार्य करते हुए दिखाया गया है इस कार्य में भी एक ही लोगों की ऑनलाइन फोटो बार-बार अपलोड की गई है। अब देखना यह है केंद्र सरकार द्वारा संचालित महत्वा कां क्षी मनरेग योजना में जारी भ्रष्टाचार पर जिला प्रशासन सं ज्ञान लेता है या यूं ही भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए प्र शासन अनजान बना रहेगा और जिले में भ्रष्टाचार होता रहेगा।

# विश्व वेटलैंड्स दिवस पर गोंडा में राष्ट्रीय संगोष्ठी,अरगा ब्रांड‘ की ऑनलाइन लॉन्चिंग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के पार्वती अर्गा पक्षी विहार में आज दो फरवरी को विश्व वेटलैंड्स दिवस के अवसर पर एक राष्ट्रीय संगो ष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।इस संगोष्ठी का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ आज करें गे।संगोष्ठी का मुख्य विषय ‘हम सभी के भविष्य के लिए आर्द्र भूमियों का संरक्षण‘ होगा,जिसमें पर्यावरण विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और अन्य गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर ‘अरगा ब्रांड‘ के उत्पादों की ऑनलाइन लॉन्चिंग भी करेंगे।यह ब्रांड स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को प्रमोट करेगा, और इन्हें अमेज़न इंडिया के ‘अमेज़न सहेली‘ प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराया जाएगा।इस पहल के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान मिल सकेगी,जिससे ग्रामीण महिलाओं के आर्थि क सशक्तिकरण में मदद मिलेगी।संगोष्ठी के दौरान वनटां गिया समुदाय पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जाएगा।यह पुस्तक वनटांगिया समुदाय के उत्थान,उनके जीवनशैली में आए बदलाव और सरकार की योजनाओं के माध्यम से उनकी आत्मनिर्भरता की दिशा में किए गए प्रयासों को प्रदर्शित करेगी।कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री एवं अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे,जिनमें केंद्रीय कैबिनेट मंत्री,पर्यावरण वन एवं जल वायु परिवर्तन,भारत सरकार भूपेंद्र यादव,केंद्रीय राज्य मंत्री पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन एवं विदेश मंत्रालय भारत सरकार कीर्ति वर्धन सिंह,राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण,वन,एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार डॉ.अरुण कुमार राज्य मंत्री वन,पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय उत्तर प्रदेश सरकार के.पी.मलिक जी अन्य गणमान्य व्य क्ति भी शामिल होंगे।

## गर्भवती महिलाओं की डीएम व एसपी ने की गोदभराई बच्चों का कराया अन्नप्रासन्न

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर 03 गर्भवती महिलाओं श्रीमती रीमा, ममता व चॉद ज्योति की गोद भराई की तथा दो बच्चों इल्मा व इक्रा को अन्नप्रासन्न कराया।

## प्रकृति की गोद में मनाया जायेगा वेटलैण्ड डे व बर्ड वाचिंग फ़ेस्टिवल

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट बी. शिव शंकर ने बताया कि आर्द्रभूमियों के संरक्षण और स्वस्थ मानव जीवन के उपयोग हेतु स्वच्छ जल/पेयजल की मात्रा बढ़ाये जाने के दृष्टिगत आर्द्र भूमि के संरक्षण एवं बेहतर प्रबन्धन एवं आमजन के बीच जनजागरूकता के उद्देश्य से कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग, बहराइच अन्तर्गत 02 फरवरी 2025 को ‘‘प्रोटेक्टिंग वेट लैण्ड्स फॉर अवर कॉमन फ्यूचर’’की थीम पर ‘‘विश्व वेटलैण्ड दिवस एवं बर्ड फ़ेस्टिवल’’ पूरे उत्साह से मनाया जायेगा। डीएफओ कतर्नियाघाट श्री शंकर ने बताया कि 02 फरवरी 2025 को कतर्नियाघाट रेंज अर्न्तगत महादेवा ताल पर प्रातः 07:00 बजे से 10:00 बजे के बीच आर्दभूमि क्षेत्र महादेवा ताल का भ्रमण, बर्ड वाचिंग, मोबी वॉक व कैमरा वॉक आयोजित किया जायेगा जिसमें विशेषज्ञ एवं नेचुरलिस्ट, नेचर गाइड, शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र–छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। पूर्वान्ह 11:00 बजे कतर्नियाघाट रेंज के नेचर इण्टरप्रेटेशन सेन्टर में प्रतिष्ठित वक्ताओं द्वारा आर्दभूमि एवं पक्षी सम्बन्धी परिस्थितियों पर व्याख्यान तथा छात्र–छात्राओं द्वारा बर्ड स्केचिंग, क्ले मॉडलिंग, कचरा के समुचित उपयोग इत्यादि विषयों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जायेगा। जिसमें शारदा सहायक परियोजना इण्टर कालेज गिरिजापुरी व बप्पा जी इण्टर कालेज के छात्र–छात्राएं तथा विभागीय अधिरकारी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जबकि अपरान्ह 12:30 बजे कतर्नियाघाट रेंज के नेचर इण्टरप्रेटेशन सेन्टर में पुरस्कार वितरण कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

## जानलेवा हमला करने और छेड़खानी के चार आरोपित गिरफ्तार, गए जेल

**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र के एक गांव में चार दिन पहले बुधवार को शाम एक परिवार पर जानलेवा हमला करने और लड़कियों के साथ छेड़खानी के मामले में पुलिस ने शनिवार को चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि चार आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। थाना कटघर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले मजदूर ने बुधवार रात कटघर थाने में केस दर्ज कराया था। उसने बताया था कि बुधवार शाम गांव निवासी शमशाद उसके भाई अशफाक, मोहसिन, मुनासिफ, नवाब और आसिफ ने उसके घर पर हमला बोल दिया। परिवार के आठ लोगों के साथ मारपीट की। मजदूर का आरोप है कि आरोपितों ने उसकी बेटी और भतीजी के साथ छेड़खानी की थी। पुलिस ने रात में ही घायलों का मेडिकल कराया था और केस दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपित शमशाद, खूशबू अली, इरफान और मुनासिफ उर्फ नासिर को गिरफ्तार कर लिया।

## आठ वर्षीय बच्ची का शव आठ दिन बाद मिला, परिवार में शोक की लहर

**दुबग्गा कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र में आठ दिन पहले संदिग्ध हालात में लापता हुई आठ वर्षीय आराध्या का शव सैरपुर स्थित सहारा सिटी होम के पास मिला। पुलिस ने 2 फरवरी को बच्ची का शव बरामद किया। जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया। बच्ची के परिवार में गहरा शोक है और इस मामले में पुलिस की लापरवाही को लेकर सवाल उठने लगे हैं। आराध्या, जो कक्षा तीन की छात्रा थी। 25 जनवरी को स्कूल से लौटने के बाद अपने पिता छोटेलाल की सब्जी की दुकान पर काम करने निकली थी। लेकिन उसके बाद वह लापता हो गई थी। इसके बाद परिवार ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू की और सीसीटीवी फुटेज से यह पता चला कि वह आखिरी बार बरावन कलां चौराहे के पास दिखाई दी थी। परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग लगातार पुलिस थाने का चक्कर काट रहे थे। लेकिन आठ दिन तक पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। अगर पुलिस ने समय रहते गंभीरता से काम लिया होता। तो शायद बच्ची की जान बच सकती थी। 1 फरवरी को सैरपुर थाना क्षेत्र के नाले में बच्ची का शव मिला। जो एक बड़ा सवाल उठाता है कि पुलिस ने इतनी देरी क्यों की और क्यों नहीं इस मामले की प्राथमिकता से जांच की गई। डीसीपी पश्चिम, विश्वजीत श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि पुलिस की तीन टीमों द्वारा जांच की जा रही थी और 23 जनवरी को बच्ची के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है। लेकिन सवाल यह है कि जब पुलिस को इतनी देर से कार्रवाई का ख्याल आया, तब तक बहुत कुछ बिगड़ चुका था। परिवार का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण बच्ची का शव आठ दिन बाद मिला और इस दुखद घटना ने न सिर्फ उस परिवार को तोड़कर रख दिया। बल्कि पुलिस के कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि, पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच जारी रखी है। लेकिन स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्य यह मानते हैं। कि अगर पुलिस ने सही समय पर सक्रियता दिखाई होती तो शायद यह घटना टल सकती थी।

# प्रेम प्रसंग में हुई हत्या, दो सगे भाइयों ने प्रेमी को उतारा मौत के घाट

एजेंसी



सोनभद्र। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक दिन पूर्व हुए युवक के हत्या के मामले में दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक युवक का एकतरफा प्रेम हत्या करने वाले दोनों सगे भाइयों के बहन से था। पुलिस क्षेत्राधिकारी डा0 चारु द्विवेदी ने शनिवार को बताया की एक दिन पूर्व गोरी निस्फ गांव में 25 वर्षीय अमित सिंह का शव मिलने की सूचना मिली। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतक युवक के पिता रमाशंकर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मेरे लड़के अमित सिंह उर्फ राजा उम्र करीब 25 वर्ष को उनके घर के बगल के ही नन्दलाल के पुत्र राहुल, बंटी व उनकी पुत्री द्वारा रात में उठाकर ले गए और उसे मारपीट कर हत्या कर दिया और शव को बाउली में फेंक दिया। पुलिस टीम ने इस तहरीर पर जांच किया और दोनों सगे भाइयों राहुल व समीर को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में गिरफ्तार दोनों भाइयों ने बताया की मृतक अमित सिंह उर्फ राजा एक वर्ष से हमारी बहन के पीछे पड़ा हुआ था और हमेशा हमारी बहन को फोन करता था और परेशान करता था। 30जनवरी की रात मृतक अमित सिंह शराब के नशे में हमारे घर आया और हमारी बहन से मिलने का जिद करने लगा। हम लोगों ने मना किया लेकिन वो लगातार दरवाजा खटखटाने लगा। बहुत समझाने के बाद जब अमित नहीं माना तब हम दोनों भाई अपने परिवार के बेइज्जती के डर से उसे खेत में ले जाकर मारा पीटा और पानी से भरे बाउली में फेंक दिया। पुलिस टीम ने बताया कि प्रेम प्रंसग में हुए इस हत्याकांड में दो सगे भाइयों राहुल कुमार व समीर पुत्र नंदलाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# युवती की हत्या करने वाला आरोपित मुठभेड़ में गिरफ्तार



एजेंसी

जालौन। जिले में तीन दिन पूर्व बीए की परीक्षा देकर घर लौट रही एक छात्रा की हत्या कर दी गई थी। इस घटना को अंजाम देने वाले फरार आरोपित को पुलिस ने शनिवार को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। युवक के पैर में गोली लगी, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि एट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमीटा में गुरुवार को रूरा अड्डू की रहने वाली बीए की पढ़ाई करने वाली 19 वर्षीय छात्रा खुशी की लाश मिली थी। उसकी बेरहमी से हत्या की गई थी। हत्या के खुलासे के लिए एसओजी के साथ एट कोतवाली के साथ कोटरा थाने की पुलिस टीम को लगाया गया था। इस दौरान एसओजी के साथ एट कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि छात्रा खुशी की हत्या करने वाला धुरट जाने वाले मार्ग पर पड़ने वाली टिकरिया स्थित नहर के पास घूम रहा है। सूचना पर एसओजी और एट कोतवाली पुलिस ने उसे चारों तरफ से घेर लिया। खुद को घिरा पाकर बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की, जवाबी कार्रवाई में वह पुलिस की गोली से घायल हो गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचाया। पूछताछ में आरोपित ने अपना नाम कोटरा थाना क्षेत्र स्थित ग्राम छिरावली निवासी मनीष बताते हुए हत्या की बात स्वीकारी है। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा बरामद किया है।

# चेयरमैन ने डायमंड हॉकी क्लब पूरनपुर को किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पूरनपुर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद पूरनपुर द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 2025 में विशेष प्रदर्शन की श्रेणी में डायमंड हॉकी क्लब के ऐतिहासिक प्रदर्शन हेतु नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा नगर पालिका कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया गया डायमंड हॉकी क्लब द्वारा 26 जनवरी रविवार को भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के चरित्र को प्रदर्शित करने व उनके बलिदान को प्रदर्शित करने हेतु पूरनपुर की जनता के बीच रामलीला मैदान पर ऐतिहासिक मंचन किया गया जिसमें फांसी का दृश्य इतना जीवंत दर्शाया गया कि उससे सम्बंधित वीडियो क्लिप ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और रातों-रात वह दृश्य करोड़ों लोगों के द्वारा देखा गया जिस पर विभिन्न प्रकार की मिली-जुली प्रतिक्रियायें भी मिली। इसी बीच क़ई लोकप्रिय न्यूज़ चैनलों द्वारा भी इस वीडियो से सम्बंधित चर्चा की गयी और देखते ही देखते सभी जगह इस कार्यक्रम की चर्चा होने लगी क़ई न्यूज़ चैनलों द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता व डायमंड हॉकी क्लब के अध्यक्ष महेश आज़ाद का इंटरव्यू भी लिया गया जिसमें महेश आज़ाद द्वारा बताया गया कार्यक्रम में फांसी का दृश्य विशेषज्ञयों की देख रेख में व सुरक्षा के पूर्ण इंतजाम के साथ दर्शाया गया था और चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता ने भी बताया कि वह यह कार्यक्रम एक दिन पूर्व भली-भांति देख चुके थे। जिसमें किसी भी प्रकार से बच्चों को लेकर कोई नगर पालिका परिषद पूरनपुर ने डायमंड हॉकी क्लब पूरनपुर को किया सम्मानित किया गया है।इस अवसर पर डायमंड क्लब के अध्यक्ष महेश आज़ाद, समाज सेवी अशोक खण्डेलवाल, सभासद सौरभ सक्सेना , अनुज गुप्ता सभासद , तौफीक अहमद कादरी ,सूरज बाथम सभासद ,घासीराम आजाद, राजीव सक्सेना एड , विकास गुप्ता , नितिन सक्सेना, दिनेश आजाद ,आलोक सक्सेना एड , विवेक तिवारी, सलिल आजाद, पप्पू वर्मा, बड़े वर्मा, सीटू, विकास रावत व अन्य क़ई सम्मानित जन उपस्थित रहे।

# नेशनल क्लीनलीनेस डे के अवसर पर किया श्रमदान बच्चों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत। प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में इको क्लब के अंतर्गत ''नेशनल क्लीनलीनेस डे'' का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा में बच्चों को पर्यावरण को क्षति पहुँचाने वाले विभिन्न कार्यों के विरुद्ध जागरूक किया गया। इस अवसर पर बच्चों को अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता के साथ-साथ अपने घर,विद्यालय तथा आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरुक किए जाने हेतु प्रेरित किया गया है।इसके साथ ही विद्यालय तथा आसपास की साफ सफाई हेतु शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलजुल कर श्रमदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना के निर्देशन में गाँव में एक जागरूकता रैली निकाली गई।जिसके माध्यम से जनमानस को पॉलीथीन का प्रयोग न करने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही पॉलीथीन एवं गंदगी से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित किया गया। रैली में बच्चों द्वारा बनाए गए स्वच्छता संबंधी चित्रों व पोस्टर तथा विभिन्न नारों के माध्यम से जनमानस को जागरूक किया गया। विद्यालय में स्वच्छता पर आधारित कला व पोस्टर प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कला व पोस्टर प्रतियोगिता में गुंजन, सोनी,रेनू,आकाश, आर्यन कुमार मौर्य,जशोदा, झलक वर्मा,साधना,प्रांशी, आयुषी,सोनाक्षी,साधना देवी, पल्लव मौर्य,अतुल कुमार, ऋषभ,मीनाक्षी,रजनी, दीपमाला,खुशबू,रश्मि वर्मा, संध्या और राजन आदि विद्यार्थियों को विजेता घोषित किया गया जबकि निबंध प्रतियोगिता में कृष्णा झलक वर्मा,ऋषभ, मीनाक्षी वर्मा, राजन और रजनी विजेता बने। सभी विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ममता देवी,अंजना शुक्ला,प्रगति धामी और प्राज्ञी अग्रवाल उपस्थित रहीं हैं।

# परिषदीय विद्यालय में टाह पौटा में वसंत पंचमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा में वसंत पंचमी का पर्व बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने माँ शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पश्चात स्कूल की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।प्रधानाध्यापक ने बच्चों को वसंत पंचमी के पर्व से जुड़ी आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक मान्यताओं से अवगत कराया। उन्होंने सभी बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों हेतु कला प्रतियोगिता तथा काइट मेकिंग कंपटीशन का भी आयोजन किया गया। कला प्रतियोगिता में दीक्षा, निर्मला, बरखा,अलका, राधिका, रिंकी, आराध्या, नंदिनी, सोनी, गुंजन, चंदा, आर्यन कुमार मौर्य,आकाश, अमन, रोशनी, झलक वर्मा, आयुषी, प्रांशी, खुशबू, अंजली, मीनाक्षी वर्मा, रश्मि, अमन कुमार, कृष्णा, पल्लव मौर्य और अतुल कुमार विजयी रहे जबकि काइट मेकिंग कंपटीशन में ऋषभ, जतिन, कौशल राज, कृष्णा और पल्लव मौर्य ने बाजी मारी। सभी विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ0 विभव सक्सेना ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ममता देवी, प्रगति धामी, प्राज्ञी अग्रवाल, अंजना शुक्ला उपस्थिति रहीं है।

# डीएम ने निर्माणाधीन मेडिकल कालेज व नर्सिंग कालेज का किया स्थलीय निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



अमेठी । जिलाधिकारी निशा अनंत ने आज तहसील तिलोई अन्तर्गत निर्माणाधीन मेडिकल कालेज व नर्सिंग कालेज का आकस्मिक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। मौके पर कार्य तीव्र गति से चलता पाया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था से सर्वप्रथम अब तक कराये गये कार्य की प्रगति की जानकारी ली इसके उपरांत जिलाधिकारी ने निर्माण इकाई को निर्देशित करते हुये कहा कि समस्त निर्माण कार्य तय समय में ही पूर्ण किया जाय। उन्होंने सम्बन्धित को निर्देशित करते हुये कहा कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री मानक के अनुरूप हो तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय।जिलाधिकारी निशा अनंत ने निर्माणाधीन एकेडमिक ब्लाक, एडमिन ब्लाक, आवासीय ब्लाक, लैब इत्यादि का गहनता से निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि वाहन पार्किंग स्थल, रोड निर्माण, बायोमेडिकल वेस्ट आदि का समुचित प्रबंध करने, नाले की समय समय पर साफ सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन नर्सिंग कालेज का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ज्ञातव्य हो कि मेडिकल कालेज का निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग इकाई अयोध्या द्वारा साढ़े सोलह एकड़ में कराया जा रहा है जिसमें तीन सौ बेड का अस्पताल, एक सौ सीटों का मेडिकल कॉलेज, एकेडमिक ब्लाक, ब्वायज/गर्ल्स हास्टल आदि का निर्माण कराया जा रहा है जिसका आज जिलाधिकारी द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# बरखेड़ा बीआरसी में पावर एंजिल के सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु सेल्फ एस्टीम प्रशिक्षण का हुआ समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पीलीभीत।विकास खंड बरखेड़ा बीआरसी पर स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत सेल्फ एस्टीम मीना मंच जीवन कौशल पावर एंजल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने हेतु विकास क्षेत्र की उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की मीना सुगमकर्ताओं का प्रशिक्षण हुआ संपन्न है।प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने पहुंचकर प्रशिक्षण की बारीकियों को समझा और सभी प्रतिभागियों से परिचर्चा की। प्रशिक्षण में प्रगति के पंख,आधा फुल कॉमिक सीरीज,अरमान माड्यूल सेल्फ डिफेंस आदि विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार पूर्वक परिचर्चा हुई। इस दौरान मीना मंच का गठन आत्मरक्षा क्लब सुगमकर्ता के कार्य पर भी विस्तार से चर्चा हुई।प्रशिक्षण के उपरांत सभी सुगमकर्ता अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों के सशक्तिकरण हेतु कार्य करेंगे। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर पूनम सहगल एवं रजनी जौहरी के द्वारा प्रदान किया गया।प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग सीमेट प्रयागराज के द्वारा की जा रही है। उक्त प्रशिक्षण जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, डीसी,खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार व जिला समन्वयक बालिका शिक्षा मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में संचालित किया गया है।खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार के द्वारा सभी सुगमकर्ताओं को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 10 वादों का हुआ तत्काल निस्तारण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**





सुलतानपुर। डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में तहसील लम्भुआ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जनता की समस्याओं को बहुत ही गम्भीरता के साथ सुनने के उपरान्त विभागीय अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। डीएम ने तहसील दिवस में आम जनमानस की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक समझ कर सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही एकीकृत प्रयास कर निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जन शिकायतों का निस्तारण सम्बन्धित अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट करें साथ ही सभी सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आवास से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण आज ही मौका मुवायना कर निस्तारित करायें तथा रिपोर्ट शिकायत पोर्टल पर अपलोड करें। इसी प्रकार विद्युत, वन, पूर्ति विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का आज ही निस्तारण कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 105 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 61, पुलिस विभाग के 18, विकास विभाग से सम्बन्धित 09 एवं अन्य 07 प्रार्थना प्राप्त हुए, जिनमें 10 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अवशेष 95 प्रार्थना पत्र सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु निर्देशित किये गये। इसी प्रकार अन्य समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कर जन शिकायतें सुनी गयी और सम्बन्धित तहसील स्तरीय अधिकारियों द्वारा निस्तारित किए गये।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 ओ0पी0 चौधरी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली चोपड़ा, उप जिलाधिकारी लम्भुआ मंजुल मयंक, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी तथा क्षेत्रीय खण्ड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिजनों के नाम फर्म बनाने वाले लोगों पर गिर सकती है गाज

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कतिपय कार्मिकों द्वारा अपने परिजनों के नाम फर्म बनाकर अतिरिक्त कार्य किये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीएसए ने एक पत्र जारी कर इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा है इसमें हीलाहवाली करने वाले लोगों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किये जाने की बात कही गई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी इस पत्र के बाद से महकमे में खलबली मच गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि प्रायः देखा जाता है कि विभाग में कार्यरत कतिपय कार्मिकों द्वारा स्वयं अथवा अपने सगे सम्बन्धियों यथा माता पिता, पत्नी, भाई, बहन, पुत्र-पुत्री इत्यादि के नाम फर्म बनाकर अतिरिक्त कार्य किया जाता है या सम्बंधित फर्म को भुगतान भी किया जाता है इसकी संभावना जनपद अमेठी के बेसिक शिक्षा विभाग में भी बनी रहती है जो कि शासन की मंशा के अनुरूप कदापि उचित नही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि उक्त के कम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय तथा अधीनस्थ कार्यालयों में समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है कि स्वयं अथवा अपने सगे सम्बन्धियों यथा माता पिता, पत्नी, भाई, बहन, पुत्र पुत्री इत्यादि के नाम कोई फर्म जनपद अमेठी के बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित नही है।इस आशय का प्रमाण पत्र अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में उच्चाधिकारियों को सूचित करते हुये अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किये गये इस आदेश से बेसिक शिक्षा विभाग जनपद अमेठी में खलबली मची हुई है।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। डीएम संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पाण्डेय की अध्यक्षता में तहसील पूरनपुर का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 17 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परक ढंग से निस्तारण करें, अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है, सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें, जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में एलडीएम, परियोजना निदेशक, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी पूरनपुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, सहायक आयुक्त उद्योग व तहसीलदार पूरनपुर, खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## जिले की अग्रणी संस्था ने महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं को कराया भोजन

सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा संचालित निःशुल्क रसोई के अंतर्गत हर बृहस्पतिवार को जरूरतमंदों को भोजन वितरण किया जाता है। यह सेवा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और रेलवे स्टेशन परिसर में मरीजों, तीमारदारों, यात्रियों और अन्य जरूरतमंदों के लिए जारी है। गुरुवार की देर रात रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ से लौटे सैकड़ों तीर्थयात्रियों को संघ के सदस्यों ने स्नेहपूर्वक भोजन कराया। दूर-दराज से लौट रहे यात्रियों को जब संस्था द्वारा निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराया गया, तो उनके चेहरे पर राहत और कृतज्ञता के भाव नजर आए। संघ के सदस्यों ने बताया कि यह सेवा जरूरतमंदों तक भोजन पहुँचाने की प्रतिबद्धता का हिस्सा है। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि यह अभियान सामाजिक सेवा और मानवता को समर्पित है और भविष्य में भी इसी तरह जरूरतमंदों की सहायता की जाएगी। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना की और संस्था को धन्यवाद दिया।

# सात दिवसीय बेसिक फॉर स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन कोर्स का हुआ समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



पीलीभीत।भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश पीलीभीत द्वारा आयोजित 7 दिवसीय बेसिक फॉर स्काउट मास्टर व गाइड कैप्टन कोर्स के समापन की पूर्व संध्या पर ग्रांड कैम्प फायर का आयोजन हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर,विशिष्ट अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार,जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अचल मिश्रा रहे हैं।कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के नाटक,गीत और डांस प्रस्तुत किए गए है।इस अवसर पर स्काउट एवं गाइड वर्क की चार-चार टीमें गठित की गई थी। उनके द्वारा भी लघु नाटिकाये एवं नृत्य प्रस्तुत किए गए। स्काउट वर्ग से नशा मुक्ति लघु नाटिका में हर्षित सक्सेना,रवि गुप्ता, कन्हैया,मानवेंद्र बर्मा,लाल करन,कपिल मिश्रा विनोद कुमार,मेनका पवार शामिल रहे वही गाइड सारस टोली से शमा,परवीन,रेनू सिंह, शशि,रितु तोमर, सत्यवती,विजयलक्ष्मी, पल्लवी,जनत कौर,नेहा के साथ भारत की विविधता में एकता को दिखाने हेतु भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोकगीत लोक नृत्य को प्रस्तुत किया था और अंत में हमारे देश के झंडे के सम्मान में सारे जहां से अच्छा गीत भी उसमें शामिल किया गया था।स्काउट वर्ग से देवेंद्र कन्हैया ने एक देश भक्ति गाना प्रस्तुत किया जिस गाने को सुनकर मंत्र मुक्त होकर स्काउट वर्ग के कई स्काउट एंड गाइड्स गाने पर मंत्र मुक्त होकर नाचने लगे।गाइड वर्ग ने भी एक लघु नाटक का प्रस्तुत की जिसमें मटरू का ब्याज नमक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि आप सभी की लग्न और स्काउट गाइड के प्रति निःस्वार्थ भावना को देखकर लगता है।इस बार प्रदेश मे जनपद अपना सर्वोत्तम जनपद रहेगा।इस अवसर पर शिविर संचालिका कुसुम चौहान,प्रशिक्षक विजय कुमार पाटिल,जमुना वती, गोपाल,जिला बुलबुल कमिश्नर पूजा छाबड़ा,सह सचिव हितेश शुक्ला,जिला संगठन आयुक्त स्काउट अभिषेक पांडे,जिला संगठन आयुक्त गाइड शालिनी पांडे,जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सचिन सक्सेना,आईटी कॉर्डिनेटर अभिषेक प्रजापति,धनश्याम भारद्वाज,वीर सिंह, योगेश मौर्य,राज कमल,अजय पाल शर्मा,सुगंध अग्रवाल, परिणीता सिन्हा,नरेंद्र गंगवार,आदि उपस्थित रहे।

## परिजनों के नाम फर्म बनाने वाले लोगों पर गिर सकती है गाज

अमेठी । बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत कतिपय कार्मिकों द्वारा अपने परिजनों के नाम फर्म बनाकर अतिरिक्त कार्य किये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कड़ा रुख अख्तियार किया है। बीएसए ने एक पत्र जारी कर इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा है इसमें हीलाहवाली करने वाले लोगों के खिलाफ विभागीय कार्यवाही किये जाने की बात कही गई है।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी इस पत्र के बाद से महकमे में खलबली मच गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि प्रायः देखा जाता है कि विभाग में कार्यरत कतिपय कार्मिकों द्वारा स्वयं अथवा अपने सगे सम्बन्धियों यथा माता पिता, पत्नी, भाई, बहन, पुत्र-पुत्री इत्यादि के नाम फर्म बनाकर अतिरिक्त कार्य किया जाता है या सम्बंधित फर्म को भुगतान भी किया जाता है इसकी संभावना जनपद अमेठी के बेसिक शिक्षा विभाग में भी बनी रहती है जो कि शासन की मंशा के अनुरूप कदापि उचित नही है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि उक्त के कम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय तथा अधीनस्थ कार्यालयों में समस्त कार्मिकों को निर्देशित किया जाता है ।

## सरकारी स्कूलों पर भरोसा

निर्विवाद रूप से आम लोगों की धारणा सरकारी स्कूलों के प्रति अच्छी नहीं रहती। थोड़ी आर्थिक स्थिति सुधरते ही लोग अपने बच्चों को महंगे निजी स्कूलों में भेजने को आतुर हो जाते हैं। कोरोना संकट ने बताया था कि जब तमाम लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हुई और नौकरियां गई, तो सरकारी स्कूलों ने उनके बच्चों को सहारा दिया। आंकड़े बताते हैं कि कोरोना संकट के दौरान व बाद में सरकारी स्कूलों में बच्चों के दाखिलों में खासी तेजी आई थी। लेकिन यह सवाल नीति-नियंताओं के लिये विचारणीय है कि बेहतर संरचनात्मक सुविधाओं व ऊंचे वेतनमान वाले शिक्षकों के बावजूद सरकारी स्कूल जनमानस की आकांक्षाओं की कसौटी पर खरे क्यों नहीं उतरते। समाज के संपन्न तबके व अधिकारियों के बच्चे सरकारी स्कूलों में जाने से गुरेज क्यों करते हैं? बहरहाल, एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट यानी असर 2024 के जो निष्कर्ष बीते मंगलवार को दिल्ली में जारी किए गए, वे नई उम्मीद जगाते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को लेकर किए गए अध्ययन वाली असर की रिपोर्ट बताती है कि देश में छह से चौदह वर्ष के बच्चों के पढ़ने की क्षमता और गणितीय कौशल में कोरोना संकट के बाद सुधार देखा गया है। सरकारी स्कूलों में तीसरी कक्षा के बच्चों के पढ़ने की बुनियादी क्षमता में पहले से सुधार हुआ है। जो पिछले दो दशकों में सर्वोत्तम स्तर पर है। अच्छी बात यह है कि सरकारी व निजी दोनों स्तर पर स्कूलों में विद्यार्थियों के बुनियादी गणितीय कौशल में सुधार देखा गया। जो पिछले एक दशक में बेहतर है। अब कक्षा तीन के छात्र घटाव के प्रश्न हल करने में सक्षम हैं। वहीं कक्षा पांच के बच्चे भाग के प्रश्न हल कर सकते हैं। अच्छी बात यह भी कि देशभर के स्कूलों में सीखने के स्तर में भी सुधार आया है। यह स्तर 2010 तक स्थिर था, फिर इसमें गिरावट का ट्रेंड देखा गया था। दरअसल,कोरोना काल में बच्चों के सीखने की क्षमता में गिरावट देखी गई। महामारी के चलते स्कूल बंद होने के बाद बच्चे पढ़ नहीं पाए। अधिकांश बच्चों के पास स्मार्टफोन नहीं थे। वहीं घर में माता पिता के कम पढ़े-लिखे होने या अनपढ़ होने से बच्चों का सीखने का मूलभूत कौशल प्रभावित हुआ था। बच्चे पहले का सीखा भूल गए और बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूल भी छोड़ना पड़ा। असर की रिपोर्ट बताती है कि जहां नामांकन प्रतिशत में वृद्धि हुई है,वहीं डिजिटल साक्षरता की दर में भी वृद्धि देखी गई है। सुखद है कि कोरोना काल के बाद स्कूलों में पढ़ाई को लेकर गंभीरता देखी गई है। जागरूकता अभिभावकों के स्तर पर भी देखी गई है। हालांकि, बीते वर्ष के मुकाबले छह से चौदह वर्ष तक के बच्चों के दाखिलों में कमी देखी गई है। जिसकी वजह है कि कोरोना संकट के चलते रोजगार प्रभावित होने से जो बच्चे सरकारी स्कूलों की तरफ आए थे, वे फिर आय बढ़ने पर निजी स्कूलों की ओर रुख करने लगे हैं। दरअसल, सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर भरोसा कायम करने की जरूरत है। वैसे सरकारी स्कूलों में भी स्मार्टफोन इस्तेमाल करने वाले बच्चों की संख्या बढ़ी है। वहीं दूसरी असर की रिपोर्ट में पंजाब को लेकर कहा गया है कि स्कूली बच्चे पंजाबी पढ़ने को लेकर निराशाजनक प्रदर्शन कर रहे हैं। पंजाब सरकार के स्कूलों में कक्षा तीन के केवल 34 फीसदी छात्र ही दूसरी कक्षा की पाठ्य पुस्तकें पढ़ सकते हैं। हालांकि, पढ़ने की क्षमता और अंकगणित की समस्याओं के हल करने के मामले में सरकारी स्कूलों ने निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया । लेकिन चौंकाने वाली बात यह कि सरकारी व निजी स्कूलों के तीसरी कक्षा के 15 फीसदी से अधिक छात्र ही गुरुमुखी लिपि के अक्षर पढ़ सकते हैं, शब्द नहीं। वहीं 4.6 फीसदी छात्र पंजाबी के अक्षर भी नहीं पढ़ सकते। हालांकि, बुनियादी ढांचे के मोर्चे पर पंजाब राष्ट्रीय औसत से बेहतर स्थिति में रहा है। राष्ट्रीय स्तर से बेहतर 97.4 स्कूलों मे मध्याह्न भोजन परोसा गया। वहीं राष्ट्रीय औसत 11.1 के मुकाबले 32.7 फीसदी स्कूलों में छात्र कंप्यूटर का उपयोग करते हैं। लेकिन अभी सुधार की बहुत गुंजाइश है।

# शांति, संस्कृति एवं शिक्षा का महापर्व है बसंत पंचमी

**बसंत पंचमी पर विशेष**

बसंत पंचमी या श्री पंचमी हिन्दुओं का प्रमुख सांस्कृतिक एवं धार्मिक त्यौहार है। इस दिन विद्या की देवी सरस्वती, कामदेव और विष्णु की पूजा की जाती है। यह प्रकृति के सौंदर्य, नई शुरुआत, और सकारात्मकता का उत्सव भी है। इस दिन देवी सरस्वती की पूजा से मन में शांति और ज्ञान का संचार होता है। यह पर्व हमें सिखाता है कि जीवन में शिक्षा, कला, सौन्दर्य और प्रकृति का सम्मान करना कितना महत्वपूर्ण है। शास्त्रों में बसंत पंचमी को ऋषि पंचमी से उल्लेखित किया गया है। प्राचीन भारत और नेपाल में पूरे साल को जिन छह ऋतुओं में बांटा जाता था उनमें बसंत लोगों का सबसे मोहक, मनोरम एवं मनचाहा मौसम था। बसंत पंचमी मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, संगीत की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा एवं सौन्दर्यमय त्योहार है, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है, मां सरस्वती की पूजा करने से मां लक्ष्मी और देवी काली भी प्रसन्न होती हैं। बसंत पंचमी के 40 दिन बाद होली का पर्व मनाया जाता है, इसलिए बसंत पंचमी से होली के त्योहार की शुरुआत मानी जाती है। मान्यता है कि बसंत पंचमी को देवी सरस्वती का जन्म हुआ था। इसी दिन वह हाथों में पुस्तक, वीणा और माला लिए श्वेत कमल पर विराजमान होकर प्रकट हुई थीं। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफ़ेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए। सफ़ेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। मां सरस्वती हमेशा सफ़ेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। मां सरस्वती को पीले रंग प्रिय है, मान्यतानुसार पीला रंग सुख-समृद्धि और ऊर्जा का प्रतीक माना जाता है। पीला रंग बसंत पंचमी का मुख्य प्रतीक है। पीले रंग को सरस्वती मां का प्रिय रंग भी कहा जाता है। पीले फूलों को मां पर अर्पित किया जाता है, पीले रंग की साज-सज्जा की जाती है और पीले रंग के चावल माता को भोग में चढ़ाने शुभ माने जाते हैं। बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरुआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें। बसंत पंचमी के साथ, बसंत ऋतु की शुरुआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरुआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है, यही इसका अलौकिक सौन्दर्य है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी, वीणा और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणावादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है। –ललित गर्ग

सफ़ेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। मां सरस्वती हमेशा सफ़ेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि का परित्याग करना चाहिए। मां सरस्वती को पीले रंग प्रिय है, मान्यतानुसार पीला रंग सुख-समृद्धि और ऊर्ज़ा का प्रतीक माना जाता है। पीला रंग बसंत पंचमी का मुख्य प्रतीक है। पीले रंग को सरस्वती मां का प्रिय रंग भी कहा जाता है। पीले फूलों को मां पर अर्पित किया जाता है, पीले रंग की साज-सज्जा की जाती है और पीले रंग के चावल माता को भोग में चढ़ाने शुभ माने जाते हैं। बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरुआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें।

# 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के एक दशक

**विजय गर्ग**

बेटियां केवल परिवार का हिस्सा नहीं, बल्कमाज और राष्ट्र के विकास का आधार हैं। फिर भी लंबे समय से बेटियों के साथ भेदभाव और असमानता की समस्याएं हमारे समाज में व्याप्त रहीं। इनको समाप्त करने और बेटियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 22 जनवरी, 2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान की शुरुआत की गई। आज इस पहल को एक दशक पूरा हो गया है। भारत में घटते लिंगानुपात, कन्या भ्रूण हत्या और बालिकाओं की शिक्षा पर ध्यान न देने जैसी समस्याओं ने सरकार को इस तरह के अभियान को शुरू करने की प्रेरणा दी। इसके मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार करना, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना, महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना है। एक सशक्त समाज का निर्माण करने के लिए बालिकाओं को आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाना भी इसका लक्ष्य है।

आज कई जिलों में बाल लिंगानुपात में सुधार देखा गया है। हरियाणा, जो पहले बेटियों के लिए सबसे खराब स्थिति वाले राज्यों में था, वहां अब सुधार हो रहा है। लड़कियों के स्कूल नामांकन में वृद्धि हुई है। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में जहां लड़कियों को स्कूल भेजने की प्रवृत्ति कम थी। इस अभियान के तहत समाज में बेटियों के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ी है। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' नारा हर गांव, शहर और राज्य तक पहुंचा है। भ्रूण लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान ने महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा दिया है। चाहे वह खेल हो, विज्ञान, प्रशासन, या राजनीति हो, हर क्षेत्र में बेटियां आगे आ रही हैं। उनकी उपस्थिति निरंतर बढ़ी है। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान ने कई सकारात्मक बदलाव किए हैं, पर इसे पूरी तरह सफल बनाने के लिए और प्रयास की आवश्यकता है। जैसे जमीनी स्तर पर बदलाव की गति धीमी है, क्योंकि कई क्षेत्रों में आज भी पुरानी रूढ़ियां और पितृसत्तात्मक सोच हावी है। अभी भी शिक्षा में असमानता देखने को मिल रही है। हालांकि बेटियों का स्कूल नामांकन बढ़ा है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में अभी भी शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। समाज में मानसिकता के परिवर्तन की बहुत आवश्यकता है। इसलिए सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लड़कियों को बोझ मानने की मानसिकता को पूरी तरह खत्म करना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना जरूरी है। बेटियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की गारंटी के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित करनी होगी। जब बेटियां सशक्त होंगी, तभी समाज और देश का वास्तविक विकास संभव होगा।

आज कई जिलों में बाल लिंगानुपात में सुधार देखा गया है। हरियाणा, जो पहले बेटियों के लिए सबसे खराब स्थिति वाले राज्यों में था, वहां अब सुधार हो रहा है। लड़कियों के स्कूल नामांकन में वृद्धि हुई है। खासकर ग्रामीण और पिछड़े इलाकों में जहां लड़कियों को स्कूल भेजने की प्रवृत्ति कम थी। इस अभियान के तहत समाज में बेटियों के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ी है।

## सेहत मंत्र

### एग्रोफोबिया है युवाओं में डिप्रेशन का सबसे बड़ा कारण

इस बात को तो आप भी सच मानते होंगे कि डिप्रेशन युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन बन रहा है। अगर आपके आसपास 5 से 6 लोग रहते हैं तो यकीनन उनमें से 1 व्यक्ति जरूर डिप्रेशन का शिकार होगा। यह बात अलग है कि हमें डिप्रेशन के लक्षण समझ नहीं आते हैं या कई बार हम इसे डिप्रेशन मानने से ही इंकार कर देते हैं। डिप्रेशन कहीं न कहीं फोबिया से संबंध रखता है। अगर किसी इंसान को किसी चीज के पास जाने में या किसी चीज को खोने में डर लगता है तो वह उसकी कमजोरी बनेगा और धीरे धीरे यही डिप्रेशन यानि कि तनाव का रूप ले लेता है। आज हम आपको बता रहे हैं कि एग्रोफोबिया किस तरह से युवाओं के लिए खतरनाक है। एग्रोफोबिया विचित्र प्रकार का डर होता है। इसमें व्यक्ति को बिना किसी कारण के ही डर लगता रहता है। यह डर किसी चीज, व्यक्ति, जानवर या परिस्थिति से जुड़ा हुआ न होकर खुद के प्रति ही होता है। एग्रोफोबिया के होने पर किसी खुली सार्वजनिक जगह जैसे बाजार या गली में अकेले जा पाना मुश्किल हो जाता है। बाहर निकलते ही अजीब सी बेचैनी और घुटन होने लगती है। फोबिया एक बीमारी है, जिसमें व्यक्ति में किसी खास वस्तु, कार्य एवं परिस्थिति के प्रति डर उत्पन्न हो जाता है। इसमें वह उन चीजों या स्थिति से बचने की कोशिश करता है। फोबिया में व्यक्ति अपने डर की सोच भी डरने लगता है कि उसकी मानसिक व शारीरिक क्षमताओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसमें डर वास्तविक या काल्पनिक दोनों तरह का हो सकता है। ब्रिटिश वैज्ञानिकों शोध टीम का नेतृत्व करने वाले डीन मोब्स के अनुसार, किसी चीज, लोग, जानवर और परिस्थितियों से बिना किसी बात का डर और लगातार होता डर ही फोबिया कहलाता है। आमतौर पर फोबिया में व्यक्ति को बंद स्थानों, ऊचाई, हाईवे ड्राइविंग, सुरंग या पुल उड़ते हुए पक्षियों-कीड़े मकोड़ों, सांप, तूफान, पानी, अंधेरे, खून बहने या चोट लगने का डर या इंजेक्शन अथवा किसी भी अन्य चीज से डर लगता है। अधिकतर फोबिया बचपन में होता है लेकिन यह वयस्कों को भी हो सकता है। आमतौर पर फोबिया से पीड़ित लोग अपने डर से दूर ही रहते हैं, लेकिन अनजाने में अपने अगर डर को सामने देखकर उन्हें फोबिया का दौरा पड़ता है। ऐसे में उनमें तनाव, बेचैनी, पसीने आना, परिस्थिति या लोगों से दूर भागना, सिर में भारीपन, कानों में अलग-अलग आवाजें सुनाई देना, दिल की धड़कन बढ़ जाना, सांस तेज होना, डायरिया, चक्कर आना, शरीर में कहीं भी दर्द को महसूस करना, पेट खराब हो जाना, ब्लड प्रेशर बढ़ना या कम हो जाना जैसी दिक्कतें दिखाई देती हैं।

## धर्म मंत्र

### सबकुछ दिलाता है 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजन

महालक्ष्मी के पूजन का यह सोलह दिवसीय अनुष्ठान भाद्रपद शुक्ला अष्टमी से प्रारम्भ होकर आश्विन कृष्णा अष्टमी को पूर्ण होता है। धनधान्य की देवी महालक्ष्मी को प्रसन्न करने हेतु सोलह दिन तक लगातार व्रत और उनकी पूजा तो की ही जाती है सोलह धागों से बना हुआ सोलह गांठयुक्त एक धागा भी हाथ में बांधा जाता है। अंतिम दिन पूजा करते समय इस धागे को उतार कर किसी सरोवर अथवा नदी में विसर्जित कर दिया जाता है। अनुष्ठान के एक दिन पूर्व सूत के सोलह धागों का एक डोरा बनाकर उसमें सोलह गांठें लगाई जाती हैं। फिर उसे हल्दी में रंग कर सुखा लेते हैं। व्रत और पूजा करने वाली स्त्रियां प्रतिदिन प्रातः काल किसी नदी या सरोवर में स्नान करके सूर्य को अर्घ्य देती हैं। सुहागिन स्त्रियां चालीस अंजलि और विधवा सोलह अंजलि अर्घ्य देती हैं। इसके बाद घर आकर एक चौकी पर डोरा रखकर लक्ष्मीजी का आह्वान करती हैं और डोरे का पूजन करती हैं। फिर सोलह बोल की यह कहानी कहती हैं? 'आमोती?दमोती रानी, पोला?परपाटन गांव, मगरसेन राजा, बंभन बरूआ, कहे कहानी, सुनो हे महालक्ष्मी देवी रानी, हम कहते तुमसे, सुनते सोलह बोल की कहानी।' इसी प्रकार आश्विन कृष्णा अष्टमी तक सोलह दिन व्रत और पूजा की जाती है। आश्विन कृष्णा अष्टमी अर्थात क्वार के प्रथम पक्ष की आठे को एक मंडप बनाकर उसमें लक्ष्मी जी की मूर्ति, डोरा और एक मिट्टी का हाथी रखकर पूजा की जाती है और फिर सोलह बार उपरोक्त कहानी कहकर अक्षत छोड़ती हैं। पूजा के लिए सोलह प्रकार के पकवान बनाये जाते हैं और पूरे धूमधाम से पूजा की जाती है। सोलह ब्राह्मणियों को भोजन कराकर पूजा की सभी वस्तुएं उन्हें दे दी जाती हैं और डोरे को सिरा दिया जाता है।

**पर्यटन**



### वारसा में शहर की सड़कों से लेकर इमारतें तक समेटे हुए हैं रोचक इतिहास

शाम का समय था और तापमान शरीर को जमा देने वाली बिंदु तक पहुंच चुकी थी। हम में से किसी को हिम्मत नहीं हो रही थी कि वैन से निकलकर सिटी सेंटर के टॉवर बिल्डिंग में स्थित पैलेस ऑफ कल्चर एंड साइंस की सैर करें। फिर हमारे टूर गाइड ने कहा कि इसकी सैर नहीं करना हमारे लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा और साथ ही इसे अंतिम पड़ाव भी बताया। लेकिन यह उसकी चाल थी, क्योंकि इसके बाद भी यही बात दोहराते हुए उसने दो और स्थलों का दौरा करवाया। हम पौलैंड की राजधानी वारसा में थे, जहां का तापमान जमाव बिंदु से दो डिग्री नीचे था। हम सभी ने भारत से उसी दिन उड़ान भरी थी और इतने कम तापमान की उम्मीद नहीं की थी। हमारे गर्म कपड़े और जैकेट भी इतनी कड़कड़ाती ठंड में नाकाफी साबित हो रहे थे। इसके बाद हम पोलैंड की सबसे ऊंची इमारत, जिसे स्टालिन पैलेस के नाम से भी जाना जाता है, को देखने का विचार बनाया। टॉवर के निर्माण का कार्य स्टालिन ने शुरू करवाया था और रूस की तरफ से पोलैंड को यह इमारत को तोहफ़े में दी थी। इमारत में सिनेमा, थियेटर, लाइब्रेरी, स्पोर्ट्स क्लब, यूनिवर्सिटी के अलावा और भी काफी कुछ है। लिफ्ट के जरिए छत पर जाकर वारसा शहर के खूबसूरत नजारे को निहारा जा सकता है। द्वितीय विश्र्व युद्ध के दौरान नाजियों द्वारा पूरी तरह तबाह किए जाने के बाद इसे फिर से बसाया गया और आज के दिन यह पोलैंड का सबसे बड़ा शहर है। यहां से पुराने शहर में छोटे पत्थरों से बनी सड़कों पर सैर की जा सकती है और विश्र्वस्तरीय खान-पान और यूरोप के कुछ बेहतरीन बार का आनंद भी लिया जा सकता है। सुबह के साढ़े 9 बजे हम वारसा के ओकेसी एयरपोर्ट पर उतरे। मौसम ठीक था और धूप खिली थी - जो घूमने के लिए उपयुक्त था। जैसे ही हम अपने होटल पोलोनिया पैलेस पहुंचे वहां हमारा गाइड पहले से ही मौजूद था, जो हमें सैर-सपाटे पर ले जाने के लिए तैयार था। हमने जल्दी नाश्ता किया और शहर को देखने निकल पड़े। अचानक एक आसमानी नीले रंग की नायसा वैन हमारे सामने आकर रूकी। पहले हमने सोचा कि यह किसी और के लिए है, लेकिन हमारे गाइड ने हमें वैन में चढ़ने को कहा।

# अब खेल-खेल में पढ़ेंगे नौनिहाल किट पाकर मुदित दिखे बच्चे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिद्धौर मसौली बाराबंकी। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अब बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाएगा। इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों को खेल की किट दी जा रही है। इस किट में 20 प्रकार की सामग्री शनिवार को पंचायत भवन त्रिलोकपुर मे 7 आंगनवाड़ी केंद्रो को प्रदान की गयी। सीडीपीओ वीना यादव ने कहा कि बच्चों की प्रथम पाठशाला आंगनबाड़ी केंद्र है।जहां उनका मानसिक विकास हो। आंगनबाड़ी केंद्र पर आंगनबाड़ी किट वितरण व उसके उपयोग के बारे में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा आंगनवाड़ी केंद्रो को जार, डाक्टर किट, किचन सेट, माचिस, टेम्बो जम्बो बिड्स, टमब्लिंग टावर, चम्मच, बटन, स्मार्ट विल्डर्स, ग्राफिक डिजायनर, फूटबाल, स्टेकिंग रोप्स, फामकट आउट, सलवर पाईप, थ्रेड चैलेन्ज, सेप सालटर, आइसक्रीम स्टीक, ग्लास लैंस, टिमपेपर्स का वितरण किया गया। सुपरवाइजर अंजली वर्मा और दीपा बोरा मैम ने इससे पूर्व प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के सुरेश गुप्ता ने सीडीपीओ बीना यादव को गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया इस दौरान दीपक यादव अजय यादव एव अनुराग मिश्रा सहित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहे।

सिद्धौर प्रतिनिधि के अनुसार विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जमलापुर में शनिवार को प्रथम एजूकेशन फाउंडेशन द्वारा ब्लाक क्षेत्र के तीन आंगनबाड़ी केंद्र ,जमलापुर , छूलापाही प्रथम, और द्वितीय को टी.एल.एम. किट का वितरण किया गया।

किट वितरण अवसर पर प्रथम एजूकेशन फाउंडेशन के सी.आई.एम.पंकज कुमार ने आंगनबाड़ी केंद्रों को उपलब्ध कराई गयी। उक्त सामग्री की उपयोगिता के बारे में समझाया बताया।और बच्चे खेल कूद कर पढ़ाई कर सकेंगें। जिससे उनका विकास होगा।वही जमलापुर

प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक चंद्र शेखर सिंह ने कहा कि सभी लोग जिम्मेदारी के साथ अपने बच्चों को समय से पढ़ने भेजें । जिससे बच्चें ज्ञान हांसिल कर आगे बढ़े।इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री सरला वर्मा, सरिता देवी, समेत बच्चों की माताएं और विद्यालय की सहायक अध्यापक सुभाषी वर्मा,शिक्षा मित्र मधु वर्मा, सावित्री देवी आदि लोग मौजूद रहे।

# समाधान दिवस में फरियादियों से रूबरू हुए डीएम शशांक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### आमजन को कुर्सी बैठाया, फिर सुनी समस्याएं

रामनगर बाराबंकी। नवागत जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह की उपस्थिति में तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों के साथ पूर्ण मनोयोग से जन शिकायतें सुना।जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शिकायतें सुनने से पहले फरियादियों के लिए बैठने की व्यवस्था कराई।जिससे वे सुविधाजनक तरीके से अपनी समस्याएं रख सकें।यह पहली बार देखा गया कि फरियादियों को कुर्सी पर बैठाकर उनकी समस्याएं सुना गया।जिलाधिकारी ने बिजली विकास पुलिस स्वास्थ्य शिक्षा व जलनिगम सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के आदेश दिए।इस दौरान पूरा अमला सक्रिय नजर आया। प्रस्तुत शिकायतों में राजस्व विभाग 70 पुलिस 9 विकास विभाग 25 खाद्य एवं रसद विभाग 7 महिला कल्याण विभाग 1 स्वास्थ्य 2 विद्युत विभाग 4 व अन्य 6 मामलों सहित कुल 124 प्रार्थनापत्र आए जिनमें से 31समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया।समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ग्राम सिलौटा पहुंचे जहां उन्होंने क्षतिग्रस्त कटका नाला पुल देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस मौके पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह एसडीएम रामनगर पवन कुमार,खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह नायब तहसीलदार अभिषेक व सैयद तहजीब हैदर सूरतगंज थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी बीएसए संतोष देव पांडे उपखंड अधिकारी मनोज यादव, अधिशासी अभियंता बिजली विभाग दिलीप कुमार यादव एडीओ डॉ.दलबीर सिंह खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं के अनुरूप कार्य करें और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें।

सिरौलीगौसपुर के मुताबिक तहसील के पारिजात सभागार में उपजिलाधिकारी काव्या सी की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान में कुल 32 शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी ने सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि बच्ची हुई शेष शिकायतों को समय से गुणवत्ता परक निस्तारण करें। एसडीएम काव्या सी और बीडीओ अदिती श्रीवास्तव ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए स्पष्ट निर्देश दिए।

# महानिदेशक ने किया एसएनसीयू सेंटर का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। सिरौली गौसपुर स्थित संयुक्त चिकित्सालय में नव स्थापित एसएनसीयू सेंटर का उद्घाटन उत्तर प्रदेश की परिवार कल्याण एवं मातृ शिशु महानिदेशक डॉ. सुषमा सिंह द्वारा संयुक्त निदेशक डॉ. शारदा चौधरी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार यादव की उपस्थिति में पूर्ण भव्यता मध्य किया। इस विशेष वार्ड में जन्म से लेकर 28 दिन तक के शिशुओं का उपचार किया जाएगा। यहाँ नवजात बच्चों की सांस की समस्या, पीलिया जैसी बीमारियों का इलाज उपलब्ध होगा। वार्ड में स्टाफ नर्स अर्चना को तैनात किया गया है। महानिदेशक ने अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नीलम गुप्ता को विशेष निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (एन्क्र्ए) और

### नवजात शिशुओं को उपलब्ध होगा सुगम उपचार

संयुक्त चिकित्सालय के बीच बेहतर समन्वय बनाने पर जोर दिया। साथ ही लेबर रूम से एसएनसीयू वार्ड के बीच आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक विशेष चैनल बनाने और वहां सुरक्षा गार्ड की तैनाती के आदेश दिए, जिससे मरीजों और स्वास्थ्य कर्मियों को आने-जाने में सुविधा होगी।यह नई सुविधा क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो नवजात शिशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मददगार साबित होगी।

# संदिग्ध अवस्था में फंदे से लटक कर विवाहिता ने दी जान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के संडवा भेलू गांव में एक महिला का शव घर मे कड़ी से साड़ी के सहारे लटका सूचना मिलने पर मौके पर पहुची पुलिस ने बरामद किया है, मृतका के चेहरे पर चोट के गंभीर घाव होने पर फोरेंसिक टीम को बुलाया मौके पर बुलाया गया, सूचना पर सीओ,थाना असंदरा प्रभारी व चौकी दिलौलापुर इंचार्ज भी पहुँचे तथा पूरे मामले की जांच कर रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना असंदरा की पुलिस चौकी दिलौलापुर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संडवा भेलू गांव में शनिवार की सुबह करीब 30 वर्षीय शिखा विश्वकर्मा पत्नी मल्हू विश्वकर्मा का शव घर के अंदर कच्ची छत की कड़ी से साड़ी से सन्दिग्ध परिस्थितियों में लटका होने की सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया तो मृतका के चेहरे पर घाव के निशान थे।मृतका के मायके कोठी थाना अंतर्गत डीहा रहीम पुर से भी लोग मौके पर पहुचे। पुलिस में मृतका के चेहरे पर घाव के निशान व अन्य पहलुओं को गंभीरता से लेते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया। मौके पर पहुची फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल पर बारीकी से जांच की। मौके पर सीओ रामसनेहीघाट,थाना असंदरा प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह सहित भारी पुलिस फोर्स पहुची। चौकी दिलावलपुर इंचार्ज परमेंद्र सिंह ने बताया कि संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका हुआ महिला का शव बरामद हुआ है, मामले की जांच की जा रही है, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्यवाई की जाएगी,अभी मामले से संबंधित तहरीर नही मिली है तहरीर मिलने के बाद कार्यवाई की जाएगी।

# लापता श्रद्धालुओं की तलाश की जाए : सुमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जनपद में महाकुंभ का मेला चल रहा है। मेला आयोजकों की लापरवाही अव्यवस्था अदूरदर्शितापूर्ण निर्णयों के कारण महाकुंभ मेले में लगभग 6 जगह पर भगदड़ होने के कारण लगभग 39 लोगों की मृत्यु व लगभग 1500 लोग लापता बताए जा रहे हैं। और अयोध्या, वाराणसी, चित्रकूट व प्रयागराज में मिर्ज़ापुर के रास्तों को ब्लॉक कर जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया गया है। अफरा तफरी का माहौल है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने राज्यपाल को पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है कि कि मेला आयोजकों पर गैर इरातन हत्या का मुकदमा दर्ज कराकर कर प्राथमिकता के आधार पर मेला आयोजकों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा लापता लोगों को अविलंब जिंदा है या मृत्यु पुष्टि की जावे।

### भूमि पूजन संग मंदिर निर्माण शुरू

निंदूरा बाराबंकी। निंदूरा क्षेत्र के गढ़िया गांव में शनिवार को सिद्ध पीठ श्री माता मैया धाम में दो नवीन मंदिरों का भूमि पूजन के बाद निर्माण का शुरू हुआ। इस मौके पर हिंदू वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव प्रकाश शुक्ला व महंत मोनू पांडेय , रविकांत शुक्ला ,मनोज शुक्ला ,अरुण पांडे ,राजू पांडे ,जिला पंचायत सदस्य पूनम कनौजिया तथा काफी संख्या में क्षेत्र के लोगों उपस्थित रहे।

# डीएम और एसपी ने महादेवा मेला परिसर का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी । जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह के साथ शनिवार को महादेवा मेला परिसर का निरीक्षण किया। आने वाली महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत महादेवा में लाखों की संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक करने महादेवा आते है, जिसके लिये पर्याप्त बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, रूट डाइवर्जन सहित मेला परिसर में साफ-सफाई व स्वच्छता आदि सहित समस्त व्यवस्थाओं के विषय में सम्बंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गनेशपुर मरकामऊ संपर्क मार्ग (निकट चौका घाट) पर बने कटका नाले के क्षतिग्रस्त पुल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जबतक पुल का पुनर्निर्माण नहीं हो जाता तबतक रूट डाइवर्जन की वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

### दिवंगत भाजपा नेता के घर पहुंचे राज्यपाल आरिफ



बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बिहार राज्य के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान शनिवार को दिवंगत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष स्व. सुधीर कुमार सिंह सिद्धू के निवास पर पहुंचकर उनके पुत्रों गुरुदीप सिंह सिद्धू व इं.जयदीप सिंह तथा परिवारीजन से स्मृतियां साझा की। और परिवार को सांत्वना दी।इस अवसर पर जिला महामंत्री संदीप गुप्ता सभासद सुशील गुप्ता ,पूर्व नगर अध्यक्ष विष्णु वर्मा ,नगर अध्यक्ष सूरज सिंह ,जिला उपाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ अभिषेक सिंह ,भूपेंद्र शुक्ला ,सुनील जायसवाल ,जिला पंचायत सदस्य मनोज सोनी ,परिणय श्रीवास्तव राजा क़ासिम ,शादाब,चंद्र प्रकाश गुप्ता तथा गणमान्यजन उपस्थित रहें।

### अनुशासन,सहयोग, नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं खेल : करूणा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय घुंघटेर में आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शनिवार को यादगार समापन हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि राजकीय हाई स्कूल कॉलेज घुंघटेर की प्रधानाध्यापिका श्रीमती करुणा ने विजेता व उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।खेल-कूद प्रतियोगिता में लंबी कूद , ऊंची कूद ,दौड़ व कबड्डी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।इस अवसर राजकीय इंटर कॉलेज घुंघटेर प्रधानाध्यापिका ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि यह बच्चों में अनुशासन, सहयोग और नेतृत्व के गुण भी विकसित करता है।उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी अपनी रुचि बढ़ाएं, क्योंकि यही सफलता का आधार बनते हैं।इस दौरान बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।जिससे देख कर उपस्थिति अभिभावकों, शिक्षकों व अतिथियों ने सराहना की।इस मौके पर ग्राम प्रधान हनुमान, अध्यापक अमित , अश्विनी कुमार ,श्रीमती मालती देवी ,अबिदा खातून सहित अभिभावक उपस्थित रहे।

### शारदा संगोष्ठी एवं धूमधाम से मना वार्षिकोत्सव

बनीकोडर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शिक्षा क्षेत्र बनीकोडर अंतर्गत रेहरिया,शोभापुर, सनौली दिलोना,वीर,नारायणपुर, सोहास,पूरे दुलन,देवकली,धुनौली ठाकुरान यूपीएस, हूंसेपुर कंपोजिट, अहमदपुर यूपीएस एवं प्रथम, सहादतगंज सकौली सहित अन्य विद्यालय में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव मनाया गया।बीईओ संजय कुमार राय ने कंपोजिट विद्यालय रेहरिया में पहुंच कर मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।श्री राय ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बेसिक के बच्चे भी निजी स्कूलों की तरह अच्छी पढ़ाई के साथ साथ अन्य गतिविधि खेलकूद,सांस्कृतिक,बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण एवं बच्चों को पिकनिक लेजाना जैसी सरकार द्वारा जारी हर सुविधा प्रदान की जा रही है । बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा दौड़ भी लगवाई गईं । विजेता बच्चों को शील्ड,कॉपी पेन, देकर सम्मानित किया गया। सत प्रतिशत उपस्थित होने वाले बच्चों के अभिभावकों को पेन डायरी देकर सम्मानित किया गया।प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन की ओर से आंगनबाड़ीयो को खिलौने की किट बीईओ के द्वारा वितरित की गई।

### बालाजी की प्राण प्रतिष्ठा, शोभायात्रा

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास क्षेत्र के सुलेमपुर गांव में नवनिर्मित बालाजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले शनिवार को विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा मंदिर परिसर में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं, बच्चे और पुरूष शामिल हुए। ढोल नगाड़ा और डीजे के धुन पर हनुमान जी महाराज की जय जयकार के साथ क्षेत्र में वातावरण भक्तिमय गया । यह शोभायात्रा क्षेत्र के कई मंदिरों रामपुरवा हनुमान मंदिर, बड्डूपुर शिव मंदिर से होते हुए सीतापुर जिले के महमूदाबाद स्थित रामकुंड हनुमान मंदिर पर पहुंची यहां पर विधि विधान से नैमिष धाम से पधारे आचार्य संतोष कुमार माधुरी ने पूजन करवाया। उसके बाद वापस गांव पहुंचकर मंदिर में मूर्ति स्थापित की गई । इस मौके पर आयोजक बालाजी समिति अध्यक्ष संतोष कुमार पाल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। स्थापन उपरांत प्रसाद भी वितरण किया गया। आयोजक ने बताया कि रविवार को विशाल कन्या भोज व भंडारे के साथ कथा का समापन किया जाएगा।

### समाधान दिवस में एसडीएम ने सुना जन समस्याएं, 27 मामले निस्तारित

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसडीएम फतेहपुर राजेश कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में तहसील स्थित सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग से 25, पुलिस विभाग पांच, विकास विभाग से पांच, विद्युत विभाग से बीस, खाद्य एवं रसद विभाग-सात, नगर निकाय से एक मिलकर कुल 63 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग से सम्बन्धित 18, विद्युत विभाग से सम्बन्धित चार, खाद्य एवं रसद विभाग से सम्बन्धित पांच सहित कुल 27 प्रकरणो का तत्काल निस्तारण किया गया।

# ऐश्वर्या मिश्रा मिस फ़ेयरवेल तथा वर्चस श्रीवास्तव मिस्टर फ़ेयरवेल रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। करौंदिया (विवेकनगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन में कक्षा 11 के विद्यार्थियों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों को भावपूर्ण विदाई दी।

विद्यालय की प्रबंधक आशा सिंह, केएनआईसीई, लालडिग्गी के प्रधानाचार्य डॉ.मृदुल कुमार सिंह, केएनआईसीई, करौंदिया के प्रधानाचार्य डॉ.एन.डी.सिंह ने ज्ञानदायिनी मां सरस्वती तथा बाबू के.एन.सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करके दीप प्रज्ज्वलित किए।डॉ.एन.डी. सिंह ने आशा सिंह तथा डॉ.मृदुल कुमार का स्वागत पुष्प गुच्छ देकर किया। कक्षा 11की छात्राओं ने स्वागतम हम आपका अभिनंदन करते हैं.. स्वागत गीत गाकर सबको भाव-विभोर कर दिया। कक्षा11 के छात्र दिव्यांश तिवारी,अभय कुमार,हिमांशु दक्ष तथा उत्कर्ष मिश्रा ने ओ मेरे दिल के चैन...गाकर सबको ताली बजाने को मजबूर कर दिया।कक्षा 12 की छात्रा कृतिका श्रीवास्तव ने अजीब दास्तां है ये....गाकर सबको भाव-विभोर किया। कक्षा 12 के विद्यार्थियों ने रैंप वॉक,म्यूजिकल चेयर,फ़ेसियल एक्सप्रेशन गेम,गेम पुश अप,गेम हैं, की पिकिंग आदि प्रस्तुत किए। कक्षा 11की छात्राओं ने मेरा चैन,मैंन,रैन अपने साथ ले गया... जब खनके पायल.... गीत के बोल पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कक्षा 11 की छात्राएं प्रियांशी व आंशी तथा कक्षा 12 की छात्राएं अंशिका मिश्रा व आराध्या मिश्रा ने डूएट डांस किया। कक्षा 11 के छात्र अभय श्रीवास्तव व युवराज श्रीवास्तव ने शानदार कामेडी का प्रदर्शन किया। आराध्या मिश्रा मिस फ़ेयरवेल तथा वर्चस श्रीवास्तव मिस्टर फ़ेयरवेल रहे।चेयर कम्पटीशन में प्रेरणा मिश्रा तथा प्रज्वल श्रीवास्तव विजेता रहे। प्रबंधक आशा सिंह ने सभी विद्यार्थियों को सर्वोच्च अंक प्राप्त करके डाक्टर,इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के साथ-साथ एक अच्छा नागरिक बनने का आशीर्वाद दिया।डॉ.मृदुल कुमार ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी.सिंह ने जीवन के स्वर्णिम अनुभवों का विद्यार्थियों में साझा किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की ईश्वर से कामना किए। नितिन जायसवाल ने रहें न रहें याद आयेंगे ये पल ...गीत गाकर सबको ताली बजाने को मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य तन्वी गोयल, समन्वयक रेनू सिंह, सी.बी.सिंह,जगराम भार्गव, विश्वासमणि त्रिपाठी,नितिन जायसवाल, अस्मित गुप्ता, देवब्रत सिंह, वीरेंद्र विक्रम सिंह, सुनील राठी,अंकित सोनी, आशीष कुमार शुक्ल,सिद्धांत सिंह, नरेंद्र पांडेय, ज्योति श्रीवास्तवा, गीता मिश्रा, अमरदीप कौर,शीरीं अंसारी, प्रियंका सिंह, विभा पाण्डेय आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। विद्यालय के प्रबंधक पूर्व मंत्री तथा वर्तमान विधायक विनोद सिंह तथा समाजसेवी पुलकित सिंह ने सभी विद्यार्थियों को शुभाशीष दिए हैं।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भीषण सड़क हादसा

सुल्तानपुर। बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। देहली बाजार के पास माइल स्टोन 101 के निकट लखनऊ से गाजीपुर की ओर जा रही बोलेरो (बीआर 03 पीबी 0373) की आगे चल रहे एक वाहन से टक्कर हो गई। इस हादसे में बोलेरो में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।घायलों की पहचान बिहार के धरम पिपरा, जगदीशपुर निवासी संजय सिंह (42) पुत्र शिव निवास और सोनू (36) पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। दोनों घायलों को तत्काल अयोध्या के पीठला कुमारगंज स्थित सौ सैया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है,दोनो घायलों की हालत गंभीर देख जिला अस्पताल अयोध्या के लिए रेफर कर दिया गया,जहां उनका इलाज जारी है।बल्दीराय थाना क्षेत्र के देहली चौकी इंचार्ज सुनील सिंह यादव ने बताया कि दुर्घटना में मृत हुए दोनों व्यक्तियों की पहचान दशरथ सिंह (60) पुत्र सूर्यनाथ सिंह व लल्लन सिंह (70) पुत्र बैजू सिंह निवासीगण असुधर थाना जगदीशपुर बिहार के रूप में हुई है।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का तीन सदस्यीय टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया

मसौली बाराबंकी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव में राज्य स्तरीय की तीन सदस्यीय टीम ने बारीकी से निरीक्षण किया तथा सीएचसी के रखरखाव एव स्वास्थ्य सुविधाओं से संतुष्ट टीम के सदस्यों ने अस्पताल को और भी बेहतर बनाने के टिप्स स्वास्थ्यकर्मियों को दिये। शनिवार को एन एच एम की जनरल मैनेजर डॉ0 सुधा यादव, कन्सलटेन मैनेजर बलरामपुर डॉ अनामिका सिंह, अयोध्या मंडल के डिवीजन कंसलटेन मैनेजर डा0 अमित शुक्ला ने सीएचसी बड़ागांव का बिन्दु वार निरीक्षण किया। टीम ने निर्धारित बिन्दु पर बहुत बारीकी जांच पड़ताल की। टीम ने लेबररूम का निरीक्षण करते हुए वार्ड में भर्ती बच्चों को जन्म देने वाली महिला मरीजों से संवाद कर अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। तथा वैक्सीन रूम के रखरखाव का जायजा लेते हुए अस्पताल की कैंटीन का भी निरीक्षण किया। इसके अलावा ओपीडी में डाक्टर द्वारा मरीजों को देखने के उपरांत अंकित करने वाले रजिस्टर को भी देखा। टीम ने दवा वितरित कक्ष के निरीक्षण के दौरान मरीजों की भीड़ देखकर उन्हें अच्छी सुविधा देने का भी निर्देश दिया।

# ग्रीन जोन एरिया में प्रशासन ने पहले नहीं दिखाई सख्ती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। सूबे की योगी सरकार हरियाली बढ़ाने और उसे बचाने के लिए जहां पुरी तरह संकल्पित है वही प्रशासन और मास्टर प्लान विभाग, योगी सरकार के मिशन मे पलीता लगाकर सरकार की छिछालेदर करने में जुटा है। यही वजह है कि दबंग लोग जिम्मेदार अधिकारियों के साथ मिलकर पडरौना शहर के ग्रीन बेल्ट से हरियाली का नामोनिशान मिटाकर पेड़-पौधों की जगह बडी बडी इमारते, दुकान, अस्पताल और रेस्टोरेंट खडा कर रहे है। प्रशासन की सक्रियता का आलम यह है कि ग्रीन जोन एरिया मे बिना नक्शा पास कराये अवैध तरीके से नगर के विनोद शर्मा सहित अन्य लोगो का भवनो का निर्माण दबंगई के बल पर धड़ल्ले से हो रहा है।



काबिलेजिक्र है कि गायत्री मंदिर के बगल व कसया जाने वाली मार्ग पर स्थित बडी गंडक नहर की प्रथम पटरी के बगल में पुल से बावली चौक तक पडरौना नगर का ग्रीन जोन एरिया घोषित किया गया है जहां किसी भी प्रकार के स्थायी निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंधित है। मजे की बात यह है कि ग्रीन जोन चिन्हित एरिया मे मकान निर्माण कराने के लिए मास्टर प्लान द्वारा किसी भी तरह से नक्शा पास नही किया जा रहा है। इसके बावजूद बिना नक्शा पास कराये अवैध तरीके से ग्रीन जोन मे भवन व इमारतों का निर्माण किया जा रहा और प्रशासन व मास्टर प्लान के जिम्मेदार कुंभकर्णी निद्रा में है।

### नही पास हुआ नक्शा क्या करेगा प्रशासन

बतादे कि पडरौना नगर के सुभाष चौक पर गैस बिल्डिंग की दुकान संचालित करने वाले विनोद शर्मा द्वारा ग्रीन जोन एरिया मे बिना नक्शा पास कराये अवैध रुप से दो मंजिला भव्य भवन निर्माण कराया जा रहा है। मीडिया ने जब विनोद शर्मा से पूछा कि ग्रीन जोन में किसके अनुमति से मकान निर्माण हो रहा है इस पर बडे ही दबंगई से विनोद शर्मा ने कहा कि बिना नक्शा पास कराये व बिना किसी के अनुमति से मकान बन रहा है जिसको जो कार्रवाई करना है वह कर ले। मास्टर प्लान द्वारा नोटिस दिये जाने के बावजूद अवैध रूप से हो रहे मकान निर्माण के संबंध पर पूछे जाने पर विनोद शर्मा का कहना है ऐसे नोटिस आते रहते है विभाग ने अपना काम किया है हम अपना कार्य कर रहे है।

### दिखावे का खेल बना नोटिस

कहना न होगा ग्रीन जोन में अवैध तरीके व मास्टर प्लान से बिना नक्शा पास कराये धड़ल्ले से हो रहे भवन निर्माण के मुद्दे को मीडिया द्वारा उठाया जाता है तो मास्टर प्लान अपने कुंभकर्णी निद्रा से जागकर अवैध भवन निर्माण करने वालो को नोटिस भेजकर अपने कार्रवाई का इतिश्री कर लेता है। बताया जाता है कि विभाग की ओर से अवैध भवन निर्माण करने वाले तकरीबन पचास लोगों को नोटिस भेजा गया है। इसके बाद भी ग्रीन बेल्ट में मकान बनते जा रहे हैं। गायत्री मंदिर पुल से लेकर बावली चौक तक ग्रीन बेल्ट में सैकड़ों दुकानें और मकान बन गए हैं। अस्पताल और रेस्टारेंट खुल चुके हैं। इसके बाद भी प्रशासन आंखें बंद करके बैठा है। जानकार कहते है कि यह सब अवैध निर्माण मास्टर प्लान के जेई के मिलीभगत व शह पर हो रहा है।

# पडरौना उपकेंन्द से आज वाधित रहेगा आठ घंटे बिजली आपूर्ति

❐ जर्जर बीसीबी मशीनों को बदलने का चलेगा कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। पडरौना विद्युत उप केन्द्र पर जर्जर बीसीबी मशीनों बदलने के लिए रविवार को सुबह 10 बजे से सांयकाल 6 बजे तक बिजली आपूर्ति ठप रहेगी। यह जानकारी पडरौना विद्युत उप केन्द्र के जेई शुभंम गोड ने देते हुए बताया कि 2 फरवरी को पडरौना विद्युत उप केन्द्र पर स्थापित पुरानी जर्जर फीडरों को बदलने का कार्य किया जाएगा , जिसके वजह से सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने जनता-जनार्दन से सहयोग व शान्ति बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि सुबह दस बजे तक अपने जरूरत के कार्यो को निपटा ले ताकि वाधित विद्युत आपूर्ति के दौरान अधिक दिक्कतें का सामना न करना पडे।




# भाजपा नेता ने लगाया मनरेगा में भ्रष्टाचार का आरोप तो बीडीओ ने की स्थलीय जांच

❐ दुदही विकास खंड के दुमही ग्राम पंचायत में बिना कार्य कराए भुगतान का आरोप

❐ भाजपा नेता की कड़ी कार्रवाई की मांग, अन्यथा की दशा में दी आंदोलन की चेतावनी

❐ मामले में लीपापोती के लिए अब सड़क भरवाने का प्रयास कर रहे जिम्मेदार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़/कुशीनगर। दुदही विकास खंड के ग्राम पंचायत दुमही में मनरेगा योजना के अंतर्गत कच्ची सड़कों की भराई में अनियमितता व धांधली का बड़ा मामला सामने आया है। भाजपा नेता की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने स्थलीय जांच कर मामले की हकीकत जानी। बीडीओ ने अनियमितता पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उक्त गांव निवासी व



भाजपा दुदही मंडल के महामंत्री जितेंद्र गुप्ता ने गत शुक्रवार को बीडीओ को सौंपे शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि मनरेगा योजना के अंतर्गत गांव में कराए गए कार्यों में धांधली बरती गई है। आधा दर्जन सड़कें जिस पर काम नहीं हुआ और पेमेंट कर दिया गया है। इसकी शिकायत करने के बाद रोजगार सेवक द्वारा जबरन अब उन सड़कों को भरवाए जाने की कोशिश की जा रही है ताकि जांच आए तो दिखाया जा सके। उसके इस प्रयास से ग्रामीणों में भारी रोष है। अगर वहां कार्य होगा तो बड़ी दिक्कत हो सकती है। भाजपा नेता ने लिखा है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टालरेंस नीति फ़ेल हो रही है और ऐसे कर्मचारी के कारण समूचा सिस्टम बदनाम हो रहा है। भाजपा नेता ने शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए अन्यथा की दशा में धरना प्रदर्शन व आंदोलन की चेतावनी दी है। बीडीओ रामराज कुशवाहा ने उक्त शिकायत के क्रम में शनिवार को मौके का स्थलीय निरीक्षण किया। आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न कराने पर रोजगार सेवक को फटकार लगाई।

# शिक्षकों के 3 दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

राजापाकड़ कुशीनगर। 6-14 आयुवर्ग के आउट आफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए तमकुही बीआरसी में चल रहे शिक्षकों के 3 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुई। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी तमकुही सुधीर कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण में मिली जानकारी को शिक्षक अपने विद्यालयों में उपयोग करें, तभी इस प्रशिक्षण का सार्थकता पूरी होगी। उन्होंने कहा कि आऊट आफ स्कूल एवं ड्राप आऊट बच्चों का चिन्हांकन कर,शिक्षक उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास में अपनी जिम्मेदारी निभायें। प्रशिक्षक एआरपी संतोष प्रसाद, धर्मात्मा तिवारी, रवि यादव, विनय कुशवाहा आदि ने प्रशिक्षण के विभिन्न बिन्दुओं पर गहनता से प्रकाश डाला। इस अवसर पर आनंद कुमार सिंह,वसी अहमद, तरन्नुम आरा, आरती श्रीवास्तवा, कृपाशंकर चौधरी, संतोष मणि,रमेश कुमार गुप्त, देवेशनाथ तिवारी, हरिशंकर प्रसाद, नारायन प्रसाद, सुनील गोड़, आलोक पटेल, ओ पी गुप्ता, प्रवीण मिश्रा, कृपाशंकर प्रसाद, प्रदीप शुक्ला, रामप्यारे प्रसाद, सत्येन्द्र सिंह, बिन्देश्वरी वर्मा, हसमुद्दीन अंसारी, देवेन्द्र गुप्ता, विभय यादव, अभिनव मौर्या, राहुल यादव, आलोक यादव,आदि रहे।

# बन्द घर का ताला तोड़ लगभग 25 लाखों से अधिक की चोरी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। जिले के कसया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 बाल्मिकीनगर बरवाजंगल में शुक्रवार की रात को लाखों रूपये सामान व गहने अज्ञात चोरों द्वारा घर के मेन दरवाजा का ताला तोड़ कर चुरा लिया गया। बताया जाता है की गृह स्वामी अभिनाश कुमार सिंह (न्यायधीश के भाई) परिवार के साथ प्रयागराज स्नान करने गए थे। 31 जनवरी को जब घर पहुंचे तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर के कमरों के भी ताले टूटे हुए थे। गृह स्वामी अभिनाश कुमार सिंह की सूचना पर मौके पर थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी, फोरेंसिक टीम, डाग स्क्वायड की टीम के साथ पहुंच कर जांच किए। थाने में दी गई तहरीर के अनुसार दो कमरों का ताला तोड़कर सोने व चादी के हार सेट, सीकड़, अंगूठी, नथिया, टीका, लाकेट, मंगल सूत्र, कड़ा, पावजेब बच्चों का आभूषण व नकदी सहित लाखों का सामान चुरा लिया गया है। अविनाश सिंह ने बताया कि 22 लाख से 30 लाख के बीच का अनुमान है। कुछ गहने मां के जमाने यानी काफी पुराने थे, जिसका अनुमान नहीं लग पा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर गया था। सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। घटना का जल्द ही पर्दाफाश किया जाएगा।

### मानवाधिकार आयोग ने एसपी से मांगी रिपोर्ट

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनपद के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवक द्वारा नाबालिग के साथ मुह काला कर मां बनने के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने एक्शन लेते हुए एसपी कुशीनगर से 72 घंटे के अंदर रिपोर्ट मांगी है। बतादे कि बीते माह जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ मार्च माह में एक युवक ने दुष्कर्म किया था। इसके बाद वह किशोरी गर्भवती हो गई थी और उसने 27 दिसंबर 2024 को एक बच्ची को जन्म दिया था। लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया था, आरोपी जेल में है। मीडिया ने इस खबर को प्रमुखता प्रकाशित किया था। खबर को संज्ञान में लेकर मानव सेवा संस्थान के निदेशक राजेश मणि ने पीड़िता को न्याय दिलाने की गरज से इस मामले की शिकायत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से की थी। इस पर एनएचआरसी ने मामला रजिस्टर्ड कर किया और शुक्रवार को आयोग के असिस्टेंट रजिस्ट्रार (लॉ) ब्रिजवीर सिंह ने जारी आदेश में एसपी कुशीनगर से 72 घंटे में प्रकरण के सभी पहलुओं की जानकारी उपलब्ध कराने को कहा है। इसकी कॉपी डीजीपी उत्तर प्रदेश को भी भेजी गई है। क्या है मामला नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी मार्च 2024 को रात में शौच के लिए बाहर निकली थी। इस दौरान पड़ोसी युवक विजय ने उसे अकेला देख उसे पकड़ लिया और मुंह दबाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी ने बताया कि आरोपी ने धमकी दी थी अगर किसी से बताया तो तुम्हारे माता-पिता को जान से मार दूंगा। इसके डर से उसने घर वालों को कुछ नहीं बताया। कुछ माह बाद किशोरी का तबीयत खराब हुई तो बीमारी समझकर घर वाले उसका इलाज एक निजी चिकित्सक के यहां कराते रहे। आठवें महीने में घर वालों को इसकी जानकारी हुई तो वे थाने पर पहुंचे और इसकी शिकायत की।

### शिक्षिका प्रीति पांडेय ने जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु चलाये जा रहे पौधरोपण संग जन्मोत्सव अभियान के क्रम में शनिवार को फाजिलनगर विकास खण्ड स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय गौराखोर में शिक्षिका प्रीति पांडेय के जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान विद्यालय के बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक कर उन्हें घर पर पौधे लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका इंद्रावती देवी, नयनतारा सिंह, नयनपति सिंह, जमील अहमद, मधुलिका पूजा, द्रोपती देवी, शकुंतला देवी, मनीषा देवी आदि उपस्थित रहे।

# बजट में कृषि क्षेत्र के लिए छह नई योजनाएं, किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाकर सात लाख रुपये की गई

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के मकसद से छह नई योजनाओं की घोषणा की तथा सब्सिडी वाले किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से ऋण प्राप्त करने की सीमा को पांच लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया। वित्त मंत्री ने कहा कि उनका लक्ष्य देश भर में बेरोजगारी से लेकर फसल उत्पादकता बढ़ाने तक हर चीज को बढ़ावा देना है। संसद में अपना आठवां बजट पेश करते हुए सीतारमण ने कृषि को 'विकास का पहला इंजन' बताया और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना का प्रस्ताव किया। यह सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, कम फसल लेने वाले क्षेत्र (जिन स्थानों पर दो या तीन की जगह कम या केवल एक ही फसल ली जाती हो) और ऋण लेने के औसत मापदंडों से कम ऋण लेने वाले 100 कृषि-जिलों को लक्षित करना है। राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में लागू की जाने वाली इस योजना से कृषि उत्पादकता बढ़ने, फसल विविधीकरण और कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे में सुधार के जरिये 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है। ग्रामीण बेरोजगारी को दूर करने के लिए सरकार एक व्यापक 'ग्रामीण समृद्धि और मजबूती' कार्यक्रम लागू करेगी। सीतारमण ने कहा, ''इनका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर पैदा करना है ताकि पलायन एक विकल्प रहे, लेकिन अनिवार्यता न होने पाये। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, ग्रामीण युवाओं, सीमांत और छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों पर केंद्रित होगा। दालों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए एक बड़े कदम के रूप में छह साल का मिशन अरहर, उड़द और मसूर उत्पादन को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा। इस पहल के तहत, सहकारी संस्थाएं नेफ़ेड और एनसीसीएफ इन एजेंसियों के साथ समझौते करने वाले पंजीकृत किसानों से चार साल तक दालों की खरीद करेंगी। बिहार के मखाना क्षेत्र के उत्पादन, प्रसंस्करण और विपणन में सुधार के लिए एक समर्पित मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। बोर्ड किसानों को एफपीओ में संगठित करेगा और सरकारी योजना के लाभ तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए प्रशिक्षण सहायता प्रदान करेगा। वित्त मंत्री ने केसीसी लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की, 7.7 करोड़ किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के लिए सब्सिडी वाले अल्पकालिक ऋण की सीमा तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने का प्रस्ताव किया। एक नया अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र मिशन, अधिक उपज, कीट-प्रतिरोधी और प्रतिकूल जलवायु-सहिष्णु बीजों को विकसित करने और प्रचारित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिसमें जुलाई, 2024 से शुरू की गई 100 से अधिक बीज किस्मों को व्यावसायिक रूप से जारी करने की योजना है। इसके अतिरिक्त, एक पांच वर्षीय कपास मिशन उत्पादकता में सुधार और 'एक्स्ट्रा-लांग स्टेपल' कपास किस्मों को बढ़ावा देने पर काम करेगा, जो कपड़ा क्षेत्र के लिए भारत के एकीकृत 5-एफ दृष्टिकोण का समर्थन करेगा।

मछली और जलीय कृषि में दूसरे सबसे बड़े वैश्विक उत्पादक के रूप में भारत की स्थिति को मान्यता देते हुए, 60,000 करोड़ रुपये के समुद्री खाद्य निर्यात के साथ सरकार भारतीय विशेष आर्थिक क्षेत्र और दूर समुद्र में स्थायी मछली पकड़ने के लिए एक रूपरेखा पेश करेगी ।

# बजट में नागर विमानन मंत्रालय के लिए 2,400 करोड़ रुपये का प्रस्ताव; 'उड़ान' के लिए आवंटन घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद में शनिवार को पेश वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में नागर विमानन मंत्रालय के लिए आवंटन लगभग 10 प्रतिशत घटाकर 2,400.31 करोड़ रुपये कर दिया गया है। वहीं, क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' के लिए भी आवंटन घटाकर 540 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट 2025-26 में आवंटन 2024-25 के संशोधित बजट 2,658.68 करोड़ रुपये की तुलना में कम है। एक अप्रैल, 2025 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष के लिए कुल आवंटन में से 'उड़ान' को 540 करोड़ रुपये मिलेंगे, जो कि एक पिछले साल के 800 करोड़ रुपये के आवंटन की तुलना में 32 प्रतिशत कम है। दिलचस्प बात यह है कि सीतारमण ने घोषणा की है कि 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) योजना को संशोधित कर 120 नए गंतव्यों को जोड़ा जाएगा। बजट दस्तावेजों के अनुसार, 2025-26 के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) के लिए आवंटन मामूली रूप से बढ़ाकर क्रमशः 330 करोड़ रुपये और 95 करोड़ रुपये कर दिया गया है। अगले वित्त वर्ष में एयर इंडिया एसेट होल्डिंग लिमिटेड (एआईएएचएल) को चालू वित्त वर्ष के 1,017.67 करोड़ रुपये की तुलना में थोड़ा अधिक 1,025.51 करोड़ रुपये का आवंटन मिलेगा। बजट दस्तावेजों के अनुसार, उड़ान योजना के लिए आवंटन हवाई अड्डों के पुनरुद्धार और आरसीएस मार्गों की शुरुआत, पूर्वोत्तर से कनेक्टिविटी के लिए व्यवहार्यता अंतर को पाटने के लिए है। इसमें कहा गया, ल्लपूर्वोत्तर क्षेत्र में संपर्क में सुधार के लिए, हवाई संपर्क और विमानन बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए एक नई योजना भी तैयार की गई है। भारत विश्व के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है।

# भारत की जीत के बाद कन्कशन सब को लेकर बटलर ने उठाए सवाल

एजेंसी

पुणे। भारत और इंग्लैंड के बीच खेले गए चौथे टी20 मुकाबले में भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे के कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में हर्षित राणा के मैदान में उतरने पर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने नाराजगी जताई है। बटलर का कहना है कि यह ''लाइक-फॉर-लाइक'' रिप्लेसमेंट नहीं था और उन्हें इस फैसले से ऐतराज है। शुक्रवार को खेले गए इस मुकाबले में भारत ने 15 रनों से जीत दर्ज कर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली। दुबे ने छठे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 53 रनों की तेजतर्रार पारी खेली और अंतिम गेंद पर रन आउट हुए। हालांकि, इससे एक गेंद पहले उनके हेलमेट पर बॉल लगी थी, जिसके चलते वह इंग्लैंड की पारी के दौरान फील्डिंग के लिए नहीं उतरे। उनकी जगह भारत ने हर्षित राणा को कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में उतारा, जिन्होंने तीन विकेट लेकर भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। मैच के बाद जोस बटलर ने कहा, ''या तो शिवम दुबे ने 25 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकी




है या हर्षित ने अपनी बल्लेबाजी में जबरदस्त सुधार कर लिया है। यह हमें 'लाइक-फॉर-लाइक' प्रतिस्थापन नहीं लगता और हम इससे सहमत नहीं हैं। बटलर ने आगे कहा कि उन्हें इस फैसले से पहले कोई जानकारी नहीं दी गई थी। ''हमसे कोई परामर्श नहीं हुआ। जब मैं बल्लेबाजी करने आया, तो मैंने पूछा कि हर्षित किसके लिए खेल रहे हैं, तब मुझे बताया गया कि वह कन्कशन रिप्लेसमेंट हैं। यह स्पष्ट रूप से एक जैसा प्रतिस्थापन नहीं था। अंपायरों ने कहा कि यह निर्णय मैच रेफरी ने लिया है, इसलिए हमें इसमें कोई राय देने का मौका नहीं मिला।''

क्या कहता है नियम?

आईसीसी के नियमों के मुताबिक, कन्कशन सब्स्टीट्यूट को मैच रेफरी की मंजूरी जरूरी होती है और आमतौर पर यह समान कौशल वाला खिलाड़ी होना चाहिए, जिससे टीम को कोई अतिरिक्त लाभ न मिले। हालांकि, अंतिम निर्णय मैच रेफरी का ही होता है।

शिवम दुबे बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं, जबकि हर्षित राणा दाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी की बात करें तो दोनों दाएं हाथ से गेंदबाजी करते हैं। लेकिन इंग्लैंड की टीम को लगता है कि हर्षित राणा की मौजूदगी से भारत को अतिरिक्त फायदा हुआ।

बटलर ने कहा, ''हमें इस मामले पर स्पष्टता चाहिए। यह पूरी तरह से मैच हारने की वजह नहीं है, लेकिन हम इस पर जवाब मांगेंगे।''

अब दोनों टीमें रविवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पांचवें और अंतिम टी20 मुकाबले मेंआमने-सामने होंगी।

# सर्राफा बाजार में ऑल टाइम हाई पर पहुंचा सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

एजेंसी


नई दिल्ली। सर्राफा बाजार में आज बजट वाले दिन सोना ने रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच कर कारोबार की शुरुआत की है। सोना आज पहली बार 84 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करके कारोबर कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी आज 1 हजार रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। इस तेजी के साथ ही चांदी भी ऑल टाइम हाई लेवेल 1 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के काफी करीब पहुंच गई है। आज सर्राफा बाजार में सोना 1,200 रुपये 1,310 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 84,340 रुपये से लेकर 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 77,310 रुपये से लेकर 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर



कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 84,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 77,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 84,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 77,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 84,490 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में जोरदार उछाल दर्ज की गई है।


इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 84,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 77,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## मोदी सरकार ने पेश किया है ‘घोषणावीर’ बजट : खरगे



नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का ‘घोषणावीर’ बजट है जिसमें मेक इन इंडिया को राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन बना दिया गया है। इस बजट में युवाओं, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है और बेरोजगारी रोकने तथा महंगाई पर लगाम कसने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। मध्यम वर्ग देश की रीढ है और सरकार अब तक इसी वर्ग से वसूली करती रही है, लेकिन खुद वित्त मंत्री इस वर्ग की आय को लेकर जो आंकड़ा दे रही है उसमें बचत बहुत कम है। एक मुहावरा इस बजट पर बिल्कुल सटीक बैठता है– नौ सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली। पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग से 54.18 लाख करोड़ का आयकर वसूला है और अब वह 12 लाख तक का जो खर्च दे रहें हैं, उसके हिसाब से वित्त मंत्री खुद कह रहीं हैं कि साल में 80,000 रुपए की बचत होगी।

## आर्थिक संकट के समाधान के लिये कोई उपाय नहीं: राहुल



नयी दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बजट 2025–26 को आर्थिक क्षेत्र में सरकार के वैचारिक दिवालियापन की संज्ञा देते हुये शनिवार को कहा कि बजट प्रस्तावों में अर्थव्यवसथा में सुधार के लिये कोई ठोस बात नहीं है। उन्होंने इस बजट को गोली के घाव को मरहम से ठीक करने जैसा प्रयास करार दिया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बजट भाषण में कुछ भी नया नहीं था और बजट में तबाह हो रही अर्थव्यवस्था को संभालने के कोई प्रयास नहीं किये गये हैं। इसमें जो कुछ भी कदम उठाने की कोशिश हुई है, वह गोली के घाव पर मरहम लगाने जैसा है। श्री गांधी ने अपनी बजट प्रतिक्रिया में कहा, गोली के घावों के लिये एक बैंडेज–सहायता। वैश्विक अनिश्चितता के बीच, हमारे आर्थिक संकट को हल करने के लिये एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है, लेकिन यह सरकार विचारों से दिवालिया है।

## केंद्रीय बजट प्रगतिशील एवं भविष्योन्मुखी : नीतीश

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्रीय बजट को सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य बताया और कहा कि यह प्रगतिशली और भविष्योन्मुखी बजट है। श्री कुमार ने शनिवार को संसद में पेश केंद्रीय बजट 2025–26 में बिहार के विकास के उद्देश्य से किए गए प्रावधानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई एवं धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा, ळयह बजट सकारात्मक एवं स्वागतयोग्य है। यह बजट प्रगतिशील एवं भविष्योन्मुखी है। इस बजट के माध्यम से केन्द्र सरकार द्वारा देश के विकास की गति को और बढ़ाने के लिये कई कदम उठाये गये हैं। बजट में बिहार के लिये जो घोषणायें की गयी हैं, उनसे बिहार के विकास को और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मखाना के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए राज्य में मखाना बोर्ड की स्थापना से मखाना किसानों को लाभ मिलेगा। राज्य की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए बिहार में ग्रीनफील्ड हवाई अड्डों की सुविधा प्रदान करने से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों की संख्या बढ़ेगी तथा यहां के लोगों को काफी लाभ होगा साथ ही राज्य के आर्थिक विकास को भी गति मिलेगी।

# शहरों के विकास के लिए एक लाख करोड रूपये का शहरी चुनौती कोष

एजेंसी

नयी दिल्ली। सरकार ‘शहरों को विकास केंद्र बनाने’, ‘शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास करने’ और ‘जल एवं स्वच्छता’ के प्रस्तावों को लागू करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का ‘शहरी चुनौती कोष’ स्थापित करेगी।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का आम बजट पेश करते हुए कहा कि यह कोष बैंक योग्य परियोजनाओं की लागत का 25 प्रतिशत तक वित्तपोषित करेगा, इस शर्त के साथ कि लागत का कम से कम 50 प्रतिशत बांड, बैंक ऋण और निजी सार्वजनिक भागीदारी से वित्तपोषित किया जाएगा। इसमें से वर्ष 2025-26 के लिए 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन प्रस्तावित है।

बजट में प्रस्ताव किया गया है कि आधारभूत भू-स्थानिक अवसंरचना और डेटा विकसित करने के लिए एक राष्ट्रीय भू-स्थानिक मिशन शुरू किया जाएगा। पीएम गति शक्ति का उपयोग करते हुए, यह मिशन भूमि अभिलेखों के आधुनिकीकरण, शहरी नियोजन और अवसंरचना परियोजनाओं के डिजाइन की सुविधा प्रदान करेगा। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि सरकार शहरी गरीबों और कमजोर समूहों की सहायता को प्राथमिकता दे रही है। शहरी श्रमिकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए एक योजना लागू की जाएगी, ताकि उनकी आय में सुधार हो, उन्हें स्थायी आजीविका मिले और उनका जीवन स्तर बेहतर हो। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के गिग वर्कर नए दौर की सेवा अर्थव्यवस्था को बहुत गतिशीलता प्रदान करते हैं। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार उनके पहचान पत्र और ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण की व्यवस्था करेगी। उन्हें पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा प्रदान की जाएगी। इस उपाय से लगभग 1 करोड़ गिग-वर्करों को सहायता मिलने की संभावना है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना ने 68 लाख से अधिक स्ट्रीट वेंडरों को लाभान्वित किया है, जिससे उन्हें अनौपचारिक क्षेत्र के उच्च ब्याज वाले ऋणों से राहत मिली है। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, इस योजना को बैंकों से बढ़े हुए ऋण, 30,000 रुपये की सीमा वाले यूपीआई लिंक्ड क्रेडिट कार्ड और क्षमता निर्माण सहायता के साथ नया रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किफायती और मध्यम आय आवास के लिए विशेष विंडो (स्वामी) के तहत संकटग्रस्त आवास परियोजनाओं में पचास हजार आवासीय इकाइयों का निर्माण पूरा हो चुका है और घर खरीदने वालों को चाबियाँ सौंपी जा चुकी हैं।वर्ष 2025 में अन्य चालीस हजार इकाइयों का निर्माण पूरा हो जाएगा, जिससे मध्यम वर्ग के परिवारों को और मदद मिलेगी जो अपार्टमेंट के लिए लिए गए ऋण पर किश्तों का भुगतान कर रहे थे, साथ ही अपने मौजूदा आवासों का किराया भी दे रहे थे। इस सफलता के आधार पर, स्वामी कोष 2 को सरकार, बैंकों और निजी निवेशकों के योगदान के साथ एक मिश्रित वित्त सुविधा के रूप में स्थापित किया जाएगा। कुल 15,000 करोड़ रुपये के इस फंड का लक्ष्य अन्य एक लाख इकाइयों को तेजी से पूरा करना होगा।


# सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में आठ नक्सलियों को मार गिराया

एजेंसी

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह से जारी मुठभेड़ में जवानों ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए आठ नक्सलियों को मार गिराया।

मारे गए सभी नक्सलियों के शव बरमाद कर लिए गए हैं। तोड़का के जंगल में यह मुठभेड़ हुई है। माओवादियों के मौजूदगी की सूचना पर डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा 202 और सीआरपीएफ 222 बटालियन की टीम गंगालूर के तोड़का व कोरचोली के जंगल रवाना हुई थी।

शनिवार को सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें आठ नक्सली मारे गए हैं। ये संख्या और बढ़ सकती है। सुबह करीब 8:30 बजे से दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।



पुलिस ने बताया कि सुरक्षाबलों की ओर से यह ऑपरेशन लगातार चलाया जा रहा था, जिसमें जवानों ने नक्सलियों को मुठभेड़ में कड़ा जवाब दिया। इलाके में गोलीबारी जारी है। इस सफलता को सुरक्षाबलों ने अपनी महत्वपूर्ण जीत के रूप में देखा है, जो नक्सल गतिविधियों पर काबू पाने की दिशा में अहम कदम साबित हो सकती है।

# दिल्ली में 3–जी, यानी– घोटाले, घुसपैठियों और घपले की सरकार: अमित शाह

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने आम आदमी पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली में 3-जी की सरकार चल रही है। 3जी का मतलब है- घोटाले वाली सरकार, घुसपैठियों को पनाह देने वाली सरकार और घपले करने वाली सरकार।

शाह ने शनिवार को दिल्ली के मुस्तफाबाद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मोहन बिष्ट के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। शाह ने कहा कि केजरीवाल ने दिल्ली को कूड़ादान बना दिया है, बारिश में दिल्ली गंदे पानी के झील में परिवर्तित हो जाती है। दिल्ली में गटर के पानी से बीमारियां फैल रही हैं। दिल्लीवालों के पैसों से करोड़ों का अपना घर बनाने वाले केजरीवाल बड़े भोले बनकर कहते थे कि हम गाड़ी नहीं लेंगे, बंगला नहीं लेंगे, सिक्योरिटी नहीं लेंगे। इन्होंने तो करोड़ों का बंगला भी बनाया और हजारों करोड़ का घोटाला भी किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कहा था हम यमुना नदी को साफ करेंगे, छठ पूजा बहुत अच्छे से होगी और मैं यमुना में डुबकी लगाउंगा लेकिन आज तक न छठ पूजा के घाट अच्छे हुए और न ही यमुना का पानी साफ हुआ।

केजरीवाल बस बहाने बना रहे हैं कि हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी में जहर मिला दिया है। शाह ने कहा कि केजरीवाल जी, जहर हरियाणा सरकार ने नहीं मिलाया, आपने प्रदूषण फैलाकर यमुना के पानी को जहरीला बना दिया है। आम आदमी पार्टी की सरकार को 10 साल हो गए। अब समय आ गया है दिल्ली को इस आप-दा से मुक्त करने का, दिल्ली को शराब माफिया से मुक्त करने का, घोटालेबाजों की दुकानें बंद करने का, कट्टर बेईमानों को दिल्ली से हटाने का। केंद्रीय बजट का उल्लेख कर शाह ने कहा कि आज प्रधानमंत्री मोदी ने इस बजट में पूर्वांचल को निहाल कर दिया है। बिहार, उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड को हजारों करोड़ रुपये की योजनाएं दी हैं। साथ ही मध्यम वर्ग को 12 लाख रुपये तक की आय को इनकम टैक्स से मुक्त कर दिया है। गिग वर्कर ( जोमैटो, स्वीगी जैसे ऑनलाइन प्लेटफार्म के लिए काम करने वाले) को ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्टर करना है और आपको मुफ्त इलाज मिलेगा। जनसभा के बाद शाह ने करावल नगर और रोहताश नगर में भी जनसभाएं कीं और दिल्ली के लोगों से भाजपा उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने की अपील की।

# बजट का हर आंकड़ा झूठा: अखिलेश

एजेंसी

नयी दिल्ली। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जो सरकार सुरक्षित महाकुंभ नहीं करा सकती, उसके बजट का हर आंकड़ा झूठा है।

श्री यादव ने संसद परिसर में बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये कहा, ळ हमारे लिये बजट जरूरी नहीं, बल्कि महाकुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा जानना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हम बजट के आंकड़ों का क्या करेंगे, हमें कुंभ में हुई मौतों का आंकड़ा चाहिये। वहां अब भी लोग अपनों की तस्वीर लेकर उनकी तलाश में भटक रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में बुधवार को श्रद्धालुओं की मौत के जो आंकड़े बताये जा रहे हैं, वे झूठे हैं। जिस सरकार को 17 घंटे लग गये यह बताने के लिये कि वहां भगदड़ हुई है, जानें गयी हैं। महाकुंभ में हजारों सीसीटीवी कैमरे हैं, ड्रोन हैं। क्या सरकार के पास लोगों के आंकड़े नहीं है। समाजवादी पार्टी के नेता ने कहा कि जो सरकार हिन्दुओं के सबसे बड़े महाकुंभ का समुचित आयोजन नहीं कर पा रही है वह दुनिया में क्या अर्थव्यवस्था को खड़ा कर पायेंगे। वह बात करते हैं, विकसित भारत की, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि आप लोगों को सुरक्षित स्नान भी न करा पायें। उन्होंने कहा, क्या विकसित भारत की यही परिभाषा है कि शंकराचार्य कह रहे हैं कि आपका मुख्यमंत्री झूठा है। कुछ लोग खुलकर कह रहे हैं और जितने भी वहां साधु-संत और शंकराचार्य आये हैं, वे भी कह रहे हैं कि इससे बुरा महाकुंभ नहीं हो सकता था। वहां लोगों की लाशें पड़ी थीं, उस वक्त सरकार वहां फूल बरसा रही थी। क्या मरने

# पेज एक का शेष

### 12 लाख तक...

जिसमें शून्य गरीबी, सौ प्रतिशत अच्छी गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा, उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती और व्यापक स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच, सार्थक रोजगार के साथ सौ प्रतिशत कुशल श्रम, आर्थिक गतिविधियों में सत्तर प्रतिशत महिलाएँ और किसानों पर जोर दिया गया है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय बजट 2025-2026 विकास को गति देने, समावेशी विकास को सुरक्षित करने, निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने, घरेलू भावनाओं को ऊपर उठाने और भारत के बढ़ते मध्यम वर्ग की खर्च करने की शक्ति को बढ़ाने के लिए सरकार के प्रयासों को जारी रखने का वादा करता है। बजट में गरीब, युवा, किसान और महिला पर ध्यान केंद्रित करते हुए विकास उपायों का प्रस्ताव है। बजट का उद्देश्य भारत की विकास क्षमता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाने के लिए कराधान, बिजली क्षेत्र, शहरी विकास, खनन, वित्तीय क्षेत्र और नियामक सुधारों में परिवर्तनकारी सुधार शुरू करना है। बजट में कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात को विकसित भारत की यात्रा में इंजन बताया गया है। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और मांग, विकसित भारत की यात्रा के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग भारत के विकास को ताकत देता है और सरकार ने उनके योगदान को मान्यता देते हुए समय-समय पर ‘शून्य कर’ स्लैब में बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित नई कर संरचना मध्यम वर्ग के हाथों में अधिक पैसा देकर उपभोग, बचत और निवेश को काफी बढ़ावा देगी। बजट में किये गये प्रस्ताव के तहत एक लाख रूपए तक मासिक औसत आय पर कोई आयकर नहीं लगेगा। इससे मध्यमवर्ग परिवारों की आय व खपत में वृद्धि होगी। वेतनभोगी करदाताओं को नई कर व्यवस्था में 12.75 लाख रुपए तक कोई आयकर नहीं देना होगा। बजट में किये गये इस प्रस्ताव से 24 लाख रुपये या उससे अधिक की वार्षिक आय वाले करदाताओं को 1.10 लाख रुपये की बचत होगी। हालांकि इससे सरकार का एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व कम हो जायेगा। उन्होंने कहा कि बजट में राज्यों के साथ साझेदारी में देश के 100 जिलों में 1.7 करोड़ किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ‘प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना’ की घोषणा की गई है, जिसके अंतर्गत 100 जिलों को शामिल किया जाएगा, ताकि उत्पादकता बढ़ाई जा सके, फसल विविधीकरण को अपनाया जा सके, कटाई के बाद भंडारण को बढ़ाया जा सके, सिंचाई सुविधाओं में सुधार किया जा सके और दीर्घकालिक तथा अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता को सुगम बनाया जा सके। कौशल, निवेश, प्रौद्योगिकी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के माध्यम से कृषि में अल्प रोजगार की समस्या दूर करने के लिए राज्यों के साथ साझेदारी में एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय ‘ग्रामीण समृद्धि और लचीलापन’ कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। इसका लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए, ग्रामीण महिलाओं, युवा किसानों, ग्रामीण युवाओं, सीमांत और छोटे किसानों और भूमिहीन परिवारों पर ध्यान केंद्रित करने का है। वित्त मंत्री ने घोषणा की कि सरकार अरहर, उड़द और मसूर पर विशेष ध्यान देते हुए छह वर्षीय ळदलहन आत्मनिर्भरता मिशनङ्क शुरू करेगी। केंद्रीय एजेंसियां (नेफ़ेड और एनसीसीएफ) किसानों से अगले चार वर्षों के दौरान जितनी भी दालें पैदा होंगी, उन्हें खरीदने के लिए तैयार रहेंगी। बजट में सब्जियों और फलों के लिए व्यापक कार्यक्रम, उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन और कपास उत्पादकता के लिए पांच वर्षीय मिशन जैसे उपायों की रूपरेखा तैयार की गई है, ताकि कृषि और संबद्ध गतिविधियों को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया जा सके। श्रीमती सीतारमण ने संशोधित ब्याज अनुदान योजना के तहत किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को तीन लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की घोषणा की। वित्त मंत्री ने एमएसएमई को विकास के लिए दूसरा पावर इंजन बताया क्योंकि यह निर्यात का 45 प्रतिशत हिस्सा हैं। एमएसएमई को उच्च दक्षता, तकनीकी उन्नयन और पूंजी तक बेहतर पहुंच प्राप्त करने में मदद करने के लिए, सभी एमएसएमई के वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा को क्रमशः 2.5 और 2 गुना तक बढ़ाया गया है। इसके अलावा, गारंटी कवर के साथ ऋण उपलब्धता बढ़ाने के लिए कदम भी घोषित किए गए हैं। वित्त मंत्री ने पांच लाख महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के पहली बार उद्यमियों के लिए एक नई योजना शुरू करने की भी घोषणा की। यह अगले पांच वर्षों के दौरान दो करोड़ रुपये तक का सावधि ऋण प्रदान करेगा। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि सरकार भारत को ‘मेड इन इंडिया’ ब्रांड का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलौनों के लिए एक वैश्विक केंद्र बनाने की योजना भी लागू करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ‘मेक इन इंडिया’ को आगे बढ़ाने के लिए छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों को कवर करने वाला एक राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन स्थापित करेगी। निवेश को विकास के तीसरे इंजन के रूप में परिभाषित करते हुए श्रीमती सीतारमण ने लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में निवेश को प्राथमिकता दी है। उन्होंने घोषणा की कि अगले पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए जाएंगे। भारतनेट परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान करने की घोषणा करते हुये उन्होंने कहा कि स्कूल और उच्च शिक्षा के लिए डिजिटल रूप में भारतीय भाषा की किताबें उपलब्ध कराने के वास्ते भारतीय भाषा पुस्तक योजना लागू की जाएगी। युवाओं को ळमेक फॉर इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड विनिर्माण के लिए आवश्यक कौशल से लैस करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञता और साझेदारी के साथ कौशल के लिए पांच राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। शिक्षा के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में उत्कृष्टता केंद्र 500 करोड़ के कुल परिव्यय के साथ स्थापित किया जाएगा। बजट में घोषणा की गई कि सरकार गिग कामगार के पहचान पत्र, ई-श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण और पीएम जन आरोग्य योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा की व्यवस्था करेगी। अर्थव्यवस्था में निवेश के तहत श्रीमती सीतारमण ने कहा कि बुनियादी ढांचे से संबंधित मंत्रालय पीपीपी मोड में परियोजनाओं की तीन साल की पाइपलाइन लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि पूंजीगत व्यय और सुधारों के लिए प्रोत्साहन के लिए राज्यों को 50 साल के ब्याज मुक्त ऋण के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का परिव्यय प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने नई परियोजनाओं में 10.18 लाख करोड़ रुपये की पूंजी लगाने के लिए दूसरी परिसंपत्ति मौद्रीकरण योजना 2025-30 की भी घोषणा की। जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाया गया, जिसमें बुनियादी ढांचे की गुणवत्ता और जन भागीदारी के माध्यम से ग्रामीण पाइप जलापूर्ति योजनाओं के संचालन और रखरखाव पर ध्यान केंद्रित किया गया। सरकार ‘विकास केंद्र के रूप में शहर’, ‘शहरों का रचनात्मक पुनर्विकास’ और ‘जल एवं स्वच्छता’ के प्रस्तावों को लागू करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का शहरी चुनौती कोष स्थापित करेगी। नवाचार में निवेश के तहत, निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान, विकास और नवाचार पहल को लागू करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये के आवंटन की घोषणा की गई है। वित्त मंत्री ने आधारभूत भू-स्थानिक बुनियादी ढांचे और डेटा को विकसित करने के लिए राष्ट्रीय भू-स्थानिक मिशन का प्रस्ताव किया है जिससे शहरी नियोजन को लाभ होगा। बजट में शैक्षणिक संस्थानों, संग्रहालयों, पुस्तकालयों और निजी संग्रहकर्ताओं के साथ एक करोड़ से अधिक पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेज़ीकरण और संरक्षण के लिए ज्ञान भारतम मिशन का प्रस्ताव किया गया है। ज्ञान साझा करने के लिए भारतीय ज्ञान प्रणालियों का एक राष्ट्रीय डिजिटल भंडार भी बनाये जाने की बात कही गयी है। श्रीमती सीतारमण ने निर्यात को विकास के चौथे इंजन के रूप में परिभाषित करते हुये कहा कि वाणिज्य, एमएसएमई और वित्त मंत्रालयों द्वारा संयुक्त रूप से संचालित; निर्यात संवर्धन मिशन एमएसएमई को निर्यात बाजार में प्रवेश करने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, ‘भारत ट्रेडनेट’ (बीटीएन) को व्यापार दस्तावेज़ीकरण और वित्तपोषण समाधानों के लिए एक एकीकृत मंच के रूप में प्रस्तावित किया गया था। वित्त मंत्री ने कहा कि अर्थव्यवस्था के वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के साथ एकीकरण के लिए घरेलू विनिर्माण क्षमताओं को विकसित करने में सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने यह भी घोषणा की कि सरकार डोमेस्टिक मार्केटप्लेस को समर्थन देगी। उद्योग 4.0 से संबंधित अवसरों का लाभ उठाने के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण उद्योग को प्रोत्साहित किया जायेगा। उभरते द्वितीय श्रेणी शहरों में वैश्विक क्षमता केंद्रों को बढ़ावा देने के लिए एक राष्ट्रीय रूपरेखा भी प्रस्तावित की गई है। सरकार उच्च मूल्य वाले खराब होने वाले बागवानी उत्पादों सहित एयर कार्गो के लिए बुनियादी ढांचे और गोदाम के उन्नयन की सुविधा प्रदान करेगी। सुधारों को इंजन के ईंधन के रूप में परिभाषित करते हुए श्रीमती सीतारमण ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने करदाताओं की सुविधा के लिए फ़ेसलेस असेसमेंट, टैक्स पेयर्स चार्टर, तेज़ रिटर्न, लगभग 99 प्रतिशत रिटर्न स्व-मूल्यांकन पर होना और विवाद से विश्वास योजना जैसे कई सुधार किये। ‘कारोबार में सुगमता’ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए वित्त मंत्री ने अनुपालन को आसान बनाने, सेवाओं का विस्तार करने, मजबूत विनियामक वातावरण बनाने, अंतरराष्ट्रीय और घरेलू निवेश को बढ़ावा देने और पुराने कानूनी प्रावधानों को अपराधमुक्त करने के लिए भारत में वित्तीय परिदृश्य में बदलाव का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री ने बीमा के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव किया जो उन कंपनियों के लिए उपलब्ध होगा जो भारत में पूरा प्रीमियम निवेश करती हैं। उन्होंने उत्पादकता और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सिद्धांतों और विश्वास पर आधारित एक विनियामक ढांचे का प्रस्ताव रखा। उन्होंने 21वीं सदी के लिए इस आधुनिक, लचीले, लोगों के अनुकूल और विश्वास-आधारित विनियामक ढांचे को विकसित करने के लिए चार विशिष्ट उपायों का प्रस्ताव किया। विनियामक सुधारों के लिए उच्च स्तरीय समिति ,सभी गैर-वित्तीय क्षेत्र के विनियमनों, प्रमाणन, लाइसेंस और अनुमतियों की समीक्षा करना। विश्वास आधारित आर्थिक शासन को मजबूत करना और ‘कारोबार में आसानी’ को बढ़ाने के लिए परिवर्तनकारी उपाय करना, खास तौर पर निरीक्षण और अनुपालन के मामलों में एक साल के भीतर सिफारिशें करने के लिए राज्यों को शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। राज्यों का निवेश मित्रता सूचकांक प्रतिस्पर्धी सहकारी संघवाद की भावना को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में राज्यों का निवेश मित्रता सूचकांक जारी किया जाएगा। वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद के तहत तंत्र मौजूदा वित्तीय विनियमों और सहायक निर्देशों के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए तंत्र बनाया जायेगा। वित्तीय क्षेत्र की उनकी जवाबदेही और विकास को बढ़ाने के लिए एक रूपरेखा तैयार की जाएगी। जन विश्वास विधेयक 2.0 विभिन्न कानूनों में 100 से अधिक प्रावधानों को अपराधमुक्त करेगा।

बिहार के लिए बजट में कई घोषणायें करते हुये श्रीमती सीतारमण ने मखाना बोर्ड का गठन करने और ग्रीन फील्ड हवाई अडडे सहित कई परियोजनाओं की घोषणा की। उन्होंने मिथिलांचल में वेस्टर्न कोशी कैनाल परियोजना का प्रस्ताव पेश किया है। इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार आर्थिक मदद करेगी। इस परियोजना से इस क्षेत्र के किसानों को फायदा होगा और 50 हजार हेक्टेयर जमीन को सिंचाई के लिए जल प्राप्त होगा। साथ ही इससे बाढ़ की त्रासदी को घटाने में भी मदद मिलेगी। श्रीमती सीतारमण ने कहा कि कोशिश की जाएगी कि सभी सरकारी योजना का फायदा इन किसानों को मिले। उन्होंने कहा कि मखाना (फॉक्स नट) के उत्पादन, प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और विपणन में सुधार के लिए बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की जाएगी। मखाना किसानों को सहायता, प्रशिक्षण और यह सुनिश्चित करने के लिए भी काम किया जाएगा कि उन्हें सभी प्रासंगिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। केंद्रीय बजट में बिहार में राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान बनाने का प्रस्ताव है। साथ ही फुटवियर-चमड़ा उद्योग को बढ़ावा देने का प्रस्ताव भी बजट में है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी और उद्यमिता एवं प्रबंधन संस्थान बिहार के कृषि उत्पादों को अलग तरह का बाजार उपलब्ध कराने में मदद करेगा। इससे पूर्वी क्षेत्र में खाद्य प्रसंस्करण क्षमताएं मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### आम बजट से ...

रोजगार के महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। इसके अलावा, देश में पर्यटन विकास की विशाल क्षमता है। श्री मोदी ने कहा कि देश के अनुसूचित जाति, जनजाति, और महिला... जो नए उद्यमी बनना चाहते हैं, उनके लिए बिना गारंटी के दो करोड़ रुपये तक के लोन की योजना भी लाई गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बजट में 12 लाख रुपये प्रति वर्ष तक की आय को कर मुक्त कर दिया गया है। सभी आय समूहों के लिए, करों को कम किया गया है। इससे हमारे मध्यम वर्ग को बहुत लाभ होगा। इसी तरह, यह उन लोगों के लिए एक अवसर होगा जो हाल ही में कार्यबल में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि नए युग की अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए, गिग श्रमिकों के लिए एक बड़ी घोषणा की गई है। पहली बार ई-श्रम पोर्टल पर गिग वर्कर्स का पंजीकरण किया जाएगा। उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं और अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिलेगा। यह श्रम की गरिमा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### विकसित भारत के...

अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को 2 करोड़ रुपये तक का टर्म लोन देने के लिए नई योजना का प्रस्ताव इसकी द्योतक है।

सीएम योगी ने कहा कि जिज्ञासा, नवाचार और युवा मस्तिष्कों में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के लिए आगामी पांच वर्षों में सरकारी स्कूलों में 50,000 अटल टिंकरिंग लैब की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों के सभी सेकेंडरी स्कूलों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराया जाना बड़े बदलावों के वाहक होगा। आगामी तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र स्थापित करने की घोषणा का बड़ा लाभ उत्तर प्रदेश को मिलने जा रहा है। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ऑफ स्किलिंग तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इन इक्रफ़ॉर एजुकेशन की स्थापना से युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि अन्नदाता किसानों के लिए प्रधानमंत्री धन-धान्य योजना की घोषणा का स्वागत है। इस योजना से देश के करीब 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलेगी। निश्चित रूप से उत्तर प्रदेश इस योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी बनेगा। किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऋण सीमा 03 लाख रुपए से बढ़कर 05 लाख रुपए किया जाना अभिनन्दनीय है। सीएम योगी ने देश को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने के संकल्प पथ पर तेज गति से ले जाने वाले इस बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया।

### रक्षा मंत्रालय को...

वित्त वर्ष 25-26 के लिए रक्षा मंत्रालय के लिए 6.81 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। रक्षा बलों पर 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय हमारे रक्षा बलों के आधुनिकीकरण औरविकसित भारत के विजन को साकार करने में एक बड़ी छलांग लगाएगा।

### महाकुंभ में ...

क्षेत्र में जाने की इजाजत होगी। स्कूलों में बसंत पंचमी के दिन अवकाश रहेगा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिये एसडीआरएफ और एनडीआरएफ के जवान तैयार रहेंगे। चिकित्सा सुविधायें भी मेला क्षेत्र चाक चौबंद रहेंगी। श्रद्धालुओं को उनके निकटतम घाट पर स्नान के बाद सुरक्षित उनके गंतव्य पर वापस किया जायेगा। पब्लिक एड्रेस सिस्टम के जरिये श्रद्धालुओं से घाटों पर भीड़ न लगाने की अपील की जायेगी। साथ ही ड्रोन के जरिये भीड़ को नियंत्रित किया जायेगा।

# महाकुम्भ में संतों को 'संघ' के कार्यों का बोध करा रहा आरएसएस

## महाकुम्भ में साधु-संतों, शंकराचार्य, महामंडलेश्वरों से संघ कर रहा सम्पर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भ नगर। विश्व के सबसे बड़े सनातनी मेले में समाई दुनिया को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) न केवल 'संघ' का बोध करा रहा है, बल्कि मानवता की राह दिखाने के साथ 'वसुधैव कुटुंबकम' की भाव से एकता के सूत्र में पिरोने का भी काम कर रहा है। संघ ने वैचारिक संगठनों को छह श्रेणी समूहों में रचना की है- सामाजिक एवं सांस्कृतिक, सेवा, शिक्षा, सुरक्षा, आर्थिक और वैचारिकी। इससे जुड़े सभी संगठनों के पदाधिकारी क्रमशः महाकुम्भ में आकर जहां संतों का आशीर्वाद ले रहे हैं, वहीं संघ के उद्धेश्यों एवं कार्यो से संतों को परिचित भी करा रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इस महाकुंभ के दौरान साधु-संतों, शंकराचार्य, महामंडलेश्वर और श्रद्धालुओं से संपर्क अभियान चला रहा है। संघ का मानना है कि महाकुम्भ सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने और राष्ट्र को संगठित करने का एक माध्यम भी है। देश के विभिन्न प्रांतों से आए संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी और स्वयंसेवक आचार्य, शंकराचार्य, महामंडलेश्वर और साधु-संतों को संघ की विचारधारा और कार्यों से अवगत करा रहे हैं। साथ ही 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की परिचय दृष्टि' पुस्तक भेंट कर रहे हैं। सच तो यह है कि संघ को किताबों से नहीं समझा जा सकता। फिर भी जिज्ञासुओं को संघ के बारे में कुछ प्राथमिक जानकारी देने में यह पुस्तक सहायक होगी। यह 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ' क्या है ? संघ की आवश्यकता अर्थात 'राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ क्यों' को समझाने का प्रयास है। यह पुस्तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर ने लिखी है। महाकुम्भ में संघ परिवार ''सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय'' की थीम पर कार्य कर रहा है, जिससे समाज के विभिन्न वर्गों के बीच एकता और समरसता को बढ़ावा दिया जा सके। संघ की रोचक दुनिया को एकता के सूत्र में पिरोने, संगठनात्मक बोध कराने और प्रगाढ़ता को लेकर विस्तृत प्रयास किए जा रहे हैं।

# योगी आदित्यनाथ का त्याग भारत को विश्वगुरू बनायेगा: ग्लेशियर बाबा

## विश्व के ध्यान आकर्षण का केन्द्र बना प्रयागराज महाकुम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



महाकुम्भनगर। प्रयागराज महाकुम्भ आज विश्व के ध्यान आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। महाकुंभ को भव्य स्वरूप देने वाले योगी आदित्यनाथ एक दिव्य विभूति हैं। उनको साक्षात भगवान भोलेनाथ ने एक विशेष कार्य के लिए इस धरा पर उतारा है। योगी आदित्यनाथ का त्याग भारत को विश्वगुरू बनायेगा। यह बातें योगी चैतन्य ग्लेशियर बाबा ने कही।

ग्लेशियर बाबा ने कहा कि योगी के त्याग से साधुओं को सीखना चाहिए। हलांकि वह जिस परम्परा से हैं वहां हठ योग व त्याग की पराकाष्ठा रही है। गुरू मस्त्येन्द्रनाथ की परम्परा को लेकर बढ़ने वाली नाथ परम्परा के योगी पहले स्वयं पर आधिपत्य व नियंत्रण करते है जिसका नाम है संयम जब तक स्वयं पर संयम नहीं होगा समरसता व सदभावना निर्माण नहीं होगी। ग्लेशियर बाबा ने कहा कि जब हम सर्वे भवन्तु सुखिनः,सर्वे सन्तु निरामयःकहते हैं तो क्या हम आपस में उस सदभाव व समरसता से युक्त हैं। आत्म सम्मान आत्म श्लागा। हमारे कार्य व हमारी जाति बड़ी है इससे ऊपर उठने की जरूरत है। स्वयं में भेदभाव पहले हम समाप्त करें। स्वयं में समभाव व सदभावना हो। ग्लेशियर बाबा ने कह कि छुआछूत के नाम पर बहुत बड़े समुदाय को दूषित ठहराया गया। दूषित वह है जो दूषित भावनाओं से दूषित आचार विचार से युक्त है। देह तो सबका चमड़े का है। जीवन जीने का तरीका कितना शुद्ध और अशुद्ध है। आपका आचार विचार व्यवहार व जीवनशैली जब हम यह भूल गये तब समरसता टूट गयी। भेदभाव चालू हुआ। आचार्यों द्वारा गुरू परम्पराओं के द्वारा और संतों के द्वारा भेदभाव को दूर करने का प्रयास होना चाहिए। अभी भी बहुत बड़ा वर्ग इससे पीड़ित हो रहा है। अपने को उपेक्षित महसूस कर रहा है। सभी सम्प्रदाय के भाइयों को मिलाएं उनमें भेदभाव न करें। उनको एक करें चाहे जिस गुरू जिस परम्परा का हो सब गुरूओं की धारा परमसत्ता गुरूओं में न बंटें। ग्रन्थों में न बंटें। मूर्तियों में न बंटे। भगवानों में न बंटें। बनना है तो पहले मानव बनें और प्रकृति का रक्षण पोषण करें।

# दिल्ली/बिहार/पंजाब

## संक्षिप्त समाचार

### ऐतिहासिक और समावेशी बजट, विकसित भारत की दिशा में चल पड़ा है देशः खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** चांदनी चौक से सांसद और कन्?फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा संसद में प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समावेशी विकास के विजन को सार्थक करता है। उन्?होंने कहा कि अब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते पर चल पड़ा है। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि केंद्रीय बजट में 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई टैक्स नहीं और इनकम टैक्?स स्?लैब में 25 लाख रुपये की आय वाले व्यक्ति को टैक्स में एक लाख रुपये तक का लाभ की घोषणा बहुत बड़ी राहत है, जिसका देशभर के व्यापारियों ने दिल से स्वागत किया है। खंडेलवाल ने केंद्रीय बजट को सशक्त आर्थिक दस्तावेज बताते हुए कहा कि बजट से देश में व्यापार एयर लघु उद्योग को बढ़ावा देने की अनेक घोषणाओं से व्यापार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। कैट महामंत्री ने कहा कि बजट घोषाणा से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत व्यापार करने की प्रक्रिया भी अधिक सुगम होगी। यह बजट देश के समग्र विकास को गति देने वाला, व्यापारियों, उद्यमियों, मध्यम वर्ग और युवाओं के लिए प्रोत्साहन देने वाला है। खंडेलवाल ने कहा कि ये बजट आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक मजबूत कदम है और देश के आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला साबित होगा। उन्?होंने कहा कि व्यापार और उद्योग के लिए यह बेहद प्रगतिशील बजट है। खंडेलवाल ने कहा कि बजट में व्यापार जगत को सहूलियत देने के लिए कराधान (टैक्स) में संतुलन बनाए रखा गया है। डिजिटल और एमएसएमई सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। साथ ही ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और सरल बनाया गया है, जिससे व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। रोजगार सृजन के लिए नई योजनाओं की घोषणा की गई है। बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) पर निवेश से अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। इसके अलावा स्टार्टअप और उद्यमियों के लिए प्रोत्साहन योजनाएँ जो भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा देंगी।

### विद्यार्थियों के अंदर वैज्ञानिक चेतना को बढ़ावा देने हेतु विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन

**समस्तीपुर।** विद्यार्थियों के अंदर वैज्ञानिक चेतना को बढ़ावा देने के लिए 1 फरवरी शनिवार को ताजपुर नगर परिषद स्थित एएलसी सेंट्रल स्कूल ताजपुर के प्रांगण में विज्ञान और कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कौशल का प्रदर्शन किया। कुछ प्रोजेक्ट ने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। पैरेलल टेलिस्कोप, राडार सिस्टम, पावर जनरेटर , स्मार्ट स्टिक, साइबर सिक्योरिटी, महाकुंभ, प्रोग्रेस ऑफ बिहार जैसे प्रोजेक्ट और मॉडल में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक अभिरुचि उभर कर सामने आई। विद्यालय क्षेत्र के अंदर कौशल और कला को सार्थक स्वरूप देने के लिए तत्पर है। विद्यालय इस तरह के आयोजन लगातार करने का प्रयास करती रहेगी, ताकि बच्चो के प्रतिभा को निखार एवं अवसर मिलता रहे।इस मौके पे निदेशक कुमार अभिनव , प्रधानाध्यापक पुष्कर उपाध्याय, चेयरमैन अमन कुमार , अफ़ज़ल हुसैन, निखिल कुमार ,अजित कुमार,शिव कुमार , रोहित कुमार, शिव पूजन कुमार, दिव्या,निगम , चांदनी एवं मोनिका के अलावा सभी शिक्षक गण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### कनाडा में मक्खन और घी चुराने के आरोप में पंजाब के छह युवक गिरफ्तार

**ओटवा।** कनाडा की पील रीजनल पुलिस ने मक्खन और घी चुराने के आरोप में भारत के पंजाब के छह युवकों को गिरफ्तार किया है। ओटवा राज्य के कई हिस्सों में पिछले कुछ समय से घी व मक्खन चोरी की घटनाओं में दुकानदारों को साठ हजार डॉलर से अधिक का नुकसान हो चुका है। पुलिस ने कहा है कि पकड़े गए सभी युवक भारत के पंजाब के रहने वाले हैं। इनके नाम सुखमंदर सिंह, दलवाल सिंह सिद्धू, नवदीप चौधरी, कमलदीप सिंह, विश्वजीत सिंह और हरकीरत सिंह हैं। आरोपित इससे पहले ब्रैंपटन सिटी में भी ऐसी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। ब्रैंपटन पुलिस को भी इनकी तलाश थी।

### साहसिक बजट, उपभोग आधारित विकास को बढ़ावा देने पर जोर : उद्योग

**नयी दिल्ली।** उद्योग जगत ने संसद में पेश आम बजट को साहसिक बताया और कहा कि इसमें उपभोग आधारित विकास को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है, जिससे यह मध्यम वर्गीय परिवारों की खपत बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को गति देने वाला साबित होगा। वाणिज्य एवं उद्योग संगठन फिक्की के अध्यक्ष हर्षवर्धन अग्रवाल ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के शनिवार को संसद में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए पेश बजट पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, कर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी, जिससे उपभोग को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म उपक्रम (एमएसएमई), पर्यटन और चमड़ा जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों के लिए की गई पहलों से रोजगार के अवसरों में भी बढ़ोतरी होगी, जिससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। एसोचैम के अध्यक्ष संजय नायर ने केंद्रीय बजट को एक 'साहसिक' कदम बताते हुए कहा कि यह बजट मध्यम वर्गीय परिवारों की खपत बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को गति देने वाला साबित होगा। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यक्तिगत करदाताओं को महत्वपूर्ण राहत प्रदान की है, जिससे लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और उपभोग को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही सरकार ने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 4.4 प्रतिशत पर बनाए रखा है, जो एक संतुलित आर्थिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। श्री नायर ने कहा कि मध्यम वर्गीय उपभोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता दिखाई है, जो दीर्घकालिक आर्थिक विकास का एक प्रमुख स्तंभ बनेगा। बजट में एमएसएमई, स्टार्टअप और निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है। बढ़ती उपभोग मांग से निवेश को गति मिलेगी, जिससे रोजगार और उत्पादन में वृद्धि होगी। इसके अलावा, बजट में पर्यटन, कपड़ा, हस्तशिल्प, जूते और खिलौनों जैसे रोजगार-प्रधान क्षेत्रों को तत्काल प्रोत्साहन देने की बात कही गई है। यह पहल इन क्षेत्रों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने और अधिक रोजगार सृजन में मददगार होगी। बजट में कृषि, ग्रामीण मांग, खाद्य प्रसंस्करण, भंडारण और समुद्री उत्पादों को प्राथमिकता दी गई है।

# 'अपना पूर्वांचल' संस्था के संचालक आकाश शर्मा और राजेंद्र नगर वार्ड से भाजपा की महिला ब्लॉक अध्यक्ष आआपा में हुई शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी (आआपा) में शनिवार को 'अपना पूर्वांचल' संस्था के संचालक आकाश शर्मा और राजेंद्र नगर वार्ड से भाजपा की महिला ब्लॉक अध्यक्ष डिंपल शर्मा अपनी पूरी टीम के साथ शामिल हुए। आआपा के वरिष्ठ नेता व विधायक दुर्गेश पाठक ने पटका व टोपी पहनाकर सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान दुर्गेश पाठक ने कहा कि आकाश शर्मा दिल्ली एनसीआर में पूर्वांचल समाज के लिए संघर्ष करते हैं और उन्हें न्याय दिलाने का काम करते हैं। इनके जुड़ने से आआपा को और मजबूती मिलेगी। दुर्गेश पाठक ने कहा कि वह दोनों का आआपा में स्वागत करता हूं। इस मौके पर आकाश शर्मा ने कहा कि सदियों से पूर्वांचल समाज का शोषण होता आ रहा है। लेकिन जब उन्होंने देखा कि ऐसी कौन सी सरकार है जो पूर्वांचल समाज के लिए, उनके बच्चों के भविष्य के लिए काम कर रही है? तो पूरा हिसाब करने के बाद उन्हें पता चला कि आआपा सबसे अच्छी है। इसके कई कारण हैं। आआपा ने कई जन सुविधाएं दी हैं। फ्री बिजली, पानी, शिक्षा, इलाज और महिलाओं के लिए फ्री बस यात्रा करने का काम किया है। साथ ही, अब महिलाओं के लिए 2100 रुपये की सम्मान राशि की भी घोषणा की है। डिंपल शर्मा ने कहा कि भाजपा ने राजेंद्र नगर से उमंग बजाज को उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने बजाज पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह एक बहुत आलसी व्यक्ति है। वह खुद ही दिन के 2 बजे उठते हैं तो वह दूसरों की समस्याओं के कैसे समझेंगे। भाजपा में महिलाओं का सम्मान नहीं होता है।

## केन्द्रीय बजट मिथिलांचल के आमजन संपोषकः हितेन्द्र ठाकुर

मधुबनी। जिला भाजपा के नेतागण ने केन्द्रीय बजट की चहुंओर उत्साहपूर्ण स्वागत किया। प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर उर्फ नुनु ठाकुर ने शनिवार को लोक सभा मे पेश केन्द्रीय बजट को आमजन संपोषक बताया। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री द्वारा पेश किया गया बजट ऐतिहासिक है। बजट मे आयकर की छूट सीमा को बारह लाख करना और बिहार में मखाना बोर्ड का गठन तथा कोशी नहर परियोजना को आगे बढाने की मंजूरी सहित पटना आईआईटी व पटना तथा बिहटा हवाई अड्डा का विस्तार बिहार के विकास में मिल का पत्थर साबित होगा। उपाध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने देश के आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित वि त्त मंत्री और बिहार के विकाश के लिये पहल करने के लिए बिहार सरकार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी को बधाई दिया है।

## राजस्व संग्रहण करने गए विद्युत कर्मचारी के साथ मारपीट

समस्तीपुर। जिले में कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत गोपालपुर गांव में शुक्रवार को राजस्व संग्रहण राशि दौरान मीटर रीडर एवं अन्य विभागीय कर्मचारी के साथ मारपीट करने एवं जान मारने की धमकी देने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले को लेकर विद्युत कनीय अभियंता कुणाल कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। इसमें उन्होंने कहा है कि शुक्रवार की दोपहर विद्युत आपूर्ति विभाग के मीटर रीडर मोनु कुमार एवं अन्य विभागीय कर्मचारी गोपालपुर के राम प्रताप महतो के पुत्र बैद्यनाथ महतो के यहां विद्युत बकाया राशि वसूली करने पहुंचे तो बैद्यनाथ महतो के पुत्र ललित महतो एवं अन्य लोगों ने मीटर रीडर मोनु कुमार के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया तथा जान से मार देने की धमकी देने की बात कही। साथ ही मीटर रीडर द्वारा वसूली किए गए 22 हजार रुपये छीनने का भी मामला आया है। थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा ने आवेदन की जांच उपरांत आगे की करवाई करने की बात कहीं। घायल मीटर रीडर मोनू कुमार का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में चल रहा है।

# बजट समग्र कल्याण और विकसित भारत निर्माण करने वाला : प्रवीण कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अररिय। वित्तमंत्री द्वारा संसद में पेश आम बजट विकसित भारत के आधार स्तम्भ ,गरीब,किसान,युवाओं महिलाओं के समग्र कल्याण और विकसित भारत निर्माण के संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। उक्त बातें भाजयुमो के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा विधानसभा प्रभारी प्रवीण कुमार ने कही।

उन्होंने बजट को गरीबों व किसानों को बल, युवाओं व महिलाओं को बेहतर कल प्रदान करने वाला बताया। कृषि, पर्यावरण, पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, लघु उद्योग से लेकर आधरभूत सरंचना के साथ बिहार के बेहतर विकास पर विशेष बल देने की बात करते हुए कहा की मोदी सरकार ने मध्यम वर्ग को सालाना 12 लाख की आय को आयकर मुक्त कर नाल सिर्फ बड़ा तोहफा दिया है, बल्कि देश के किसानों की आय बढ़ाने व ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु सौ जिलों के लिए कृषि क्षेत्र को विशेष सहायता, कपास बोर्ड सहित बिहार में मखाना बोर्ड, राष्ट्रीय खाद्य प्रसंस्करण प्रोधोगिकी उधमिता संस्थान की स्थापना, आईआईटी पटना एवं एयरपोर्ट के क्षमता को बढ़ाने, जल जीवन मिशन को 2028 तक बढ़ाने वेस्टर्न कोसी कनाल योजना को वित्तीय मदद किसान क्रेडिट कार्ड की लिमिट 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख किये जाने हर जिले में कैंसर केयर अस्पताल बनाने तथा कैंसर सहित कई गम्भीर रोगों में उपयोग आने वाले 36दवाओं और मेडिकल उपकरण सस्ते करने का सौगात दिया है। अगले पांच वर्ष में मेडिकल कॉलेज में 75 हज़ार सीट एवं आईआईटी की संख्या और 6500 सीटों को बढ़ाने, महिला उद्यमी के लिए 2 करोड़ का ऋण सहित अनुसूचित जाति जनजाति वर्ग के 5 लाख महिलाओं को उधमी बनाने,नई उड़ान योजना से सौ शहरों को जोड़कर क्षेत्रीय परिवहन को मजबूत करने,दो सौ जिलों में प्राइमरी स्कूलों, स्वास्थ केंद्रों को ब्रांडबैंड से जोड़ने,युवा स्टार्टअप के लिए10 हज़ार करोड़ फंड,शहरी विकास के लिए 1लाख करोड़ का प्रावधान जैसे अनेकों जनकल्याणकारी कदम उठाये जाने की घोषणा की है।श्री कुमार ने विकसित भारत के आशा और आकांक्षा को पूरा करने वाला इस बजट के लिए प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को बधाई प्रेषित किया।


# मखाना बोर्ड की स्थापना से बिहार में किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे : संजय झा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को केन्द्रीय बजट 2025-26 पेश किया। इस बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की घोषणा वित्त मंत्री ने की है। इससे बिहार में किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर खुलेंगे।

संजय झा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जिस तरह से अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ है, वह सबके सामने है। देश 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। गरीबों के कल्याण के लिए बहुत काम किया जा रहा है और आगे भी इस पर काम होगा। झा ने कहा कि पश्चिमी कोसी नहर ईआरएम परियोजना के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा से मिथिला क्षेत्र की 50,000 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि को लाभ होगा, जिससे सुधार सुनिश्चित होगा। केंद्रीय बजट 2025-26 राष्ट्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और प्रबंधन संस्थान की स्थापना के साथ बिहार के लिए एक बड़ा प्रोत्साहन लेकर आया है। यह पहल मूल्य संवर्धन और सृजन के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज बजट पेश करने के लिए मधुबनी पेंटिंग वाली साड़ी पहनी है उसके लिए मैं पूरे मिथिला और बिहार की ओर से उनका आभार व्यक्त करता हूं। मैं भी उस समय वित्त मंत्री के साथ था, जब मधुबनी में पद्म श्री पुरस्कार विजेता दुलारी ने उन्हें (निर्मला सीतारमण) साड़ी गिफ्ट की थी। तब वहां पर मौजूद लोगों ने वित्त मंत्री से आग्रह किया था कि वे बजट पेश करने के दौरान इस साड़ी को पहने। संजय झा ने कहा कि दुलारी देवी पिछड़ा समाज से आती हैं। वित्त मंत्री मधुबनी के सौराठ गांव में गई थीं। सौराठ गांव में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मधुबनी पेंटिंग इंस्टिट्यूट बनाया है। उसी इंस्टिट्यूट केंद्रीय वित्त मंत्री गई थीं, वहीं उनको वो साड़ी गिफ्ट की गई थी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063